EDU TERIA

# करेंट

## कॉन्सेप्ट

नवंबर 2025

# विषय सूची


## राष्ट्रीय घटनाक्रम....................................................1-11

- राष्ट्रीय एकता दिवस: सरदार पटेल की 150वीं जयंती
- कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 का आयोजन
- नई दिल्ली में राष्ट्रीय डिजीलॉकर सम्मेलन का आयोजन
- राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम्
- वाटरशेड महोत्सव 2025
- जल संचय जन भागीदारी (JSJB) 1.0
- भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2025
- जी आई टैग
- राष्ट्रीय जनजातीय फिल्म महोत्सव और कार्निवल
- कोयला शक्ति डैशबोर्ड
- नागालैंड में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ सम्मेलन का आयोजन
- केरल स्वास्थ्य प्रणाली सुधार कार्यक्रम के लिए विश्व बैंक द्वारा 280 मिलियन डॉलर के ऋण को मंजूरी
- लखनऊ 'सिटी ऑफ गैस्ट्रोनॉमी' घोषित
- पूर्णतः डिजिटल मरीन फिशरीज जनगणना (MFC) 2025
- मेघालय में इंटीग्रेटेड सोहरा पर्यटन सर्किट का शिलान्यास
- सीआईआई स्टील समिट 2025
- मदुरै, भारत का सबसे अस्वच्छ (गंदा) शहर
- शहीद वीर नारायण सिंह स्मारक एवं जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय
- पंजाब, संशोधित भारत नेट योजना को राज्यव्यापी लागू करने वाला पहला राज्य
- गुवाहाटी गेटवे टर्मिनल
- जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा (1-15 नवम्बर 2025)
- **राष्ट्रीय घटनाक्रम (To The Point)**

## बिहार स्पेशल घटनाक्रम........................................12-13

- कटिहार की शिल्पी सिंह को सुपर वुमनिया राष्ट्रीय पुरस्कार 2025
- बिहार में 25 चीनी मिलें खोलने की घोषणा
- बिहार में औद्योगीकरण और रोजगार सृजन को गति देने के लिए उच्च स्तरीय समिति का गठन
- बिहार में 11 सैटेलाइट शहर विकसित करने की योजना
- बिहार को कृषि क्षेत्र का दो प्रतिष्ठित अवार्ड
- गोगाबील झील (Gogabeel Lake)

## बिहार विधानसभा चुनाव 2025..................................14

- बिहार विधानसभा की जानकारी
- मतदान विशेष
- राजनीतिक दल/ गठबंधन
- चुनाव परिणाम विशेष

## बिहार का नया मंत्रिमंडल (2025).........................15-16

- बिहार विधानसभा की जानकारी
- नीतीश कुमार 10 वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री बने
- बिहार सरकार मंत्रिमंडल

## अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रम..........................................17-27

- अमेरिका द्वारा ईरान के चाबहार बंदरगाह पर भारत के परिचालन को छः महीने की छूट दी गई
- चक्रवात 'मोन्था'
- दार-एस-सलाम
- भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते (FTA) का चौथा चरण संपन्न
- पपुआ न्यू गिनी को फोर्टिफाइड चावल कर्नेल का पहला सफल निर्यात
- बांग्लादेश औपचारिक रूप से संयुक्त राष्ट्र जल सम्मेलन में शामिल होने वाला पहला दक्षिण एशियाई देश
- तुफान कालमेगी
- तोरखम सीमा
- दक्षिण कोरिया के ग्योंगजू में APEC शिखर सम्मेलन
- आसियान का 47वां शिखर सम्मेलन 2025
- बीजिंग में भारतीय दूतावास में रविंद्रनाथ टैगोर की कांस्य प्रतिमा का अनावरण
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दो दिवसीय भूटान दौरा
- सांस्कृतिक सहयोग पर भारत और सउदी अरब ने एक एमओयू हस्ताक्षरित किए
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा अंगोला के स्वतंत्रता के 50वीं वर्षगांठ के समारोह में भागीदारी
- ग्लोबल इन्वेस्टमेंट रिस्क एंड रेसीलेंस इंडेक्स 2025
- कनाडा के नियाग्रा में G -7 के विदेश मंत्रियों की बैठक
- जलवायु जोखिम सूचकांक (CRI) 2025
- वॉक टू मार्स"
- 2026 "आसियान-भारत समुद्री सहयोग वर्ष" घोषित
- इंटरनेशनल सैलिनिटी कॉन्फ्रेंस 3.0 (WE-CARE 2025)
- आसियान के सदस्य देशों और आठ संवाद साझेदार देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक
- खाबारोवस्क
- भारत और इज़राइल के मध्य रक्षा सहयोग पर 17वीं संयुक्त कार्य समूह (JWG) बैठक
- वैश्विक शांति प्रार्थना महोत्सव (Global Peace Prayer Festival 2025)
- क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026


NOT FOR SALE

- मिनटमैन-3 इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल (ICBM) का सफल परीक्षण
- डब्ल्यूजेपी रूल ऑफ लॉ इंडेक्स 2025
- CBSE ने दुबई में पहली अंतरराष्ट्रीय सहोदया सम्मेलन आयोजित की
- ब्राहम समझौते में शामिल होने वाले C-5 मध्य एशियाई देशों में कजाकिस्तान भी शामिल
- बिम्सटेक-भारत समुद्री अनुसंधान नेटवर्क (BIMReN) का पहला द्विवार्षिक सम्मेलन
- सिंगापुर द्वारा विश्व का पहला सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल (SAF) लेवी लागू करने की घोषणा
- 10वां वैश्विक आर्थिक शिखर सम्मेलन (GES 2025)
- ऑपरेशन सदर्न स्पीयर (Operation Southern Spear)
- भारत, वैश्विक बिग कैट शिखर सम्मेलन (Global Big Cats Summit) का आयोजन करेगा
- **अंतर्राष्ट्रीय संबंधी घटनाक्रम (To The Point)**

**आर्थिक वाणिज्यिक परिदृश्य ................................28-31**

- उत्तर प्रदेश सुगम्य व्यापार (प्रावधानों का संशोधन) अध्यादेश-2025 को मंजूरी
- दुनिया के शीर्ष सहकारी संस्थाओं में अमूल और इफको क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर
- सहकारी कुंभ 2025 या 'को-ऑप कुंभ 2025'
- भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2025
- बीज विधेयक 2025
- 30वां भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) साझेदारी शिखर सम्मेलन
- दक्षिण भारत प्राकृतिक कृषि शिखर सम्मेलन 2025
- छठी इंटरनेशनल एग्रोनामी कांग्रेस (IAC-2025)
- NABARD और IAMAI द्वारा आयोजित पहली अर्थ समिट 2025-26
- 16वें वित्त आयोग ने राष्ट्रपति को रिपोर्ट सौंपी
- 10वें वैश्विक आर्थिक शिखर सम्मेलन (GES 2025) और 6वें विश्व व्यापार प्रदर्शनी (WTE)
- **आर्थिक वाणिज्यिक परिदृश्य (To The Point)**

**विज्ञान और प्रौद्योगिकी .......................................32-36**

- केंद्र सरकार सभी विद्यालयों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर पाठ्यक्रम शुरू करेगी
- अंतरिक्ष में AI डेटा केंद्रों के परीक्षण के लिए गुगल का "प्रोजेक्ट सनकैचर"
- NexCAR19-भारत की पहली स्वदेशी CAR T-सेल थेरेपी का शुभारंभ
- C-DOT और आई आई टी गांधीनगर ने दूरसंचार नवाचार को बढ़ावा देने के लिए साझेदारी की
- हरित हाइड्रोजन विषय पर तीसरा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (ICGH 2025)
- डिजिटल लेबर चौक मोबाइल ऐप
- मंगलयान 2 मिशन
- वैनेडियम रेडॉक्स फ्लो बैटरी (VRFB) प्रणाली का उद्घाटन
- यूनेस्को ने अपनाया न्यूरोटेक्नोलॉजी के लिए दुनिया का पहला वैश्विक नैतिक ढांचा
- CMS-03 संचार उपग्रह
- ट्रैकोमा
- उभरते विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी नवाचार सम्मेलन
- चीन द्वारा पहली बार थोरियम यूरेनियम ईंधन रूपांतरण में सफलता
- राकू घाटी और विशाखापट्टनम में भारत की सबसे बड़ी भू-तापीय ऊर्जा प्रौद्योगिकी पायलट परियोजना
- भारत का पहला स्वदेशी क्वांटम डायमंड माइक्रोस्कोप (QDM) लॉन्च
- ISRO को मिला पहला मानव रेटेड L 110 विकास इंजन
- **विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी (To The Point)**

**पर्यावरण एवं परिस्थितिकी.................................37-38**

- प्रोजेक्ट चीता के तहत बोत्सवाना से आठ नए चीतों का भारत आगमन
- कंचनजंगा राष्ट्रीय उद्यान
- ब्लू फ्लैग प्रमाणन
- सारंडा जंगल
- नौरादेही वन्यजीव अभयारण्य
- असम में चेकर्ड कीलबैक साँप में ऐल्बिनिज़्म का पहला मामला ज्ञात
- **पर्यावरण और पारिस्थितिकी (To The Point)**

**पुरस्कार एवं सम्मान .........................................39-45**

- वर्ल्ड लीडर फॉर पीस एंड सिक्योरिटी अवार्ड-2025'
- आर.के. लक्ष्मण उत्कृष्टता पुरस्कार
- भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका राष्ट्रीय पुरस्कार
- हिमाचल प्रदेश को "पीपुल्स फर्स्ट इंटीग्रेशन अवार्ड"
- दादा साहब फाल्के अंतरराष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार 2025
- शहरी परिवहन उत्कृष्टता का जश्न : UMI 2025 पुरस्कार
- ग्रैमी अवॉर्ड्स 2026 के लिए भारत की प्रसिद्ध सितारवादक अनुष्का शंकर नामांकित
- 2025 के गोल्डन पीकॉक अवार्ड्स
- महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 की विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋचा घोष को बंग भूषण पुरस्कार और DSP पद
- डॉ. साई गौतम गोपालकृष्णन को मनोहर पर्रिकर युवा वैज्ञानिक पुरस्कार 2025
- डेविड स्ज़ाले के उपन्यास 'फ्लेश' (Flesh) को 2025 का बुकर पुरस्कार
- भारतीय मूल के इतिहासकार सुनील अमृत को ब्रिटिश अकादमी पुस्तक पुरस्कार 2025
- अर्बन मोबिलिटी इंडिया 2025 पुरस्कार
- सलमान रुश्दी को डेटन पीस प्राइज-लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड 2025
- एसबीआई को "विश्व का सर्वश्रेष्ठ उपभोक्ता बैंक" का पुरस्कार


NOT FOR SALE

- 'चिल्ड्रन बुकर पुरस्कार'
- सखारोव पुरस्कार 2025
- राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार 2025
- बाल साहित्य पुरस्कार 2025
- 56वां अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (IFFI 2025)
- राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार 2025
- मिस यूनिवर्स 2025
- **पुरस्कार और सम्मान (To The Point)**

**खेल ..........46-48**

- बीडब्ल्यूएफ एयर बैडमिंटन विश्व कप का आयोजन UAE के शारजाह में
- भारतीय हॉकी का गौरवशाली 100 वर्ष
- राहुल वी. एस. देश के 91वें ग्रैंड मास्टर
- आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप 2025, निशानेबाज रविंदर सिंह को स्वर्ण पदक
- दक्षिण एशियाई सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025
- अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2025 में भारत का प्रदर्शन
- एशियन यूथ गेम्स 2025 में भारत 48 पदक के साथ छठे स्थान पर रहा
- रोहन बोपन्ना का टेनिस से संन्यास
- आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025
- **खेल (To The Point)**

**विविध ..........49-51**

- जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा (1-15 नवम्बर 2025)
- डीएनए की डबल हेलिक्स संरचना के खोजकर्ता जेम्स डी. वॉटसन का निधन
- शिव नादर, सबसे उदार दानदाता
- राष्ट्रीय शिक्षा दिवस : 11 नवंबर
- कल्याण सिंह नगर
- कित्तूर में रानी चेन्नम्मा की विजय स्मृति में 200 का स्मारक सिक्का जारी
- 1 नवम्बर को स्थापना दिवस मनाने वाले भारतीय राज्य
- साहित्यकार प्रोफेसर रामदरश मिश्र का निधन
- "द लोन लाइन्स ऑफ सोनिया एंड सन्नी" पुस्तक
- **विविध (To The Point)**

**COP 30..........52**

- COP 30
- COP 30 और भारत

**G20 शिखर सम्मेलन 2025..........53**

**रक्षा एवं सुरक्षा ..........54-59**

- भारत और अमेरिका के बीच कुआलालंपुर में 10 वर्षीय रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर
- वायु समन्वय-II
- आई एन एस सह्याद्रि
- ऑपरेशन व्हाइट कोल्ड्रन (Operation White Cauldron)
- मित्र शक्ति XI-2025
- ओशन स्काई 2025" में भारत की भागीदारी
- आई एन एस सावित्री का मोज़ाम्बिक यात्रा
- आयनी एयरबेस (Ayni Airbase)
- "विनबैक्स 2025" (VINBAX 2025)
- त्रि-सेवा सैन्य अभ्यास "त्रिशूल 2025"
- न्योमा एयरबेस
- युद्धाभ्यास "गरुड़-2025"
- परमाणु ऊर्जा से संचालित बुरेवेस्तनिक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण
- घोस्ट जेलीफिश" ड्रोन
- भारत और यूरोपीय संघ के बीच ड्रोन-आधारित पहला संयुक्त आतंकवाद-रोधी अभ्यास
- आईएनएस इक्षक (INS Ikshak) का जलावतरण
- ऑपरेशन वीड आउट (Operation Weed Out)
- पूर्वी प्रचंड प्रहार (Poorvi Prachand Prahar)
- युद्धाभ्यास अजय वॉरियर 2025
- चाणक्य रक्षा संवाद 2025

**नियुक्ति ..........60-61**

- न्यायमूर्ति सूर्यकांत भारत के 53वें मुख्य न्यायाधीश नियुक्त हुए
- संजय गर्ग, भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) के नये महानिदेशक
- शिसामिया सुलुहू हसन, फिर एक बार तंजानिया के राष्ट्रपति निर्वाचित
- गजाला हाशमी - वर्जीनिया प्रांत की लेफ्टिनेंट गवर्नर बनने वाली पहली मुस्लिम और भारतीय मूल की महिला
- शैलेश चंद्रा OICA के पहले भारतीय अध्यक्ष
- अपराजिता सारंगी 130वें संविधान संशोधन विधेयक 2025 की जांच के लिए संसदीय समिति की अध्यक्ष
- आयरलैंड की दसवीं राष्ट्रपति चुनी गई कैथरीन कोनोली
- विश्वजीत सहाय को रक्षा लेखा महानियंत्रक (CGDA) का पदभार
- **नियुक्ति (To The Point)**

**अभ्यास प्रश्न..........62-73**

NOT FOR SALE

# राष्ट्रीय घटनाक्रम



## राष्ट्रीय एकता दिवस: सरदार पटेल की 150वीं जयंती

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती 31 अक्टूबर 2025 को पूरे भारत में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में बड़े उत्साह और भव्यता से मनाई गई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के नर्मदा जिले के एकता नगर में स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर पुष्पांजलि अर्पित की और सभी को एकता की शपथ दिलाई। इस दिन देश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए जैसे 'रन फॉर यूनिटी' और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने वाली गतिविधियां। इस बार की थीम 'एक भारत आत्मनिर्भर भारत है।

### सरदार पटेल के बारे में

- सरदार वल्लभभाई पटेल को भारत के लौह पुरुष के रूप में जाना जाता है। वे भारत के प्रमुख स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में से एक थे, जिन्होंने देश के राजनीतिक एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अनेक रियासतों को भारत में मिलाने के अभूतपूर्व कार्य को अंजाम दिया। उनका जन्म 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के नडियाद में हुआ था, और उनका पूरा नाम वल्लभभाई झावरभाई पटेल था।

### सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन के सबसे महत्वपूर्ण योगदान

- **स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भूमिका-** पटेल ने खेड़ा सत्याग्रह (1917) और बारडोली सत्याग्रह (1928) जैसे आंदोलनों का नेतृत्व किया, जिससे उन्हें "सरदार" की उपाधि मिली। वे महात्मा गांधी के सक्रिय सहयोगी थे और असहयोग आंदोलन में अहम भूमिका निभाई, जिससे गुजरात में स्वतंत्रता संग्राम को मजबूती मिली।
- **भारत के एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका-** आज़ादी के बाद भारत में 562 से अधिक रियासतें थीं। सरदार पटेल ने कूटनीति और दबाव के माध्यम से अधिकांश रियासतों को भारत संघ में शामिल कर एक मजबूत और अखंड भारत का निर्माण किया। इन्हीं कारणों से उन्हें "भारत के लौह पुरुष" के नाम से जाना जाता है।
- **प्रशासनिक सुधार और भारतीय प्रशासनिक सेवा का विकास-** उन्होंने स्वतंत्र भारत की सिविल सेवा (IAS) को मजबूत किया, इसे "स्टील फ्रेम" कहा और इसे देश की एकता बनाए रखने में रीढ़ की हड्डी बताया।
- **संविधान निर्माण में योगदान-** वे संविधान सभा के वरिष्ठ सदस्य थे, प्रांतीय संविधान समिति के अध्यक्ष रहे और मौलिक अधिकारों, अल्पसंख्यकों, जनजातियों के अधिकारों के लिए काम किया। उन्होंने असपृश्यता उन्मूलन को महत्वपूर्ण मौलिक अधिकार माना।
- **पहले गृह मंत्री और उपप्रधान मंत्री-** स्वतंत्र भारत में वे पहले गृह मंत्री और उपप्रधान मंत्री थे, जिन्होंने आंतरिक सुरक्षा और प्रशासकीय एकता को सुदृढ़ किया।सरदार पटेल की विरासत आज भी भारत की एकता, अखंडता और मजबूत प्रशासनिक प्रणाली का स्तंभ मानी जाती है। 2018 में उनकी स्मृति में गुजरात के केवड़िया में "स्टैच्यू ऑफ यूनिटी" स्थापित की गई है, जो विश्व की सबसे ऊंची मूर्ति है।

## कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 का आयोजन

- कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 का आयोजन 15 नवंबर से 5 दिसंबर तक होगा।
- इसके मुख्य कार्यक्रम 24 नवंबर से 1 दिसंबर तक आयोजित किए जाएंगे।
- इस महोत्सव में 15 से अधिक देशों के 25 विद्वान शिरकत करेंगे और 20 देशों के राजदूत भी आएंगे।
- महोत्सव में विभिन्न देशों की लोक कला, शिल्पकला, भजन संध्या, महाआरती, पुस्तक मेला, और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।
- पुरुषोत्तमपुरा बाग और ब्रह्म सरोवर जैसे प्रमुख स्थलों पर कार्यक्रम आयोजित होंगे।
- मध्य प्रदेश इस आयोजन का सहायक राज्य होगा। महोत्सव में 22 से ज्यादा विभागों की भागीदारी होगी, इस बार 51 देशों में भी गीता महोत्सव के भव्य कार्यक्रम होंगे।

## नई दिल्ली में राष्ट्रीय डिजीलॉकर सम्मेलन का आयोजन

हाल ही में नई दिल्ली में राष्ट्रीय डिजीलॉकर सम्मेलन आयोजित किया गया। डिजीलॉकर नागरिकों, मंत्रालयों और विभागों को जोड़ने वाली ट्रस्ट लेयर के रूप में काम करता है, जो सुरक्षित, इंटरऑपरेबल और पेपरलेस यानी जवाबदेह डिजिटल गवर्नेंस को सक्षम बनाता है।

### मुख्य बिंदु

- **विषय-** 'डिजीलॉकर-सभी के लिए पेपरलेस एक्सेस को सक्षम बनाना'।
- **स्थान-** भारत मंडपम, नई दिल्ली
- **आयोजक-** नेशनल ई-गवर्नेंस डिवीजन (NeGD), इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY)
- **अध्यक्षता-** MeitY के सचिव एस. कृष्णन

NOT FOR SALE

- डिजिलॉकर अपनाने में राज्यों की खास उपलब्धियों के लिए उन्हें 'डिजिलॉकर एक्सेलरेटर' के तौर पर पहचाना गया। इन राज्यों की उपलब्धियां -
  - → **असम:** इंटीग्रेशन एक्सीलेंस (500+ सेवाओं में एकीकरण)
  - → **हिमाचल प्रदेश और मध्य प्रदेश:** पीपल फर्स्ट इंटीग्रेशन
  - → **मेघालय:** डुअल प्लेटफॉर्म अचीवर
  - → **केरल:** पेपरलेस गवर्नेंस में नवाचार
  - → **महाराष्ट्र:** फास्ट ट्रैक इंटीग्रेशन
  - → **मिजोरम:** रिक्वेस्ट एक्सेलरेटर

### शिक्षा व शासन पर प्रभाव

- शिक्षा मंत्रालय के प्रतिनिधियों ने बताया कि डिजीलॉकर ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत शिक्षा प्रणाली को अधिक पारदर्शी और कुशल बनाया।
- IIT, ICFAI, TCS iON जैसी संस्थाओं ने प्रमाणपत्रों के स्वतः व सुरक्षित सत्यापन की संभावनाएं उजागर कीं।
- राज्यों जैसे केरल, मेघालय और मध्य प्रदेश ने अपने ई-गवर्नेंस प्लेटफॉर्म्स के साथ डिजीलॉकर एकीकरण की पहलें साझा कीं।

### फिनटेक और VAS क्षेत्र

- NeSL ने एंटिटी लॉकर आधारित इलेक्ट्रॉनिक बैंक गारंटी को प्रदर्शित किया।
- प्रमुख बैंकों जैसे HDFC, ICICI, और कोटक महिंद्रा ने बैंकिंग प्रक्रियाओं में डिजीलॉकर एकीकरण की प्रगति बताई।
- उद्योग प्रतिनिधियों ने भरोसेमंद डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर की दृष्टि से डिजीलॉकर के महत्व पर जोर दिया।

## राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम्

### चर्चा में क्यों?

वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर 7 नवम्बर 2025 को भारतवर्ष में भव्य राष्ट्रीय समारोह आयोजित हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में साल भर चलने वाले स्मरणोत्सव का उद्घाटन किया और इस मौके पर स्मारक डाक टिकट एवं सिक्का भी जारी किया।

### मुख्य बिंदु

- **वंदे मातरम् का इतिहास**
  - → 'वंदे मातरम्' की रचना बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने 7 नवम्बर 1875 को की थी, जो बाद में 1882 में उनके प्रसिद्ध उपन्यास 'आनंदमठ' में प्रकाशित हुआ।
  - → यह गीत भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के समय प्रेरणा और एकता का प्रतीक बना और राष्ट्रगीत के रूप में स्वीकारा गया।
  - → स्वतंत्रता संग्राम के क्रांतिकारियों के लिए वंदे मातरम् प्रेरणा का अमित स्रोत बना रहा है।
- **150 वर्षगांठ के समारोह**
  - → 7 नवम्बर 2025 से 7 नवम्बर 2026 तक एक वर्ष तक पूरे देश में वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने का राष्ट्रव्यापी उत्सव मनाया जाएगा।
  - → इस अवसर पर सामूहिक गायन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, और सार्वजनिक स्थानों पर वंदे मातरम् के पूर्ण संस्करण का गायन किया गया।
  - → प्रधानमंत्री के शब्दों में 'वंदे मातरम्' केवल शब्द ही नहीं, बल्कि एक मंत्र, ऊर्जा, और आधुनिक भारत के सपनों का संकल्प है।

## वाटरशेड महोत्सव 2025

वाटरशेड महोत्सव 2025 का शुभारंभ 11 नवंबर 2025 को आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले में हुआ। केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस आयोजन का उद्घाटन किया।

### मुख्य बिंदु

- महोत्सव का उद्देश्य समुदाय-नेतृत्व वाली जल पुनर्स्थापन, उन्नत मृदा स्वास्थ्य और सतत ग्रामीण परिवर्तन को बढ़ावा देना है।
- इस महोत्सव के माध्यम से जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने की पहल की गई है, जिसमें जलग्रहण क्षेत्रों की संरचनाओं का संरक्षण, नए कार्यों का भूमिपूजन, श्रमदान, वृक्षारोपण अभियान, और वाटरशेड जनभागीदारी कप 2025 के विजेताओं को पुरस्कृत करना शामिल है।
- महत्वपूर्ण पहल के रूप में, वेंगलयापालेम टैंक पुनरुद्धार परियोजना का भी उद्घाटन किया गया, जो जल सुरक्षा, पर्यावरणीय स्थिरता और ग्रामीण समृद्धि की दिशा में एक कदम है।
- यह महोत्सव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "जल-सुरक्षित भारत" के विज़न को मूर्त रूप देता है, जिसमें पारंपरिक ज्ञान, आधुनिक तकनीक और सहभागी शासन को मिलाकर जल संरक्षण को बढ़ावा दिया जाता है।
- इसके साथ ही, इस कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (PMKSY 2.0) के तहत मृदा और जल संरक्षण संरचनाओं की सुरक्षा और मरम्मत के लिए मनरेगा फंड का उपयोग किया जाएगा, ताकि जल-संरक्षण के प्रभावी कदम उठाए जा सकें।

## जल संचय जन भागीदारी (JSJB) 1.0

- जल शक्ति मंत्रालय ने जल संचय जन भागीदारी (JSJB) 1.0 पहल के तहत प्रथम जल संचय जन भागीदारी पुरस्कार की घोषणा की है।
- इस पुरस्कार के तहत तेलंगाना राज्य ने 5.2 लाख जल संरक्षण संरचनाओं का निर्माण करके शीर्ष स्थान हासिल किया है। इसके बाद छत्तीसगढ़ 4.05 लाख और राजस्थान 3.64 लाख संरचनाओं के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।
- यह पुरस्कार 18 नवंबर 2025 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा विज्ञान भवन, नई दिल्ली में "जल शक्ति अभियान: कैच द रेन" कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदान किए गए।

NOT FOR SALE

### जल संचय जन भागीदारी (JSJB) पहल क्या है?

- जल संचय जन भागीदारी पहल 6 सितंबर, 2024 को सूरत में आरंभ की गई थी।
- **यह अभियान:** कैच द रेन (JSJA: वर्षा जल संचयन) के अंतर्गत प्रमुख समुदाय-संचालित कार्यक्रम है। समग्र सरकार और समग्र समाज के दृष्टिकोण को एकीकृत करता है।
- यह छतों पर वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देता है, जिसमे झीलों, तालाबों और बावड़ियों जैसे पारंपरिक जल निकायों का पुनरुद्धार करना शामिल है।
- इसका उद्देश्य एवं दृष्टिकोण यह है कि यह कृत्रिम पुनर्भरण और भंडारण संरचनाओं के निर्माण को प्रोत्साहित करता है।

## भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2025

भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2025 (44वां इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर) राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के भारत मंडपम, प्रगति मैदान में 14 नवंबर से शुरू हुई है जो 27 नवंबर 2025 तक जारी रहेगा। इसका उद्घाटन केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद द्वारा किया गया।

### मुख्य बिंदु

- भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2025 की थीम "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" है, जो देश की सांस्कृतिक विविधता और विकास को दर्शाती है।
- यह मेला 14 नवंबर से 18 नवंबर तक केवल व्यापारिक वर्ग के लिए आरक्षित है जबकि 19 नवंबर से आम जनता के लिए खुला है।
- इस मेला में उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, और बिहार पार्टनर राज्य हैं, और झारखंड को फोकस स्टेट का दर्जा दिया गया है।
- इस मेले में करीब 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की सक्रिय भागीदारी है।
- इसमें 55 सरकारी विभाग और 390 निजी कंपनियां हिस्सा ले रही हैं।
- यह मेला भारत की सांस्कृतिक विरासत, तकनीकी नवाचार, MSME क्षेत्र की प्रगति, हस्तशिल्प, पारंपरिक वस्त्र, खाद्य व्यंजन, और विभिन्न उद्योगों के उत्पाद प्रदर्शित करता है।
- इस मेला के आयोजन से भारत की एकता एवं विकास का वैश्विक मंच पर प्रभावी प्रदर्शन होता है, जो व्यापार एवं सांस्कृतिक आदान-प्रदान दोनों के लिए महत्वपूर्ण है।

NOT FOR

## जी आईं टैग

### चर्चा में क्यों?

हाल हीं में भारत सरकार ने सिक्किम के वाद्य यंत्रों, मध्य प्रदेश के पन्ने के हीरे, गुजरात के अम्बा जी संगमरमर, मेरठ के ऐतिहासिक बिगुल और मथुरा का जरी पोशाक आदि को भौगोलिक संकेत (GI-टैग) प्रदान किया है।

| नवम्बर 2025 में जी आई टैग प्राप्त उत्पाद | |
|---|---|
| **सिक्किम के वाद्ययंत्र (तुंगबुक और पुमटोंग पुलित)** | ♦ सिक्किम के दो पारंपरिक लेप्चा वाद्ययंत्रों, तुंगबुक (तीन-तार वाला वाद्य) और पुमटोंग पुलित (बाँस की बांसुरी) को भौगोलिक संकेत (GI) टैग प्रदान किया है।<br>♦ **तुंगबुक:** यह एक तीन-तार वाला वाद्ययंत्र है जो लेप्चा लोक संगीत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।<br>♦ **पुमटोंग पुलित:** यह एक बाँस की बांसुरी है, जो लेप्चा संस्कृति में गहरा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व रखती है। |
| **पन्ना जिले के हीरें** | ♦ मध्यप्रदेश के पन्ना के हीरों को नवंबर 2025 में आधिकारिक तौर पर जीआई टैग मिला है।<br>♦ इस टैग के मिलने से पन्ना के हीरों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर "पन्ना डायमंड" के नाम से बेचने का मौका मिलेगा, जिससे उनकी मांग और कीमत में वृद्धि होगी।<br>♦ यह मध्यप्रदेश का 21वां जीआई टैग है। |
| **गुजरात का अम्बाजी मार्बल** | ♦ गुजरात के अंबाजी मार्बल को भौगोलिक संकेत (GI) टैग प्रदान किया गया है, जिससे इसके अद्वितीय सफेद पत्थर को मान्यता मिलेगी तथा इसकी सांस्कृतिक, औद्योगिक और वैश्विक पहचान मज़बूत होगी।<br>♦ अंबाजी मार्बल गुजरात के बनासकाँठा ज़िले के अंबाजी शहर में उत्खनित होता है।<br>♦ अंबाजी एक प्रमुख तीर्थ स्थल और शक्तिपीठ है। |
| **मथुरा का जरी पोशाक और मेरठ का बिगुल** | ♦ उत्तर प्रदेश के दो नए उत्पादों को GI टैग प्रदान किया गया है जिनमें मथुरा जरी पोशाक और मेरठ के बिगुल को शामिल किया गया है। इसके साथ ही यह सर्वाधिक जी आई टैग उत्पाद वाला राज्य बन गया।<br>♦ मथुरा में बनी जरी पोशाक भगवान श्री कृष्ण से जुड़ी है, जबकि मेरठ का बिगुल स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुका है। |

### जीआई टैग के बारे में

- जी आई टैग किसी उत्पाद की विशिष्ट भौगोलिक उत्पत्ति की पहचान कराता है। यह नकली उत्पादों को बाजार में आने से रोकता है और उसकी नकल को बचाता है।
- जी आई टैग उत्पाद की विशिष्ट गुणवत्ता, प्रतिष्ठा या अन्य विशेषताएँ उसके भौगोलिक मूल से जुड़ी हैं।

- जीआई टैग एक प्रकार का बौद्धिक संपदा अधिकार है और इसे भारत में भौगोलिक संकेत (पंजीकरण और संरक्षण) अधिनियम, 1999 के तहत पंजीकृत और संरक्षित किया जाता है।
- एक पंजीकृत जीआई टैग 10 वर्षों के लिए वैध होता है।
- भारत में, जीआई टैग वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अधीन उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (DPIIT) द्वारा पंजीकृत किया जाता है।

## राष्ट्रीय जनजातीय फिल्म महोत्सव और कार्निवल

### चर्चा में क्यों?

मणिपुर की राजधानी इंफाल में जनजातीय गौरव वर्ष समारोह के तहत चार दिवसीय राष्ट्रीय जनजातीय फिल्म महोत्सव और कार्निवल का आयोजन हुआ है।

### मुख्य बिंदु

- इस आयोजन में नौ राज्यों की 23 जनजातीय फिल्में प्रदर्शित की गईं, जिसमें महाराष्ट्र, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और मणिपुर शामिल हैं।
- महोत्सव का उद्देश्य देश भर के जनजातीय समुदायों की सिनेमा, संस्कृति और रचनात्मक अभिव्यक्तियों को बढ़ावा देना है।
- यह कार्यक्रम 12 से 15 नवंबर तक इंफाल के सिटी कन्वेंशन सेंटर और मणिपुर राज्य फिल्म विकास सोसायटी परिसर में हुआ।
- महोत्सव में आठ फीचर फिल्में, दो वृत्तचित्र, चौदह लघु फिल्में और एक एनीमेशन फिल्म शामिल थीं, जिसमें रानी गाइदिन्ल्यू के जीवन पर आधारित एक एनएफडीसी प्रोडक्शन विशेष रूप से उल्लेखनीय है।
- यह आयोजन आदिवासी समुदायों के सांस्कृतिक उत्सव और उनकी विरासत को सम्मानित करने के लिए किया गया था, जो भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के पूरे वर्ष चलने वाले स्मरणोत्सव के हिस्से के रूप में है।
- इस महोत्सव ने आदिवासी फिल्म निर्माताओं को उनकी कलात्मक अभिव्यक्ति के लिए मंच प्रदान किया और जनजातीय फिल्मों के माध्यम से उनकी विविधता एवं संस्कृति को बढ़ावा दिया गया।

## कोयला शक्ति डैशबोर्ड

कोयला शक्ति डैशबोर्ड कोयला मंत्रालय द्वारा विकसित एक स्मार्ट कोल एनालिटिक्स प्लेटफॉर्म है, जो कोयला उत्पादन, मांग, परिवहन और आपूर्ति श्रृंखला की रीयल-टाइम निगरानी और विश्लेषण प्रदान करता है।

### मुख्य बिंदु

- यह डैशबोर्ड 29 अक्टूबर 2025 को नई दिल्ली में कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी द्वारा ओबेरॉय होटल में लॉन्च किया गया।
- डिजिटल इंडिया मिशन के तहत यह पहल डेटा-आधारित शासन को मजबूत करती है।

### मुख्य विशेषताएँ

- कोयला उत्पादन, लॉजिस्टिक्स और प्रेषण डेटा का एकीकरण तथा रीयल-टाइम रिपोर्टिंग।
- पारदर्शिता, दक्षता और हितधारकों के बीच निर्बाध सूचना प्रवाह सुनिश्चित करना।
- प्रदर्शन ट्रैकिंग और लॉजिस्टिक्स अनुकूलन के लिए एनालिटिक्स टूल।
- यह प्लेटफॉर्म कोयला क्षेत्र में परिचालन दक्षता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण कदम है।

## नागालैंड में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ सम्मेलन का आयोजन

- नागालैंड की राजधानी कोहिमा में नवंबर 2025 में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (CPA) भारत क्षेत्र जोन-तीन का 22वां वार्षिक सम्मेलन आयोजित किया गया।
- इस दो दिवसीय सम्मेलन का उद्देश्य पूर्वोत्तर क्षेत्र के लोकतांत्रिक संस्थाओं को सशक्त बनाना और उत्तरदायी शासन को बढ़ावा देना था।
- इसमें पूर्वोत्तर के आठ राज्यों के सांसद, विधायक, और पीठासीन अधिकारी शामिल हुए। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सम्मेलन का उद्घाटन किया, जिसमें नागालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश और स्थानीय विधानसभा अध्यक्ष भी उपस्थित थे।
- सम्मेलन का विषय "नीति, प्रगति और जनता: परिवर्तन के उत्प्रेरक के रूप में विधायिका" था, जिसमें विधायी प्रक्रियाओं के सुधार और लोकतंत्र के सशक्तिकरण पर चर्चा हुई।

## केरल स्वास्थ्य प्रणाली सुधार कार्यक्रम के लिए विश्व बैंक द्वारा 280 मिलियन डॉलर के ऋण को मंजूरी

विश्व बैंक ने केरल के लिए 280 मिलियन डॉलर (लगभग 2400 करोड़ रुपये) का ऋण मंजूर किया है, जो केरल स्वास्थ्य प्रणाली सुधार कार्यक्रम (Kerala Health System Improvement Programme) के तहत उपयोग किया जाएगा।

### मुख्य बिंदु

- इस कार्यक्रम का उद्देश्य केरल के लगभग 1.1 करोड़ बुजुर्ग और कमजोर लोगों की जीवन प्रत्याशा और स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता को बेहतर बनाना है, खासकर जलवायु परिवर्तन जैसी नई स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने के लिए स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करना है।
- यह ऋण विश्व बैंक के इंटरनेशनल बैंक फॉर रिकंस्ट्रक्शन एंड डेवलपमेंट (IBRD) द्वारा 25 वर्षों की अवधि और 5 वर्षों की ग्रेस अवधि के साथ दिया जाएगा।
- यह कार्यक्रम एक "प्रोग्राम फॉर रिजल्ट्स" मॉडल पर आधारित है और स्थानीय सरकारी संस्थाओं के साथ साझेदारी में लागू किया जाएगा, जिसमें आपातकालीन देखभाल सुविधाओं, डिजिटल हेल्थ सिस्टम, और संक्रामक रोगों से सुरक्षा के लिए नेटवर्क का विकास शामिल है।

NOT FOR SALE

- राज्य सरकार इस परियोजना में अतिरिक्त वित्तीय योगदान देगी जिससे कुल लागत लगभग 400 मिलियन डॉलर होगी।
- इस पहल से केरल के स्वास्थ्य क्षेत्र में व्यापक सुधार होने की उम्मीद है, जिसमें हृदय रोग, कैंसर स्क्रीनिंग, और अन्य दीर्घकालिक बीमारियों के नियंत्रण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।
- साथ ही, एम्बुलेंस और ट्रॉमा रजिस्ट्री जैसी आपातकालीन सेवाओं को भी मजबूत बनाया जाएगा ताकि स्वास्थ्य प्रतिक्रिया प्रणाली अधिक कुशल हो सके।
- यह कार्यक्रम केरल में सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और विश्वसनीयता दोनों को बढ़ावा देगा।

## लखनऊ 'सिटी ऑफ गैस्ट्रोनॉमी' घोषित

लखनऊ को यूनेस्को ने अक्टूबर 2025 में अपने क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क (UCCN) के तहत 'सिटी ऑफ गैस्ट्रोनॉमी' घोषित किया है, जो इसके अवधी व्यंजनों और समृद्ध पाक विरासत को वैश्विक मान्यता प्रदान करता है।

- यह घोषणा उज़्बेकिस्तान के समरकंद में यूनेस्को के 43वें सम्मेलन के दौरान की गई।
- उत्तर प्रदेश पर्यटन निदेशालय ने जनवरी 2025 में नामांकन तैयार किया, जिसे मार्च 2025 में भारत सरकार ने यूनेस्को को भेजा।
- लखनऊ, हैदराबाद (2019) के बाद भारत का दूसरा ऐसा शहर है, जो पारंपरिक पाक कला, स्थानीय सामग्री, सततता और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के मानदंडों पर खरा उतरा।
- लखनऊ के टुंडे कबाब, बिरयानी, मलाई गिलोरी और नवाबी अवधी व्यंजन इस मान्यता के प्रमुख आधार हैं, जो गंगा-जमुनी तहजीब को दर्शाते हैं।

### यूनेस्को क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क (UCCN) के बारे में

- यूनेस्को क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क (UCCN) की स्थापना 2004 में की गई थी।
- यह नेटवर्क उन शहरों को एक साथ लाता है जिन्होंने अपनी रचनात्मकता को टिकाऊ शहरी विकास के लिए एक रणनीतिक कारक के रूप में पहचाना है।
- UCCN का उद्देश्य सांस्कृतिक और रचनात्मक उद्योगों को स्थानीय विकास योजनाओं के केंद्र में रखना और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सहयोग बढ़ाना है, ताकि सतत विकास लक्ष्यों को हासिल किया जा सके।
- UCCN में सात रचनात्मक क्षेत्रों को शामिल किया गया है: संगीत, कला, लोकशिल्प, डिज़ाइन, सिनेमा, साहित्य, डिजिटल कला और पाककला।
- यह नेटवर्क शहरों को रचनात्मक संपत्तियों को बढ़ाने, स्थायी, समावेशी और संतुलित शहरी विकास रणनीतियों को विकसित करने में सहयोग करता है।
- इसमें 80 से अधिक सदस्य देशों के 246 शहर शामिल हैं, जो रचनात्मकता को शहरी विकास के प्रमुख तत्व के रूप में अपनाते हैं।

## पूर्णतः डिजिटल मरीन फिशरीज जनगणना (MFC) 2025

भारत ने 1 नवंबर 2025 को कोच्चि में पूर्णतः डिजिटल मरीन फिशरीज जनगणना (MFC) 2025 का शुभारंभ किया, जो देश की पांचवीं समुद्री मत्स्य जनगणना है। यह पहली बार पूरी तरह कागज-रहित और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आधारित है, जिसमें व्यास भारत (VyAS Bharat) और व्यास सूत्र (VyAS Sutra) ऐप्स का उपयोग हो रहा है।

### मुख्य बिंदु

- जनगणना 13 तटीय राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों (जिनमें अंडमान-निकोबार और लक्षद्वीप शामिल) के 5,000 से अधिक गांवों/बस्तियों में लगभग 12 लाख मछुआरा परिवारों को कवर करेगी।
- यह 3 नवंबर से 18 दिसंबर 2025 तक 45 दिनों में चलेगी, जिसमें रीयल-टाइम जियो-रेफरेंस्ड डेटा संग्रह होगा।
- इससे मछुआरा परिवारों की आय, कर्ज, बीमा, संपत्ति, कोविड-19 प्रभाव और सरकारी योजनाओं के लाभ जैसी जानकारी एकत्र होगी, जो साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण व सतत मत्स्य विकास के लिए आधार बनेगी।
- यह प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (PM-MKSSY) से जुड़ी है और राष्ट्रीय मत्स्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पंजीकरण अनिवार्य बनाएगी।

## मेघालय में इंटीग्रेटेड सोहरा पर्यटन सर्किट का शिलान्यास

मेघालय के सोहरा (चेरापुंजी) में इंटीग्रेटेड सोहरा पर्यटन सर्किट का शिलान्यास 31 अक्टूबर 2025 को केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने मुख्यमंत्री कोनराड के. संगमा के साथ किया। यह परियोजना पीएम-देवाइन योजना के तहत शुरू हुई है, जो पूर्वोत्तर राज्यों के पर्यटन और आजीविका को बढ़ावा देगी।

### मुख्य बिंदु

- परियोजना का कुल निवेश 650 करोड़ रुपये से अधिक है, जिसमें पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय से 221 करोड़ रुपये शामिल हैं।
- इसका उद्देश्य सोहरा को बहु-दिवसीय पर्यटन स्थल बनाना है, जिसमें पर्यटन अवसंरचना मजबूत करना, स्थायी रोजगार सृजन और सांस्कृतिक-प्राकृतिक विरासत संरक्षण शामिल है।
- यह पहल पर्यावरण-अनुकूल पर्यटन को प्रोत्साहित करेगी, स्थानीय समुदायों के लिए रोजगार पैदा करेगी और पूर्वोत्तर में विकास अंतर को पाटेगी।

### प्रमुख घटक

- सोहरा एक्सपीरियंस सेंटर (115 करोड़ रुपये): एम्फीथिएटर, वर्षा अनुभव पार्क और जनजातीय विरासत प्रदर्शनी।
- नोहकलिकाई फॉल्स परिसर (26 करोड़ रुपये) और मावसई इको पार्क (29 करोड़ रुपये)।
- सेवन सिस्टर्स फॉल्स व्यूपॉइंट, शेला रिवरसाइड और हॉट-एयर बैलून राइड जैसी साहसिक सुविधाएं।

NOT FOR SALE

## सीआईआई स्टील समिट 2025

- सीआईआई स्टील समिट 2025 का आयोजन 4 नवंबर 2025 को नई दिल्ली में हुआ था।
- इसका थीम "विकसित भारत के लिए सतत और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी स्टील उद्योग का निर्माण" था।
- इस समिट में स्टील उद्योग के डीकार्बोनाइजेशन, ग्रीन स्टील उत्पादन और हाइड्रोजन आधारित तकनीकों पर जोर दिया गया।
- स्टील मंत्री संदीप पौंडरिक के अनुसार "डीआरआई प्लस हाइड्रोजन" मार्ग ग्रीन स्टील के लिए आशाजनक है और भारत 2030 तक 300 मिलियन टन तथा 2047 तक 500 मिलियन टन क्षमता का लक्ष्य रखता है।

## मदुरै, भारत का सबसे अस्वच्छ (गंदा) शहर

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 की रिपोर्ट के अनुसार, मदुरै (Madurai) को भारत का सबसे गंदा शहर घोषित किया गया है, जिसे सबसे कम अंक (4823) प्राप्त हुए हैं, जिसके बाद लुधियाना, चेन्नई, रांची और बेंगलुरु जैसे बड़े शहर भी सबसे अस्वच्छ शहरों की सूची में शामिल हैं।

- यह सर्वेक्षण आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय (MoHUA) द्वारा जारी किया जाता है और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, नागरिक प्रतिक्रिया और स्वच्छता जैसे मानदंडों पर आधारित होता है।

| शीर्ष 10 सबसे अस्वच्छ शहर (स्वच्छ सर्वेक्षण 2025) | |
|---|---|
| 1. मदुरै (4823 अंक) | 6. धनबाद (7196 अंक) |
| 2. लुधियाना (5272 अंक) | 7. फरीदाबाद (7329 अंक) |
| 3. चेन्नई (6822 अंक) | 8. ग्रेटर मुंबई (7419 अंक) |
| 4. रांची (6835 अंक) | 9. श्रीनगर (7488 अंक) |
| 5. बेंगलुरु (6842 अंक) | 10. दिल्ली (7920 अंक) |

## शहीद वीर नारायण सिंह स्मारक एवं जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय

भारत का पहला पूर्णतः डिजिटल संग्रहालय, जो जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों को समर्पित है, शहीद वीर नारायण सिंह स्मारक एवं जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय है। यह छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर, अटल नगर में स्थित है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 1 नवंबर 2025 को छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस पर उद्घाटित किया गया।

### मुख्य विशेषताएँ

- संग्रहालय उन्नत डिजिटल तकनीकों जैसे VFX डिस्प्ले, इंटरैक्टिव स्क्रीन, डिजिटल प्रोजेक्शन और QR-कोड आधारित स्टोरीटेलिंग से लैस है, जो आगंतुकों को जनजातीय वीरों की वीरता और विद्रोह की गाथा जीवंत रूप से अनुभव कराता है।
- इसमें 14 जनजातीय विद्रोहों जैसे हल्बा विद्रोह, परलकोट विद्रोह, सरगुजा विद्रोह, भूमकाल आंदोलन, तारापुर और लिंगागिरी विद्रोह, रानी चौरी संघर्ष तथा झंडा और जंगल सत्याग्रह का चित्रण डिजिटल पत्तियों के माध्यम से किया गया है।
- लगभग 10 एकड़ क्षेत्र में 50 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित यह संग्रहालय ब्रिटिश शासन के खिलाफ जनजातीय संघर्षों की विरासत को संरक्षित करता है।

### शहीद वीर नारायण सिंह को श्रद्धांजलि

- यह संग्रहालय छत्तीसगढ़ के प्रथम शहीद स्वतंत्रता सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह (1820–1857) को विशेष रूप से समर्पित है, जो सोनाखान के जमींदार थे और ब्रिटिश अत्याचारों के विरुद्ध विद्रोह का नेतृत्व किया।
- संग्रहालय उनके साहस, त्याग और बलिदान को भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने का प्रतीक है।

## पंजाब, संशोधित भारत नेट योजना को राज्यव्यापी लागू करने वाला पहला राज्य

पंजाब संशोधित भारत नेट योजना को राज्यव्यापी रूप से लागू करने वाला भारत का पहला राज्य बन गया है। यह उपलब्धि नवंबर 2025 में हासिल की गई, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी सुनिश्चित हुई।

### योजना का उद्देश्य

- संशोधित भारत नेट योजना ग्रामीण पंचायतों, घरों और संस्थानों तक ब्रॉडबैंड पहुंचाने पर केंद्रित है, जो ई-गवर्नेंस, ई-हेल्थ और डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देती है।
- इसकी अनुमानित लागत ₹1,39,579 करोड़ है और इसमें OFC रिंग टोपोलॉजी, IP-MPLS नेटवर्क तथा 10 वर्षीय रखरखाव शामिल है।

### पंजाब में प्रगति

- राज्य के 43 शैडो क्षेत्रों में ब्रॉडबैंड सेवाएं चालू हो चुकी हैं, और नवंबर 2025 के अंत तक शेष एक गांव को भी कवर कर लिया गया।
- इससे सीमावर्ती इलाकों की लाइव निगरानी देश के किसी भी हिस्से से संभव हो गई।
- मुख्य सचिव के.ए.पी. सिन्हा को बीएसएनएल के सीजीएम अजय कुमार करारा द्वारा सम्मानित किया गया।

### प्रमुख लाभ

- ग्रामीण डिजिटल विभाजन को समाप्त करना।
- सीमा सुरक्षा और निगरानी में सुधार।
- डिजिटल सेवाओं से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती।

## गुवाहाटी गेटवे टर्मिनल

गुवाहाटी गेटवे टर्मिनल भारत का पहला आधुनिक नदी टर्मिनल है, जो ब्रह्मपुत्र नदी के तट पर गुवाहाटी में स्थित है और यात्री व माल परिवहन के लिए केंद्रीय केंद्र के रूप में कार्य करता है। इसका उद्घाटन 7 नवंबर 2025 को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा किया गया।

NOT FOR SALE

### मुख्य बिंदु

- यह टर्मिनल असम अंतर्देशीय जल परिवहन विकास सोसाइटी द्वारा लगभग 300-400 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया, जिसकी आधारशिला 13 मई 2022 को रखी गई थी।
- इसमें 180 मीटर लंबा जेटी शामिल है, जो ब्रह्मपुत्र के बदलते जल स्तर के अनुकूल है।

### इसमें मुख्य सुविधाएं उपलब्ध हैं

- एकीकृत कमांड और नियंत्रण केंद्र, टर्मिनल भवन, वेधशाला लाउंज, मलजल उपचार संयंत्र तथा उन्नत अग्नि सुरक्षा प्रणालियां।
- पार्किंग, कैफेटेरिया और पर्यटक सुविधाएं, जो इसे हवाई अड्डे जैसा बनाती हैं।
- यह मल्टीमॉडल हब के रूप में कनेक्टिविटी बढ़ाएगा।
- यह टर्मिनल नदी-आधारित परिवहन, पर्यटन और आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा, विशेषकर असम और पूर्वोत्तर क्षेत्र में।

## जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा (1-15 नवम्बर 2025)

पुरे देश में भारत सरकार द्वारा जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा 1 नवंबर से 15 नवंबर 2025 तक मनाया जा रहा है, जो भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है।

### मुख्य बिंदु

- बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर आयोजित इस पखवाड़े का उद्देश्य जनजातीय समुदायों की विरासत, संस्कृति और स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को सम्मानित करना है।
- इस दौरान देशभर के 497 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में विभिन्न सांस्कृतिक, शैक्षिक और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें 1.5 लाख से अधिक छात्रों के भाग लेने की उम्मीद है।
- कार्यक्रमों में पदयात्रा, विषयगत कार्यक्रम, निबंध लेखन, भाषण प्रतियोगिता, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और जनसेवा संबंधी गतिविधियाँ शामिल हैं।
- इस पखवाड़े का समापन 15 नवंबर 2025 को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में होगा।
- इस दिन को जनजातीय गर्व, समावेशन और विकास के लिए पूरे वर्ष चलने वाले आंदोलन के रूप में मनाया जाता है।

### बिरसा मुंडा के बारे में

- बिरसा मुंडा एक प्रमुख आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी, धार्मिक सुधारक और जननायक थे, जिन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ आदिवासी विद्रोह का नेतृत्व किया।
- बिरसा का जन्म 15 नवंबर 1875 को झारखंड के खूंटी जिले के उलिहातू गांव में हुआ था। वे मुंडा जनजाति से संबंधित थे, जो छोटानागपुर पठार क्षेत्र में रहते हैं।
- बिरसा मुंडा ने आदिवासी लोगों को जागरूक किया और ब्रिटिश सरकार द्वारा लागू की गई जमींदारी व्यवस्था और भूमि के अधिकारों के हनन के खिलाफ मुंडा विद्रोह (जिसे उलगुलान या महान विप्लव कहा जाता है) का नेतृत्व किया।
- उन्होंने धार्मिक सुधार भी किए और "बिरसाइत" नामक नया धर्म स्थापित किया, जो पारंपरिक जनजातीय परंपराओं को सुधारवादी विचारों से जोड़ता था। वे शराब, तंत्र-मंत्र और जादू-टोने के खिलाफ थे और सामाजिक तथा सांस्कृतिक सुधार के लिए कार्यरत थे।
- 1895 में उन्होंने विद्रोह शुरू किया, ब्रिटिश जंगलों और ज़मींदारों की संपत्तियों पर हमला किया, और मुंडा समुदाय के लिए स्वतंत्रता का प्रयास किया।
- 1895 में पहली बार गिरफ्तार कर दो साल की सजा हुई। रिहा होने के बाद भी आंदोलन जारी रखा, लेकिन 1900 में फिर गिरफ्तार हुए और जेल में हैजा की बीमारी से उनकी मृत्यु हो गई।
- बिरसा मुंडा को आदिवासी समाज में भगवान के रूप में पूजा जाता है, उन्हें "धरती आबा" (पृथ्वी के पिता) के रूप में सम्मान मिला।
- उनका आंदोलन आदिवासी लोगों के जल, जंगल और जमीन के अधिकारों की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण अध्याय माना जाता है।
- 1908 में छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम के ज़रिए उनके संघर्ष का परिणाम भी मिला, जिसमें आदिवासी भूमि को गैर-आदिवासियों को हस्तांतरण से रोका गया।

## राष्ट्रीय घटनाक्रम (To The Point)

- नीति आयोग ने कृषि-तकनीक नवाचार को बढ़ावा देने के लिए गांधीनगर में "कृषि की पुनर्कल्पना" रोडमैप लॉन्च किया।
- भारत ने तूफान मेलिसा के बाद जमैका और क्यूबा को मानवीय सहायता भेजी।
- ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पूर्वोत्तर के छ: प्रतिष्ठित हस्तियों को भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए।
- भारत ने छत्तीसगढ़ से कोस्टा रिका के लिए फोर्टिफाइड चावल की पहली खेप भेजी।
- भारतीय नौसेना, भारतीय थल सेना और भारतीय वायु सेना के साथ त्रि-सेवा अभ्यास "त्रिशूल" करेगी।
- प्रधानमंत्री मोदी 25 नवंबर को कुरुक्षेत्र में गीता महोत्सव और गुरु तेग बहादुर जयंती समारोह में शामिल होंगे।
- समुद्री मत्स्य जनगणना 2025 पूरी तरह से डिजिटल; व्यास ऐप्स से रीयल-टाइम डेटा संग्रह संभव होगा।
- भारतीय नौसेना कोच्चि नौसैनिक अड्डे पर सर्वेक्षण पोत-श्रेणी के जहाज़ इक्षक का संचालन शुरू करेगी।
- महाराष्ट्र सैटेलाइट-आधारित इंटरनेट सेवाओं के लिए स्टारलिंक के साथ साझेदारी करने वाला पहला राज्य बना।

NOT FOR SALE

- सुनील कांत मुंजाल को फ्रांस का नेशनल ऑर्डर ऑफ मेरिट पुरस्कार मिला।
- स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अनुसार, मदुरै भारत के सबसे गंदे शहरों की सूची में सबसे ऊपर है।
- कंचनजंगा राष्ट्रीय उद्यान को IUCN द्वारा "अच्छा (Good)" दर्जा दिया गया, यह एकमात्र भारतीय स्थल है जिसकी स्थिति सकारात्मक है।
- केंद्रीय मंत्री अमित शाह दिल्ली में सहकारी कुंभ 2025 का उद्घाटन करेंगे।
- गुवाहाटी में भारतीय वायु सेना की 93वीं वर्षगांठ समारोह मनाया गया।
- प्रधानमंत्री मोदी नई दिल्ली में कानूनी सहायता वितरण पर राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे।
- पारादीप फॉस्फेट्स ने राहुल द्रविड़ को ब्रांड एंबेसडर बनाया।
- ज्योतिरादित्य सिंधिया ने असम में उत्तर पूर्वी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी (NEST) क्लस्टर का उद्घाटन किया।
- प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 7 नवंबर 2025 को राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम" की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 1 वर्ष लंबा स्मरणोत्सव का उद्घाटन किया।
- कोच्चि में पहला बिम्सटेक-भारत महासागर अनुसंधान नेटवर्क सम्मेलन नीली अर्थव्यवस्था सहयोग को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया ।
- TEC ने IIT बॉम्बे के साथ दूरसंचार प्रौद्योगिकियों और मानकीकरण गतिविधियों पर समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए।
- किसानों को बीमा सेवाएँ डिजिटल तरीके से उपलब्ध कराने हेतु बीमा डिजिटल वॉलेट सुविधा शुरू की गई।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के वाराणसी से 4 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई।
- CII 1 दिसंबर से मुंबई में वैश्विक मीडिया और मनोरंजन निवेशक सम्मेलन की मेजबानी करेगा।
- भारत की पहली डिजिटल जनगणना (जनगणना 2027) के परीक्षण चरण के लिए दो नए मोबाइल एप्लिकेशन लॉन्च किए गए।
- वाराणसी दिसंबर 2025 में काशी तमिल संगमम के चौथे संस्करण की मेजबानी करेगा।
- HAL ने तेजस लड़ाकू विमानों के लिए 113 जेट इंजन खरीदने हेतु GE एयरोस्पेस के साथ समझौता किया।
- पीईएसबी की सिफारिश के बाद दीपक गुप्ता को गेल (इंडिया) लिमिटेड का नेतृत्व करने के लिए चुना गया ।
- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने असम के पहले तकनीकी और व्यावसायिक विश्वविद्यालय की आधारशिला रखी।
- हाल ही में भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 5.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर की कमी आई।
- प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तराखंड रजत जयंती पर परियोजनाओं का उद्घाटन किया।
- लोकसभा अध्यक्ष ने 10 नवंबर को 22वें सीपीए भारत क्षेत्र-3 सम्मेलन का उद्घाटन किया!
- अमेरिका मधुमेह और मोटापे जैसी स्वास्थ्य समस्याओं वाले विदेशियों को वीजा देने से इनकार कर सकता है।
- गुजरात ज नजातीय-केंद्रित जीनोम अनुक्रमण परियोजना शुरू करने वाला पहला राज्य बना।
- देश की पहली वंदे भारत ट्रेन स्लीपर कोच रखरखाव सुविधा राजस्थान के जोधपुर में 2026 के मध्य तक तैयार हो जाएगी।
- दूसरा डब्ल्यूएचओ पारंपरिक चिकित्सा वैश्विक शिखर सम्मेलन 17-19 दिसंबर को नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा।
- रक्षा मंत्री ने नई दिल्ली में अत्याधुनिक रक्षा विश्वविद्यालय भवन का उद्घाटन किया!
- कोलंबो विश्वविद्यालय में भारत-श्रीलंका संस्कृत महोत्सव का उद्घाटन हुआ।
- SECI और NHAI ने स्वच्छ और टिकाऊ दिल्ली-सहारनपुर-देहरादून राजमार्ग के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- असम कैबिनेट ने बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने वाले विधेयक को मंजूरी दी।
- BSF की ट्रैकर डॉग बबीता को राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- RBI गवर्नर संजय मल्होत्रा ने भारत की बैंकिंग प्रणाली की मजबूती की सराहना की!
- भारत और भूटान ने स्वास्थ्य सेवा और दवा क्षेत्र में सहयोग पर समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए।
- पंजाब संशोधित भारत नेट योजना को राज्यव्यापी लागू करने वाला पहला राज्य बना।
- साहित्य अकादमी 14 नवंबर को बाल साहित्य पुरस्कार 2025 प्रदान करेगी।
- 22वां सीपीए भारत क्षेत्र-III सम्मेलन नागालैंड में संपन्न हुआ।
- राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) ने छात्रों के लिए ऑनलाइन इंटर्नशिप कार्यक्रम शुरू किया।
- भारत और भूटान ने नवीकरणीय ऊर्जा सहयोग पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- राजस्थान सरकार स्थानीय निकाय चुनावों में उम्मीदवारों के लिए दो बच्चों की सीमा समाप्त करेगी।
- प्रल्हाद जोशी ने बायोमास आधारित हाइड्रोजन पायलट परियोजनाओं के लिए 100 करोड़ रुपये की योजना की घोषणा की।
- कैबिनेट ने नई निर्यात ऋण गारंटी योजना को मंजूरी दी।

NOT FOR SALE

- बोत्सवाना प्रोजेक्ट चीता के तहत भारत को आठ चीते सौंपेगा।
- मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत सिक्किम में 13वें अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मार्ट का उद्घाटन करेंगे।
- CSIR ने NICDC के साथ समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए ताकि आत्मनिर्भर भारत पहल को मज़बूत किया जा सके।
- टाटा पावर भूटान में दोरजेइलुंग जलविद्युत परियोजना के लिए एसपीवी (SPV) में ₹1,572 करोड़ में 40% हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 18 नवंबर को छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार प्रदान करेंगी; महाराष्ट्र को सर्वश्रेष्ठ राज्य चुना गया।
- गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने अहमदाबाद अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक महोत्सव और फ़ूड फ़ॉर थॉट फेस्ट 2025 का उद्घाटन किया।
- IEA का अनुमान है कि 2050 तक वैश्विक ऊर्जा की मांग बढ़ती रहेगी, लेकिन नवीकरणीय स्रोतों की हिस्सेदारी में वृद्धि होगी।
- रक्षा मंत्रालय ने INVAR एंटी-टैंक मिसाइलों के लिए BDL के साथ ₹2,095 करोड़ के समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- भारतीय वायुसेना का दल गरुड़-2025 वायु अभ्यास के लिए फ्रांस पहुँचा।
- 44वां भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला भारत मंडपम में शुरू हुआ।
- पूर्वोत्तर राज्यों का पहला क्षेत्रीय मादक द्रव्य निरोधक सम्मेलन नागालैंड में शुरू हुआ।
- सरकार ने सिक्किम में पारंपरिक लेप्चा वाद्ययंत्रों को GI टैग प्रदान किया।
- मद्रास उच्च न्यायालय ने अक्टूबर 2025 में क्रिप्टोकरेंसी को भारतीय कानून के तहत संपत्ति के रूप में मान्यता दी है।
- भारत में सबसे बड़े निवेश के तहत, Google आंध्र प्रदेश में AI डेटा सेंटर में 15 अरब डॉलर का निवेश करेगा।
- अपराजिता सारंगी को प्रमुख संशोधन विधेयकों पर संयुक्त संसदीय समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।
- तीसरा भारतीय सैन्य धरोहर महोत्सव नई दिल्ली  में होगा ।
- केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने लखनऊ विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश में दिव्य कला मेला आयोजित किया।
- उपराष्ट्रपति ने नई दिल्ली में रोटरी तेजस-विंग्स ऑफ़ चेंज का उद्घाटन किया।
- ब्लू ओरिजिन के न्यू ग्लेन रॉकेट ने मंगल उपग्रहों को प्रक्षेपित किया, बूस्टर लैंडिंग में सफल रहा।
- तेलंगाना दो चरणों में 'तेलंगाना-उत्तर पूर्व कनेक्ट' तकनीकी-सांस्कृतिक महोत्सव की मेजबानी करेगा।
- सर्वोच्च न्यायालय ने झारखंड को सारंडा के जंगलों को वन्यजीव अभयारण्य घोषित करने का निर्देश दिया।
- अंबाजी संगमरमर को उसके विशिष्ट सफेद पत्थर के लिए GI टैग मिला।
- भारतीय नौसेना 24 नवंबर को पहला माहे-श्रेणी का पनडुब्बी रोधी युद्धक उथले पानी का जहाज़ जलाएगी।
- भारतीय सेना ने प्रादेशिक सेना में महिलाओं की भर्ती के लिए पायलट पहल शुरू की।
- भारतीय वैज्ञानिकों ने गर्भ के अंदर 'जेनेटिक स्विच' की खोज की जिससे गर्भधारण होता है।
- उपराष्ट्रपति श्री सी.पी. राधाकृष्णन ने नई दिल्ली में सेंट्रल मनोरमा न्यूज़ न्यूज़मेकर अवार्ड्स 2024 प्रदान किए।
- किशोर अभियुक्त सीआरपीसी की धारा 438 के तहत अग्रिम ज़मानत की मांग कर सकता है: कलकत्ता उच्च न्यायालय।
- मुंबई 21 नवंबर से 10वें वैश्विक आर्थिक शिखर सम्मेलन और विश्व व्यापार एक्सपो की मेजबानी करेगा।
- भारत 27 नवंबर से दिल्ली में तीसरे चाणक्य रक्षा संवाद 2025 की मेजबानी करेगा!
- अक्टूबर में भारत की श्रम बल भागीदारी छह महीने के उच्चतम स्तर 55.4% पर पहुँच गई।
- बीकानेर, राजस्थान में आठवां भारत-ब्रिटेन 'अजेय वारियर' सैन्य अभ्यास शुरू हुआ।
- राज्य के सहकारिता आंदोलन को बढ़ावा देने के लिए कोहिमा में पहले नागालैंड सहकारी सम्मेलन 2025 का उद्घाटन किया गया ।
- सरकार के ई-जागृति पोर्टल ने 127,000 से अधिक उपभोक्ता मामलों का समाधान किया।
- केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी ने IITF में कोल इंडिया पैवेलियन का उद्घाटन किया।
- खगोलविदों ने पहली बार किसी अन्य तारे पर कोरोनल मास इजेक्शन देखा।
- गोवा पुलिस 100% साइबर धोखाधड़ी प्रतिक्रिया देने वाली भारत की पहली पुलिस बनी।
- इंटेलीपाट ने नागरिकों को AI साक्षरता से सशक्त बनाने और AI-तैयार भारत के निर्माण के लिए इंडियाAI मिशन (MeitY) के साथ साझेदारी की है।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दक्षिण भारत प्राकृतिक कृषि शिखर सम्मेलन का उद्घाटन कोयंबटूर , तमिलनाडु में किया।
- तेलंगाना सरकार ने लोगों को सरकारी सेवाओं तक पहुँच प्रदान करने के लिए व्हाट्सएप पर मीसेवा शुरू की।
- 16वें वित्त आयोग ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को 2026-31 की रिपोर्ट सौंपी।
- प्रतिष्ठित राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार 2025 की घोषणा; 26 नवंबर को राष्ट्रीय दुग्ध दिवस समारोह के दौरान सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।
- जदयू (JDU) प्रमुख नीतीश कुमार आज बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में दसवीं बार पद की शपथ लेंगे।

NOT FOR SALE

- इंडिया पोस्ट ने IIT दिल्ली में पहला Gen Z-थीम वाला पोस्ट ऑफिस खोला।
- TEC और IIIT-दिल्ली ने टेलीकॉम रिसर्च पर MoU साइन किया।
- वर्ल्ड फिशरीज़ डे 2025, 21 नवंबर को मनाया गया।
- IAM बेंगलुरु में इंडियन सोसाइटी ऑफ़ एयरोस्पेस मेडिसिन की 64वीं सालाना कॉन्फ्रेंस होस्ट करेगा।
- भारत की पहली बुलेट ट्रेन 2027 में सूरत और वापी के बीच 100 km की दूरी तय करेगी।
- PM मोदी ने कोयंबटूर में 21वीं PM-KISAN किस्त जारी की।
- भारत में जन्मे चीता मुखी ने पाँच बच्चों को जन्म दिया।
- 6th इंटरनेशनल एग्रोनॉमी कांग्रेस (IAC–2025) 24 से 26 नवंबर तक नई दिल्ली में होगी।
- मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने WAVES फिल्म बाज़ार 2025 का उद्घाटन पणजी में किया!
- भारत ने वर्ल्ड बॉक्सिंग महिला कप में फ़ाइनल जीता।
- भारत ने दूसरा रीजनल ओपन डिजिटल हेल्थ समिट (RODHS) 2025 होस्ट किया!
- कीर्ति सुरेश को UNICEF इंडिया सेलिब्रिटी एडवोकेट नियुक्त किया गया ताकि बच्चों के अधिकार का समर्थन किया जा सके।
- भारत अभी हाल ही में क्लाइमेट चेंज परफ़ॉर्मेंस इंडेक्स में 13 रैंक गिरकर 23वें स्थान पर आ गया।
- भारत सरकार ने चार नए लेबर कोड लागू किए।
- DRDO और DGA, फ्रांस ने डिफ़ेंस R&D में सहयोग को गहरा करने के लिए टेक्निकल एग्रीमेंट पर साइन किए।
- ग्लोबल मीथेन स्टेटस रिपोर्ट संयुक्त रूप से UNEP और CCAC द्वारा तैयार की जाती है।
- IIT बॉम्बे कल से नेशनल वेलबीइंग कॉन्क्लेव 2025 होस्ट करेगा।
- IICT ने IFFI में इंडिया-ऑस्ट्रेलिया क्रिएटिव कोलेबोरेशन के लिए MoU साइन किया।
- काशी तमिल संगमम का चौथा एडिशन 2 दिसंबर से शुरू होगा।
- मिशेल बैरेटो को इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार मिला।
- यूनियन मिनिस्टर नितिन गडकरी ने नागपुर बुक फेस्टिवल 2025 का उद्घाटन किया।
- जस्टिस सूर्यकांत ने इंडिया के 53वें चीफ़ जस्टिस के तौर पर शपथ ली।
- सुपरस्टार धर्मेंद्र का 89 साल की उम्र में निधन हो गया।
- भारत 26 नवम्बर को 76वां संविधान दिवस मनाएगा।
- PM 27 नवंबर को स्काईरूट के इनफिनिटी कैंपस का उद्घाटन करेंगे, विक्रम-I ऑर्बिटल रॉकेट का अनावरण करेंगे।
- भारत ने पहली बार वर्ल्डस्किल्स एशिया 2025 के लिए अपनी टीम भेजी।
- जावेद अशरफ को इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गनाइजेशन (ITPO) का नया चेयरमैन नियुक्त किया गया।
- मथुरा ज़री ड्रेस और मेरठ ट्रम्पेट को GI टैग मिला।
- सेंट्रल बोर्ड ऑफ़ डायरेक्ट टैक्सेस (CBDT) ने 'NUDGE' कैंपेन लॉन्च किया।
- आंध्र प्रदेश जून 2026 तक 1.4 करोड़ परिवारों के लिए स्मार्ट फैमिली कार्ड शुरू करेगा!
- आंध्र प्रदेश जून 2026 तक 1.4 करोड़ परिवारों के लिए स्मार्ट फैमिली कार्ड शुरू करेगा!
- C-DOT (सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ़ टेलीमैटिक्स) ने IIT रुड़की (IITR) के साथ MoU साइन किया।
- इंडिया का FY26 इकोनॉमिक ग्रोथ प्रोजेक्शन बढ़ाकर 7% किया गया।
- IIT खड़गपुर ने 'इम्पैक्ट RISE' इनिशिएटिव समाज में बदलाव के लिए शुरू किया।
- सरकार ने टेक्स-रैम्प्स रिसर्च एंड इनोवेशन स्कीम को मंजूरी दी।
- भारत ने MH-60R नेवी हेलीकॉप्टर सपोर्ट के लिए US के साथ ₹7,900 करोड़ की डील साइन की।
- भारत ने एशिया पावर इंडेक्स 2025 में तीसरा स्थान हासिल किया।
- भारत अगले साल सिल्वर-लेवल कॉन्टिनेंट टूर इवेंट होस्ट करेगा।
- भारत दुनिया का टॉप दूध प्रोड्यूसर बन गया है।
- नीति आयोग की सिफारिश के बाद मिज़ोरम 'भारत की अदरक राजधानी' बनने के लिए तैयार है।
- नागालैंड में आयोजित होने वाले हार्नबिल महोत्सव 2025 के लिए यूनाइटेड किंगडम साझेदार देश के रूप में नामित हुआ।
- भारतीय डाक ने आई आई टी दिल्ली में जेन जेड थीम्ड आधारित पहला डाकघर खोला है।
- भारत की पहली क्वांटम सिटी का ब्लूप्रिंट कर्नाटक द्वारा प्रदर्शित किया गया।
- अनुसूचित जाति समुदाय से संबंधित मामलों के लिए भारत का पहला राज्य स्तरीय समर्पित न्यायालय कक्ष पंजाब ने शुरू किया है।
- अरुणाचल प्रदेश के दाओ ब्लेड को जी आई टैग प्राप्त हुआ।
- शत् प्रतिशत साईबर धोखाधड़ी प्रतिक्रिया प्रणाली वाला भारत का पहला राज्य बना गोवा।
- C-DOT ने आंध्रप्रदेश के साथ 'अमरावती क्वांटम वैली' पहल में भागीदारी के लिए MoU हस्ताक्षरित किए।
- कर्नाटक, सरकारी और निजी क्षेत्र की सभी महिला कर्मचारियों को 'मासिक धर्म' सवैतनिक अवकाश नीति को मंजूरी देने वाला देश का पहला राज्य बना है।
- असम सरकार ने बहुविवाह पर रोक लगाने वाले बिल "असम बहुविवाह निषेध विधेयक, 2025" को मंजूरी दे दी है।

NOT FOR SALE

- NCERT का शैक्षिक अनुसंधान और प्रौद्योगिकी एकीकरण को मजबूत करने के लिए आई आई टी मद्रास के साथ समझौता।
- महाराष्ट्र के औरंगाबाद रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर छत्रपति संभाजीनगर रखा गया।
- आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले के काशीबुग्गा स्थित वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में 1 नवंबर 2025 को कार्तिक एकादशी के दौरान भगदड़ मच गई, जिसमें 9-10 श्रद्धालुओं की मौत हो गई और कई घायल हुए। काशीबुग्गा (श्रीकाकुलम) का 600 वर्ष पुराना वेंकटेश्वर मंदिर विजयनगर कालीन है, जिसे "पूर्व का तिरुपति" कहा जाता है।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर गुजरात के केवड़िया (एकता नगर) में 150 रुपये का स्मारक सिक्का जारी किया।
- उर्सला वॉन डेर लेयेन (यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष) और एंटोनियो कोस्टा (यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष) को भारत के गणतंत्र दिवस 2026 के मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है।
- भारत 64,000 से अधिक पेटेंट आवेदनों के साथ दुनिया का छठा सबसे बड़ा पेटेंट फाइलर बना।
- अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने सिक्किम के गंगटोक में 13वें अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मार्ट का उद्घाटन किया।
- 30वां सीआईआई साझेदारी शिखर सम्मेलन 2025, 14-15 नवंबर 2025 को आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में आयोजित हुआ, जिसका उद्घाटन उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने किया।

NOT FOR SALE

# बिहार स्पेशल घटनाक्रम



## कटिहार की शिल्पी सिंह को सुपर वुमनिया राष्ट्रीय पुरस्कार 2025

- बिहार के कटिहार जिले के बरमसिया की शिल्पी सिंह को सुपर वुमनिया राष्ट्रीय पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया है।
- यह पुरस्कार उन्हें समाज में महिलाओं के सशक्तिकरण, लैंगिक समानता और ग्रामीण बिहार में परिवर्तन लाने के उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया।
- वर्तमान में वे महिला संगठन भूमिका विहार में निदेशक के पद पर कार्यरत हैं।
- पुरस्कार वितरण समारोह 10 नवंबर 2025 को मुंबई के एक होटल में एफएम फीवर की आरजे स्तुति और एक मीडिया ग्रुप द्वारा आयोजित किया गया।
- इस अवसर पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम की विश्व विजेता जेमिमा रोड्रिग्स सहित देशभर की प्रेरणादायक महिलाओं को सम्मानित किया गया।
- सुपर वुमनिया अवार्ड समाज, खेल, कला और सामाजिक परिवर्तन जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का राष्ट्रीय मंच है।

## बिहार में 25 चीनी मिलें खोलने की घोषणा

बिहार सरकार ने नवंबर 2025 में अपनी पहली कैबिनेट बैठक में 25 नई चीनी मिलें खोलने की घोषणा की है, साथ ही 9 बंद मिलों को पुनः चालू करने का फैसला लिया गया।

**मुख्य बिंदु -**

- यह निर्णय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नई एनडीए सरकार की पहली कैबिनेट बैठक (24 नवंबर 2025) में 10 प्रस्तावों के बीच लिया गया।
- मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने बैठक के बाद इसकी पुष्टि की, जिसमें बंद मिलों को चालू करने के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित करने का भी प्रस्ताव मंजूर हुआ।
- इससे गन्ना किसानों की आय बढ़ेगी और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा होंगे।
- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 9 नवंबर 2025 को अरवल में चुनावी सभा में ही 25 नई चीनी मिलें खोलने और 1.80 लाख करोड़ के निवेश की घोषणा की थी, जो अब धरातल पर उतर रही है। एनडीए के घोषणा पत्र में यह वादा शामिल था, जिसे सरकार ने प्राथमिकता दी।
- सरकार का मानना है कि इससे एग्रो-इंडस्ट्रियल चेन मजबूत होगी और हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा, जो 2025-30 तक 1 करोड़ नौकरियों के लक्ष्य का हिस्सा है।
- साथ ही नई पॉलिसी तैयार की जा रही है ताकि सभी बंद मिलें (जैसे मधौरा) पुनर्जीवित हो सकें।

## बिहार में औद्योगीकरण और रोजगार सृजन को गति देने के लिए उच्च स्तरीय समिति का गठन

बिहार सरकार ने औद्योगीकरण और रोजगार सृजन को गति देने के लिए मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। यह समिति मिशन मोड में कार्य करेगी और राज्य, राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों को सदस्य बनाया जाएगा।

**मुख्य बिंदु -**

- समिति का मुख्य लक्ष्य बिहार में निवेश आकर्षित करना, औद्योगिक विकास को बढ़ावा देना और रोजगार के अवसर पैदा करना है। यह चीनी मिलों सहित विभिन्न क्षेत्रों में क्रियान्वयन पर निगरानी रखेगी तथा निश्चित समयसीमा में लक्ष्य हासिल करेगी।
- मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने 'उद्योग वार्ता' शुरू की, जिसमें निवेशक बिना अपॉइंटमेंट के सीधे उनसे मिलकर समस्याओं का समाधान पा सकेंगे।
- बिहार कैबिनेट ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मिशन के लिए भी समिति गठित की, जिसमें प्राइवेट प्लेयर्स को शामिल किया जाएगा।
- राज्य में मेगा फूड पार्क, औद्योगिक पार्क और एमएसएमई पार्क विकसित करने की योजना है।
- प्रत्यय अमृत 1991 बैच के आईएएस अधिकारी हैं, जिन्हें सितंबर 2025 से मुख्य सचिव बनाया गया है और वे विकास आयुक्त व स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव रह चुके हैं।

## बिहार में 11 सैटेलाइट शहर विकसित करने की योजना

बिहार सरकार ने शहरीकरण को बढ़ावा देने और प्रमुख शहरों पर दबाव कम करने के लिए 11 सैटेलाइट शहर (सैटेलाइट सिटी और ग्रीनफील्ड टाउनशिप) विकसित करने की योजना शुरू की है। इसमें 9 प्रमंडलीय मुख्यालय शहर शामिल हैं, साथ ही सीतामढ़ी (मां जानकी की धरती या सीतापुरम) और सोनपुर (ग्रेटर पटना के रूप में) को विशेष रूप से चुना गया है।

NOT FOR SALE

**मुख्य बिंदु -**

- ये शहर आधुनिक सुविधाओं जैसे चौड़ी सड़कें, पार्क, खेल मैदान, सामुदायिक केंद्र, बेहतर जल निकासी, यातायात व्यवस्था और कचरा प्रबंधन से लैस होंगे।
- योजना का लक्ष्य बिहार की शहरीकरण दर को राष्ट्रीय औसत तक पहुंचाना है, साथ ही राज्य को टेक हब बनाने के लिए डिफेंस कॉरिडोर, सेमीकंडक्टर पार्क और मेगा टेक सिटी जैसी परियोजनाओं को बढ़ावा देना।
- नगर विकास मंत्री नितिन नवीन के नेतृत्व में विभाग ने प्रस्ताव को मंजूरी दी है, और नीतीश कुमार कैबिनेट ने तीन समितियों का गठन किया है।
- सोनपुर को पटना का विस्तार बनाया जाएगा, जबकि सीतामढ़ी धार्मिक महत्व के कारण प्राथमिकता में है।
- 'बिहार शहरी आयोजना स्कीम नियमावली 2025' के तहत ग्रामीण-शहरी एकीकरण पर जोर दिया जाएगा।
- यह योजना कंकड़बाग-पाटलिपुत्र कॉलोनी की तर्ज पर 40 साल बाद शहरी विकास को नई दिशा देगी।

## बिहार को कृषि क्षेत्र का दो प्रतिष्ठित अवार्ड

- बिहार कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) सबौर के मार्गदर्शन में पूर्णिया के मिथिलांचल मखाना उत्पादक संघ को मखाना उत्पादन में उत्कृष्टता के लिए "जीनोम सेवियर कम्युनिटी अवार्ड" से सम्मानित किया गया है।
- इसके साथ ही, रोहतास के किसान नकुल सिंह को खीरमोहन धान के लिए "प्लांट जीनोम सेवियर फार्मर अवार्ड" मिला है।
- यह पुरस्कार प्रोटेक्शन ऑफ प्लांट वेरायटीज एंड फर्मर्स राइट्स अथॉरिटी (PPV&FRA) के 21वें स्थापना दिवस समारोह के दौरान नई दिल्ली में कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा केंद्रीय राज्य मंत्रियों भागीरथ चौधरी और रामनाथ ठाकुर की उपस्थिति में प्रदान किया गया।

## गोगाबील झील (Gogabeel Lake)

**चर्चा में क्यों?**

गोगाबिल झील बिहार के कटिहार जिले में स्थित एक महत्वपूर्ण आर्द्रभूमि (झील) है, जिसे नवंबर 2025 में भारत का 94वां रामसर स्थल घोषित किया गया है।

**मुख्य बिंदु -**

- यह झील गंगा और महानंदा नदियों के बीच ट्रांस-गंगा मैदान में फैली हुई है, जो लगभग 86.63 हेक्टेयर क्षेत्र में विस्तृत है।
- वर्षा ऋतु में बाढ़ से जुड़कर यह एक floodplain wetland का रूप ले लेती है और कभी पूरी तरह सूखती नहीं।
- बिहार का यह पहला सामुदायिक रिजर्व है, जिसका संरक्षण स्थानीय समुदाय द्वारा किया जाता है।
- गोगाबिल झील प्रवासी पक्षियों के प्रमुख शीतकालीन आवास और जलीय प्रजातियों के प्रजनन स्थल के रूप में जानी जाती है।
- यह जैवविविधता का समर्थन करती है, जिसमें जलीय वनस्पतियां, मछलियां और आर्द्रभूमि-निर्भर प्रजातियां शामिल हैं, साथ ही बाढ़ नियंत्रण, भूजल पुनर्भरण और जलवायु विनियमन में योगदान देती है।
- इस मान्यता के साथ बिहार में कुल 6 रामसर स्थल हो गए हैं, जो राज्य को देश में तीसरे स्थान पर लाती है।
- भारत अब वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा रामसर स्थल वाला देश है, जिसमें पिछले 11 वर्षों में 67 नए स्थल जोड़े गए।
- रामसर कन्वेंशन (1971) के तहत यह मान्यता अंतरराष्ट्रीय संरक्षण, वैज्ञानिक निगरानी और सतत प्रबंधन सुनिश्चित करती है।

NOT FOR SALE

# बिहार विधानसभा चुनाव 2025



बिहार विधानसभा चुनाव 2025 दो चरणों में आयोजित किए गए। पहले चरण का मतदान 6 नवंबर को और दूसरे चरण का मतदान 11 नवंबर को हुआ। चुनाव परिणाम 14 नवंबर को घोषित किए गए। इस बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 121 और दुसरे चरण में 122 सीटों पर मतदान हुआ।

## बिहार विधानसभा की जानकारी

- कुल सीटें -243
- SC आरक्षित सीटें - 38
- ST आरक्षित सीटें - 2
- कुल पंजीकृत मतदाता - 7,45,26,858 (जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या लगभग 3.92 करोड़ और महिला मतदाता की संख्या करीब 3.50 रही।)
- 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता - 4.04 लाख
- 100 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता - 14000
- फर्स्ट टाइम वोटर - लगभग 14 लाख

## मतदान विशेष

- बिहार विधानसभा चुनाव कल 67.13 प्रतिशत के ऐतिहासिक उच्चतम मतदान के साथ संपन्न हुए। यह 1951 के बाद से राज्य में दर्ज किया गया सर्वाधिक मतदान है। पुरुष मतदाताओं में मतदान प्रतिशत 62.98 प्रतिशत तथा महिला मतदाताओं में 71.78 प्रतिशत रहा।
- विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), 2025 का आयोजन जीरो अपील के साथ यह सुनिश्चित करते हुए किया गया कि बिहार निर्वाचन सूची अपडेट और त्रुटिहीन हो। इस प्रक्रिया के आधार पर, दो चरणों में होने वाले चुनावों में 7,45,26,858 मतदाता मतदान के पात्र थे।
- मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी के साथ मिलकर 90,740 मतदान केंद्रों पर सुनिश्चित वेबकास्टिंग सुविधा के माध्यम से मतदान कार्यवाही पर कड़ी नजर रखी।

## राजनीतिक दल/ गठबंधन

### राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) द्वारा विभिन्न दलों को आवंटित किए गए सीट

- भारतीय जनता पार्टी - 101 सीट
- जनता दल यूनाइटेड - 101 सीट
- लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) - 29 सीट
- राष्ट्रीय लोक मोर्चा - 6 सीट
- हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा - 6 सीट

### महागठबंधन द्वारा विभिन्न दलों को आवंटित किए गए सीट

- राष्ट्रीय जनता दल - 142 सीट
- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस -60 सीट
- भाकपा माले - 20 सीट
- भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (M) - 4 सीट
- भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी -1 सीट
- विकासशील इंसान पार्टी -14 सीट

**नोट-** मोहनिया से राजद के उम्मीदवार श्वेता सुमन और सुगोली से VIP के उम्मीदवार शशिभूषण सिंह का नामांकन रद्द होने के कारण दो सीटों पर महागठबंधन चुनाव न लड़ सका।)

### अन्य पार्टियों ने निम्न सीटों पर उम्मीदवार उतारे

- जनसुराज पार्टीः - 238 सीटें
- बहुजन समाज पार्टीः - 130 सीटें
- AIMIM पार्टीः - 25 सीटें

### बिहार विधानसभा चुनाव-2025 परिणाम


- भारतीय जनता पार्टी - 89 सीटें
- जनता दल (यूनाइटेड) - 85 सीटें
- राष्ट्रीय जनता दल - 25 सीटें
- लोजपा (राम विलास) - 19 सीटें
- भारतीय राष्ट्रीय कांगेस - 6 सीटें
- AIMIM पार्टी - 5 सीटें
- हिंदुस्तान अवाम मोर्चा (सेक्यूलर) -5 सीटें
- राष्ट्रीय लोक मोर्चा - 4 सीटें
- बहुजन समाजवादी पार्टी - 1 सीटें
- अन्य - 4 सीटें

## चुनाव परिणाम विशेष

- कटिहार में सर्वाधिक 78.63 फिसदी मतदान हुआ।
- दीघा विधानसभा सीट पर 39.10 प्रतिशत मतदान हुआ।
- सबसे अधिक वोटों से जीत - JDU के कलाधर प्रसाद मंडल पूर्णिया के रुपौली सीट से 73,572 वोट से जीते।
- सबसे कम वोटों के अंतर से जीत - JDU के राधा चरण सिंह संदेश विधानसभा सीट से सिर्फ 27 वोटों से जीते।

NOT FOR SALE

# बिहार का नया मंत्रिमंडल (2025)



## नीतीश कुमार 10 वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री बने

- बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में भारी बहुमत के साथ एन डी ए ने जीत दर्ज करने के साथ ही नीतीश कुमार को विधायक दल का नेता चुन लिया।
- पटना के गांधी मैदान में 20 नवंबर 2025 को आयोजित भव्य कार्यक्रम में नीतीश कुमार ने 10वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण की। इस असाधारण उपलब्धि के साथ, उनका नाम 'वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' में दर्ज हो गया है।
- बिहार के महामहिम राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने नीतीश कुमार को पद की शपथ दिलाई।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और एनडीए शासित राज्यों के कई मुख्यमंत्रियों ने शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत की।
- नये मंत्रिमंडल के गठन में नीतीश कुमार के साथ कुल 26 मंत्रियों ने शपथ ली, जिसमें भाजपा कोटे से 14 और जदयू कोटे से 8 मंत्री शामिल थे।
- उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने भी शपथ ग्रहण की।
- इस शपथ ग्रहण से पहले नितिश कुमार, बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में 9 बार शपथग्रहण कर चुके थे। जिसका विवरण निम्न है -

1. पहली शपथ – मार्च 2000
2. दूसरी शपथ – नवंबर 2005
3. तीसरी शपथ – नवंबर 2010
4. चौथी शपथ – फरवरी 2015
5. पांचवीं शपथ – नवंबर 2015
6. छठवीं शपथ – जुलाई 2017
7. सातवीं शपथ – नवंबर 2020
8. आठवीं शपथ – अगस्त 2022
9. नौवीं शपथ – जनवरी 2024

## नितिश कुमार के बारे में

- नीतीश कुमार का जन्म 1 मार्च 1951 को बिहार के नालंदा जिले के बख्तियारपुर में हुआ था।
- उनके पिता कविराज राम लखन सिंह स्वतंत्रता सेनानी और आयुर्वेदिक चिकित्सक थे, जबकि माता का नाम परमेश्वरी देवी था।
- उन्होंने बख्तियारपुर के गणेश हाई स्कूल से प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की और 1972 में पटना के बिहार इंजीनियरिंग कॉलेज (अब एनआईटी पटना) से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिग्री हासिल की।
- नीतीश कुमार ने 1970 के दशक में जयप्रकाश नारायण के सम्पूर्ण क्रांति आंदोलन से प्रेरित होकर राजनीति में प्रवेश किया।
- उनकी औपचारिक राजनीतिक शुरुआत 1977 में जनता पार्टी के टिकट पर हरनौत विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने के साथ हुई, हालांकि वे हार गए।
- 1985 में निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में हरनौत से विधायक चुने गए, जो उनकी पहली बड़ी जीत थी।
- 2000 में पहली बार 7 दिन के अल्पकालिक सरकार में मुख्यमंत्री बनें।
- उसके बाद 2005, 2010, 2015, 2017, 2020 , 2022 और 2024 में विभिन्न गठबंधनों के साथ वे कई बार मुख्यमंत्री बने।
- 2025 में एन डी ए के सहयोग से नीतीश कुमार रिकार्ड 10वीं बार मुख्यमंत्री बने हैं।

## मुख्यमंत्री की नियुक्ति

- मुख्यमंत्री की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा की जाती है, जो राज्य विधानसभा में बहुमत दल या गठबंधन के नेता को नियुक्त करता है।
- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 164(1) के तहत् मुख्यमंत्री की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा की जाती है।
- भारतीय संविधान का अनुच्छेद 164(3) के अनुसार राज्य के राज्यपाल, मुख्यमंत्री सहित अन्य मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाते हैं।

## संबंधित अन्य अनुच्छेद

- **अनुच्छेद 164(2):** मंत्रिपरिषद सामूहिक रूप से राज्य विधानसभा के प्रति उत्तरदायी होती है।
- **अनुच्छेद 164(4):** यदि कोई व्यक्ति मुख्यमंत्रि या अन्य मंत्रि बनता है और वह शपथ लेते समय राज्य विधानमंडल (विधानसभा या विधानपरिषद) के किसी भी सदन का सदस्य नहीं है तो 6 महिने के भीतर किसी एक सदन का सदस्य बनना अनिवार्य है।

## मुख्यमंत्री के प्रमुख कार्य

- मंत्रिपरिषद का गठन और कार्य
- राज्यपाल और मंत्रिपरिषद के बीच कड़ी (अनुच्छेद 167)
- विधानसभा सत्र बुलाने या स्थगित करने तथा भंग करने के संबंध में राज्यपाल को सलाह देना।
- राज्य सरकार के मुख्य प्रवक्ता और प्रशासक के रूप में कार्य करना।
- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और मंत्रीमंडल

NOT FOR SALE

## बिहार सरकार मंत्रिमंडल

➢ भारत के संविधान के अनुच्छेद 166 (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एवं संविधान के अधीन बनी कार्यपालिका नियमावली के नियम 6(1) एवं 7(1) के अनुसार मुख्य मंत्री, बिहार की सलाह से बिहार के राज्यपाल द्वारा मुख्यमंत्री एवं मंत्रियों को सरकार के विभागों का कार्य निम्नांकित रूप से आवंटित किया गया-

| | | |
|---|---|---|
| **1.** | श्री नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री | सामान्य प्रशासन, मंत्रिमंडल सचिवालय, निगरानी, निर्वाचन और ऐसे सभी विभाग जो किसी को आवंटित नहीं है। |
| **2.** | श्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री | गृह |
| **3.** | श्री विजय कुमार सिन्हा, उप मुख्यमंत्री | राजस्व एवं भूमि सुधार, खान एवं भूतत्व |
| **4.** | श्री विजय कुमार चौधरी | जल संसाधन, संसदीय कार्य, सूचना एवं जन-संपर्क, भवन निर्माण |
| **5.** | श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव | ऊर्जा, योजना एवं विकास, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन, वित्त, वाणिज्य-कर |
| **6.** | श्री श्रवण कुमार | ग्रामीण विकास, परिवहन |
| **7.** | श्री मंगल पाण्डेय | स्वास्थ्य, विधि |
| **8.** | डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल | उद्योग |
| **9.** | श्री अशोक चौधरी | ग्रामीण कार्य |
| **10.** | श्रीमती लेशी सिंह | खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण |
| **11.** | श्री नितिन नवीन | पथ निर्माण, नगर विकास एवं आवास |
| **12.** | श्री मदन सहनी | समाज कल्याण |
| **13.** | श्री राम कृपाल यादव | कृषि |
| **14.** | श्री संतोष कुमार सुमन | लघु जल संसाधन |
| **15.** | श्री सुनील कुमार | शिक्षा, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा |
| **16.** | श्री मो. जमा खान | अल्पसंख्यक कल्याण |
| **17.** | श्री संजय सिंह 'टाईगर' | श्रम संसाधन |
| **18.** | श्री अरुण शंकर प्रसाद | पर्यटन, कला, संस्कृति एवं युवा |
| **19.** | श्री सुरेन्द्र मेहता | पशु एवं मत्स्य संसाधन |
| **20.** | श्री नारायण प्रसाद | आपदा प्रबंधन |
| **21.** | श्री लखेन्द्र कुमार रौशन | अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण |
| **22.** | श्रीमती रमा निषाद | पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण |
| **23.** | सुश्री श्रेयसी सिंह | सूचना प्रावैधिकी, खेल |
| **24.** | डॉ. प्रमोद कुमार | सहकारिता, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन |
| **25.** | श्री संजय कुमार | गन्ना उद्योग |
| **26.** | श्री संजय कुमार सिंह | लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण |
| **27.** | श्री दीपक प्रकाश | पंचायती राज |

NOT FOR SALE

# अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रम



## अमेरिका द्वारा ईरान के चाबहार बंदरगाह पर भारत के परिचालन को छः महीने की छूट दी गई

अमेरिका ने ईरान के चाबहार बंदरगाह पर भारत के परिचालन के लिए छह महीने की प्रतिबंध छूट दी है। यह छूट भारत के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि चाबहार पोर्ट भारत को अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक सीधी पहुंच प्रदान करता है और पाकिस्तान को बायपास करते हुए त्वरित व्यापार और निवेश का अवसर देता है।

### छूट के महत्व

- यह छूट भारत को अपनी विकासात्मक और मानवीय परियोजनाएँ बिना बाधा जारी रखने में मदद करेगी।
- चाबहार बंदरगाह पर भारत ने 2016 में ईरान के साथ समझौता किया था, जिसके बाद 2024 में 10 साल का मैनेजमेंट एग्रीमेंट भी किया गया।
- भारत के लिए यह बंदरगाह मध्य एशिया और रूस तक व्यापार की सीधी सुविधा देता है।
- इस प्रकार, यह छूट भारत के लिए कूटनीतिक, व्यापारिक और रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे भारत अपने क्षेत्रों में निर्बाध परियोजनाएँ चला सकेगा और अफगानिस्तान-मध्य एशिया के संबंधों को मज़बूत बना सकेगा।

## चक्रवात 'मोन्था'

अक्टूबर 2025 के अंत में पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी में एक निम्न-दाब क्षेत्र के रुप में विकसित हुआ चक्रवाती तूफान मोन्था, पूर्वी तट पर स्थित भारतीय राज्य आंध्र प्रदेश के तट से टकराया।

### मुख्य बिंदु

- यह तूफान 89 से 117 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाओं के साथ विकसित हुआ था, जिससे आंध्र प्रदेश, ओडिशा के तटीय इलाकों और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में तेज़ हवाएं, भारी वर्षा और व्यापक नुकसान हुआ।
- मोंथा ने आंध्र प्रदेश में भारी तबाही मचाई, जिसमें दो लोगों की मौत हुई और लगभग 1.5 लाख एकड़ फसल नष्ट हो गई। तेलंगाना, ओडिशा, बंगाल, छत्तीसगढ़, और बिहार सहित कई अन्य राज्यों में भी इसके असर से भारी बारिश और खराब मौसम की स्थिति बनी रही।
- मोंथा चक्रवात कमजोर होकर बाद में एक निम्न दबाव क्षेत्र में तब्दील हो गया, लेकिन इसके प्रभाव से मध्य भारत के कई हिस्सों में भारी बारिश और बाढ़ की संभावना बनी रही।
- इस चक्रवात का नाम "मोंथा" थाइलैंड के थाई भाषा से लिया गया है, जिसका अर्थ "सुंदर या सुगंधित पुष्प" होता है।
- मोन्था' एक उष्णकटिबंधीय तूफान (Tropical Storm) है, जो बंगाल की खाड़ी में बने लो-प्रेशर क्षेत्र से विकसित हुआ।
- भारतीय मौसम विभाग (IMD) ने इसे अब Severe Cyclonic Storm घोषित किया है।

## दार-एस-सलाम

### चर्चा में क्यों?

हाल ही में हुए विवादित आम चुनावों के बाद तंजानिया का सबसे बड़ा शहर दार-एस-सलाम कई हिंसक घटनाओं और गंभीर राजनीतिक झड़पों के कारण चर्चा में रहा।

### मुख्य बिंदु

- विवादित आम चुनावों के बाद तंजानिया में प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच भारी टकराव में सैकड़ों लोग मारे गए हैं। मुख्य विपक्षी पार्टी चाडेमा के दावों के अनुरूप देश भर में हुई हिंसा में लगभग 700 लोग जान गंवा चुके हैं, जिनमें से 350 से अधिक केवल दार-एस-सलाम में हैं।
- चुनाव में तंजानिया की राष्ट्रपति सामिया सुलुहू हसन के दो प्रमुख विरोधियों को चुनावी दौड़ से बाहर कर दिया गया, जिससे विपक्ष और नागरिक अधिकार समूह नाराज हैं और उन्होंने कड़ी प्रतिक्रिया दी है।
- हिंसा भड़कने के बाद दार-एस-सलाम समेत कई इलाकों में कर्फ्यू लगा दिया गया और सेना तैनात की गई, साथ ही इंटरनेट भी बंद कर दिया गया।
- प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर नारे लगाए और कई जगहों पर तोड़फोड़ की, जबकि सुरक्षा बलों ने आंसू गैस और गोलीबारी भी की।
- विश्व संगठन और एमनेस्टी इंटरनेशनल ने इस हिंसा पर चिंता व्यक्त की है और संयम बरतने की अपील की है।
- यह स्थिति तंजानिया के राजनीतिक माहौल में बड़ा संकट दर्शाती है, जहां लोकतंत्र और चुनाव प्रक्रिया की वैधता पर सवाल उठ रहे हैं।

### तंजानिया के बारे में

- यह पूर्वी अफ्रीका में स्थित है और इसकी सीमाएँ केन्या, युगांडा, रवांडा, बुरुंडी, कांगो, ज़ाम्बिया, मलावी और मोज़ाम्बिक से लगती हैं। इसका पूर्वी तट हिंद महासागर से लगा है।

NOT FOR SALE

- डोडोमा , तंजानिया की आधिकारिक राजधानी है, जबकि दार एस सलाम यहां का सबसे बड़ा वाणिज्यिक केंद्र है। तंजानियाई शिलिंग, देश की अधिकारिक मुद्रा है।
- यह अफ्रीका के सबसे बड़े देशों में से एक है और इसमें ज़ांज़ीबार, पेम्बा और माफ़िया जैसे कई द्वीप शामिल हैं।
- तंजानिया में माउंट किलिमंजारो, स्थित है जो अफ्रीका की सबसे ऊँची चोटी है। साथ ही अफ्रीका की सबसे गहरी झील तांगानिका झील भी इसी देश में स्थित है।

## भारत-न्यूज़ीलैंड मुक्त व्यापार समझौते (FTA) का चौथा चरण संपन्न

भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौते (FTA) का चौथा चरण हाल ही में संपन्न हुआ। इस चौथे चरण की बातचीत नवंबर 2025 में न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में हुई, जिसमें वस्तुओं के बाजार पहुंच, सेवाओं का व्यापार, आर्थिक व तकनीकी सहयोग और निवेश के अवसरों पर मुख्य चर्चा हुई। दोनों देशों ने इस समझौते को जल्द ही अंतिम रुप देने के लिए तेजी से काम करने पर सहमति जताई है।

### मुख्य बिंदु

- भारत और न्यूजीलैंड के बीच व्यापार साल 2024-25 में 1.3 अरब डॉलर का रहा, जो पिछले वर्ष से 49% अधिक है।समझौते में भारत की संवेदनशील क्षेत्र जैसे डेयरी, कृषि, और एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) के हितों की रक्षा को प्राथमिकता दी गई है।
- न्यूजीलैंड की तरफ से कच्ची ऊन, फल (कीवी, सेब), मेवे, एल्यूमिनियम, डेयरी उत्पाद और मांस उत्पाद जैसे वस्तुओं की मांग और भारत की बाजार पहुँच बढ़ाने पर ध्यान है।
- दोनों पक्षों ने बाज़ार पहुंच बढ़ाने, निवेश अवसरों को सशक्त करने और सेवाओं के व्यापार को प्रोत्साहित करने की सहमति जताई है।
- समझौते में एक संतुलित, व्यापक और पारस्परिक लाभकारी रूप देने की दिशा में काम जारी है, जिसमें दोनों देशों की संवेदनशीलताओं का सम्मान होगा।
- भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के निवेश मंत्री टॉड मैक्ले ने इसका समर्थन किया है।
- भारत और न्यूजीलैंड दोनों देशों के बीच इस समझौते को लेकर सकारात्मक और तेजी से प्रगति हो रही है, और इसे जल्द ही अंतिम रुप देने की संभावना है।
- यह समझौता दोनों देशों के रणनीतिक और आर्थिक संबंधों को मजबूत करेगा तथा व्यापार और निवेश को बढ़ावा देगा।

## पपुआ न्यू गिनी को फोर्टिफाइड चावल कर्नेल का पहला सफल निर्यात

छत्तीसगढ़ से पापुआ न्यू गिनी को फोर्टिफाइड चावल कर्नेल का पहला निर्यात सफलतापूर्वक किया गया है, जिसमें 20 मीट्रिक टन फोर्टिफाइड चावल की खेप भेजी गई है।

### मुख्य बिंदु

- यह निर्यात कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (APEDA) की पहल से हुआ है और इसे भारत के कृषि निर्यात पोर्टफोलियो को बढ़ाने और वैश्विक बाजारों में भारत की प्रतिष्ठा मजबूत करने के प्रयास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जाता है।
- फोर्टिफाइड चावल में आयरन, फोलिक एसिड और विटामिन B12 जैसे सूक्ष्म पोषक तत्व जोड़े जाते हैं, जिससे यह पोषण-संपन्न बनता है और वैश्विक खाद्य एवं पोषण सुरक्षा में भारत की तकनीकी क्षमता को दिखाता है।
- पपुआ न्यू गिनी को किए गए निर्यात के अलावा इसी सप्ताह, स्पंज एंटरप्राइजेज ने कोस्टा रिका को 12 मीट्रिक टन फोर्टिफाइड राइस कर्नेल का पहला निर्यात भी किया है।

### पपुआ न्यू गिनी के बारे में

- यह प्रशांत महासागर में स्थित एक द्वीपसमूह है, जिसके पश्चिम में इंडोनेशिया और दक्षिण में ऑस्ट्रेलिया है।
- यह मुख्य रूप से पहाड़ी है और इसमें कई सक्रिय ज्वालामुखी हैं।
- यह दुनिया के सबसे सांस्कृतिक और भाषाई रूप से विविध देशों में से एक है, जहाँ 840 से अधिक भाषाएँ बोली जाती हैं।
- इसकी राजधानी पोर्ट मोरेस्बी और मुद्रा पापुआ न्यू गिनी किना है।
- पापुआ न्यू गिनी एक संवैधानिक राजतंत्र है और यह राष्ट्रमंडल देशों का सदस्य है।

## बांग्लादेश औपचारिक रूप से संयुक्त राष्ट्र जल सम्मेलन में शामिल होने वाला पहला दक्षिण एशियाई देश

बांग्लादेश संयुक्त राष्ट्र पारसीमीय जल मार्गों और अन्तरराष्ट्रीय झीलों के संरक्षण एवं उपयोग पर कन्वेंशन (UN Water Convention) में औपचारिक रुप से शामिल हो गया है। इस ऐतिहासिक क़दम के साथ, बांग्लादेश इस सन्धि का हिस्सा बनने वाला दक्षिण एशिया का प्रथम, और दुनिया का 56वाँ देश बन गया है।

### संयुक्त राष्ट्र जल सम्मेलन के बारे में

- यह संधि "सीमापार जलधाराओं और अंतर्राष्ट्रीय झीलों के संरक्षण और उपयोग पर कन्वेंशन" का नाम है।
- **स्थापना:** 1992 में हेलसिंकी (हेलसिंकी) में अपनाई गई और 1996 में लागू हुई।
- **संस्था:** इसे UNECE (यूरोप के लिए संयुक्त राष्ट्र आर्थिक आयोग) ने शुरु किया था।
- 2016 से यह सभी संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों के लिए खुला है।

## तुफान कालमेगी

- तुफान कालमेगी, हाल ही में फिलीपींस और वियतनाम को प्रभावित करने वाला एक शक्तिशाली उष्णकटिबंधीय चक्रवात था।

NOT FOR SALE

- फिलीपींस में इस तूफान ने भारी तबाही मचाई, जहां लगभग 204 लोग मारे गए और 135 से अधिक लोग लापता हुए। इस तूफान के कारण भारी बारिश, तेज हवाएं, बाढ़ और भूस्खलन हुआ, जिससे लाखों लोगों का जीवन प्रभावित हुआ।
- राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने फिलीपींस में राष्ट्रीय आपातकाल घोषित किया और प्रभावित लोगों की मदद के लिए तेजी से बचाव कार्य शुरू किए।
- कालमेगी , फिलीपींस के बाद वियतनाम भी पहुंचा, जहां तेज हवाओं की रफ्तार 149 किमी/घंटा तक पहुंच गई। वियतनाम में लगभग 57 घर गिर गए और 2,600 घरों को नुकसान हुआ। वहां पांच लोग मारे गए और तीन अन्य लापता हैं।
- फिलीपींस में कालमेगी के बाद सुपर तूफान फुंग-वोंग ने भी दस्तक दी, जिसकी रफ्तार 185 किमी/घंटा तक रहा और इसने अतिरिक्त तबाही मचाई। तूफानों ने दोनों देशों के करोड़ों लोगों को प्रभावित किया और आपदाओं का व्यापक प्रभाव डाला।

## तोरखम सीमा

### चर्चा में क्यों?

हाल ही में अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच सुरक्षा और क्षेत्रीय नियंत्रण को लेकर चल रहे तनाव के मध्य अफगान बलों द्वारा विवादित सीमा क्षेत्र तोरखम में निर्माण कार्य शुरू करने से विवाद बढ़ जाने से चर्चा में बना हुआ है।

### मुख्य बिंदु

- सुरक्षा और क्षेत्रीय नियंत्रण को लेकर चल रहे तनाव के मध्य अफगान बलों द्वारा विवादित सीमा क्षेत्र में निर्माण कार्य शुरू करने के कारण दोनों देशों के बीच तोरखम बॉर्डर क्रॉसिंग कई बार बंद हो गई और सीमा सुरक्षा बलों के बीच झड़पें हुईं।
- इस विवाद के चलते अफगान शरणार्थियों की वापसी और व्यापार दोनों प्रभावित हुए, जिससे दोनों देशों की अर्थव्यवस्था पर भी नकारात्मक असर पड़ा।

### तोरखम सीमा के बारे में

- तोरखम सीमा पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय सीमा है, जो पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में स्थित तोरखम कस्बे और अफगानिस्तान के नंगरहार प्रांत के बीच है।
- यह सीमा ग्रैंड ट्रंक रोड पर है और दोनों देशों के बीच यातायात और व्यापार का एक मुख्य मार्ग है।
- यह सीमा पश्तून लोगों के क्षेत्र में स्थित है और अफगानिस्तान की आर्थिक स्थिति के लिए बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि तालिबान संचालित अफगानिस्तान का मुख्य व्यापारिक रास्ता है।

## दक्षिण कोरिया के ग्योंगजू में APEC शिखर सम्मेलन

दक्षिण कोरिया के ग्योंगजू में 31 अक्टूबर से 1 नवंबर 2025 तक आयोजित APEC शिखर सम्मेलन ने एशिया-प्रशांत क्षेत्र की 21 सदस्य अर्थव्यवस्थाओं के बीच सहयोग को मजबूत किया।

### मुख्य बिंदु

- दक्षिण कोरिया के ग्योंगजू में 2025 का एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (APEC) शिखर सम्मेलन 31 अक्टूबर से 1 नवंबर, 2025 तक आयोजित हुआ, जो क्षेत्रीय आर्थिक सहयोग, डिजिटल परिवर्तन, और समावेशी विकास के लिए महत्वपूर्ण रहा।
- ग्योंगजू में यह आयोजन दक्षिण कोरिया द्वारा दूसरी बार APEC की मेजबानी थी, पहली बार 2005 में मेजबानी की गई थी।
- इस सम्मेलन में APEC नेताओं ने "ग्योंगजू घोषणा-पत्र (2025)" को अपनाया, इस घोषणा-पत्र के मुख्य बिंदु इस प्रकार हैं:-
  1. समावेशी आर्थिक विकास के प्रति APEC नेताओं की प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई।
  2. कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) और जनसांख्यिकीय बदलावों के श्रम बाजारों पर परिवर्तनकारी प्रभाव को मान्यता दी गई।
  3. इस सम्मेलन में तीन प्राथमिकताएं रेखांकित की गईं:-
     - → विश्व की सबसे गतिशील और परस्पर जुड़ी क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था का निर्माण।
     - → क्षेत्र को डिजिटल और AI आधारित परिवर्तन के लिए तैयार करना।
     - → साझा चुनौतियों का समाधान करते हुए समावेशी और टिकाऊ विकास सुनिश्चित करना।
  4. जन-केंद्रित, अंतर-पीढ़ीगत नीतियों का आग्रह किया गया, जो सामाजिक नवाचार, मजबूत रोजगार, राजकोषीय समुत्थानशीलता, और वृद्ध आबादी के लिए सक्षम हों।
  5. समावेशी और नियम-आधारित बहुपक्षवाद के प्रति प्रतिबद्धता जताई गई, जिसमें मुक्त एवं निष्पक्ष व्यापार, स्थिर निवेश वातावरण, और बहुपक्षीय सहयोग को बढ़ावा दिया गया।
  6. पुत्रजया विज़न 2040 को पुनः पुष्ट किया गया, जिसका लक्ष्य खुले, गतिशील, अनुकूलनशील, और शांतिपूर्ण एशिया-प्रशांत समुदाय का निर्माण है।
  7. वस्तुओं, सेवाओं, निवेश और जन-आवागमन को सुगम बनाने के लिए सीमा शुल्क प्रक्रियाओं के सरलीकरण, व्यावसायिक वातावरण में सुधार, और क्षेत्रीय नीतियों एवं मानकों में सामंजस्य स्थापित करने पर बल दिया गया।

### APEC के बारे में

- **स्थापना:** इसकी स्थापना 1989 में सिंगापुर में हुई थी।
- **मुख्यालय:** सिंगापुर में स्थित है।
- **सदस्य देश:** इसके 21 सदस्य अर्थव्यवस्थाएँ हैं जिनमें ऑस्ट्रेलिया, ब्रुनेई दारुस्सलाम, कनाडा, चिली, चीन, इंडोनेशिया, जापान, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, मेक्सिको, न्यूजीलैंड, पापुआ न्यू गिनी, पेरू, फिलीपींस, रूस, सिंगापुर, चीनी ताइपे, थाईलैंड, अमेरिका, वियतनाम शामिल हैं।
- **आबादी और आर्थिक योगदान:** ये सदस्य देश लगभग 2.95 अरब की आबादी और विश्व के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) का लगभग 62% एवं वैश्विक व्यापार का 48% प्रतिनिधित्व करते हैं।
- **उद्देश्य:** APEC का उद्देश्य एशिया-प्रशांत क्षेत्र में मुक्त और खुले व्यापार, आर्थिक सहयोग और क्षेत्रीय एकीकरण को बढ़ावा देना है।

NOT FOR SALE

## आसियान का 47वां शिखर सम्मेलन 2025

आसियान का 47वां शिखर सम्मेलन 26 से 28 अक्टूबर 2025 तक मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में आयोजित हुआ। मलेशिया की अध्यक्षता में आयोजित इस सम्मेलन में 30 से अधिक नेता और देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

- इस सम्मेलन का मुख्य विषय "समावेशिता और स्थिरता" (Inclusivity and Sustainability) था, जिसमें क्षेत्रीय शांति, आर्थिक विकास और समावेशी नीतियों पर चर्चा की गई।
- इस सम्मेलन का विशेष महत्व तिमोर-लेस्ते का आसियान का 11वां सदस्य के रूप में शामिल होना रहा, जिसे औपचारिक रूप से घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर कर सदस्यता दी गई।

### आसियान (ASEAN) के बारे में

- आसियान (ASEAN) का पूरा नाम Association of Southeast Asian Nations है। यह दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों का एक क्षेत्रीय संगठन है, जिसकी स्थापना 8 अगस्त 1967 को थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में की गई थी।
- आसियान का मुख्यालय इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में है।
- इसके संस्थापक सदस्य देश इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर और थाईलैंड हैं। बाद में ब्रुनेई (1984), वियतनाम (1995), लाओस और म्यांमार (1997), कंबोडिया (1999) और तिमोर-लेस्ते (2025) भी इसमें शामिल हुए।
- आसियान का उद्देश्य दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के बीच राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देना और क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि लाना है।

### तिमोर-लेस्ते के बारे में

- तिमोर-लेस्ते मलय द्वीपसमूह के दक्षिणी छोर पर पूर्वी लेसर सुंडा द्वीप समूह में स्थित है। इसकी राजधानी दिली (ढिली) है।
- इसकी सीमाएँ इंडोनेशिया (पश्चिमी तिमोर) के साथ लगती हैं।
- देश की स्थलाकृति पहाड़ी है और इसका उच्चतम बिंदु माउंट टाटामैलाउ है।
- प्रधानमंत्री- कय राला ज़नाना गुसमाँ।

## बीजिंग में भारतीय दूतावास में रविंद्रनाथ टैगोर की कांस्य प्रतिमा का अनावरण

- बीजिंग में भारतीय दूतावास में रविंद्रनाथ टैगोर की कांस्य प्रतिमा का अनावरण किया गया, जिसे चीनी मूर्तिकार युआन शिकुन ने बनाया है।
- इस प्रतिमा का अनावरण 'संगमम् – भारतीय दार्शनिक परंपराओं का संगम' नामक सांस्कृतिक संगोष्ठी के अवसर पर हुआ।
- यह कार्यक्रम टैगोर की ऐतिहासिक चीन यात्रा की 100वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था।
- प्रतिमा टैगोर के जीवन, उनकी साहित्यिक और दार्शनिक विचारधारा का प्रतीक है तथा भारत और चीन के बीच सदियों पुराने सांस्कृतिक संवाद को सम्मान देती है।

### रविन्द्र नाथ टैगोर के बारे में

- इनका जन्म 7 मई 1861 को कोलकाता (तब कलकत्ता) में हुआ।
- टैगोर बचपन से ही बहु प्रतिभाशाली थे। वे कवि, लेखक, नाटककार, गीतकार, दार्शनिक, चित्रकार के रूप में ख्याति प्राप्त थे।
- इनकी महत्वपूर्ण कृति रही 'गीतांजलि', जिसमें 103 कविताएँ हैं, जो मूल रूप से बंगाली में थी और बाद में टैगोर ने इसे अंग्रेजी में अनुवादित किया।
- 1913 में 'गीतांजलि' के लिए साहित्य में नोबेल पुरस्कार मिला, वे इस पुरस्कार को पाने वाले पहले एशियाई और पहले गैर-यूरोपीय व्यक्ति बने।
- भारत का राष्ट्रगान 'जन गण मन' और बांग्लादेश का राष्ट्रगान 'अमार शोनार बांग्ला' टैगोर की रचनाएँ हैं।
- 1901 में शांति निकेतन की स्थापना की, जो बाद में विश्व-भारती विश्वविद्यालय बना।
- जलियाँवाला बाग हत्याकांड की निंदा की और अपने 'सर' का खिताब ब्रिटिश सरकार को वापस कर दिया।
- इनका निधन 7 अगस्त 1941 को कोलकाता में हुआ।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दो दिवसीय भूटान दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भूटान दौरा 11 और 12 नवंबर 2025 को हुआ, जो दोनों देशों के पारंपरिक और गहरे रिश्तों को नई ऊँचाई तक ले जाने वाला महत्वपूर्ण दौर रहा। इस दो दिवसीय राजकीय यात्रा के दौरान पीएम मोदी ने भूटान के चौथे राजा जिग्मे सिंग्ये वांगचुक के 70वें जन्मदिन समारोह में हिस्सा लिया और भूटान के वर्तमान राजा जिग्मे खेसर नामग्येल वांगचुक तथा प्रधानमंत्री त्शेरिंग तोबगे से महत्वपूर्ण बैठकें कीं।

### मुख्य बिंदु

- यात्रा के मुख्य आकर्षणों में पुनातसांगछू-II जलविद्युत परियोजना का संयुक्त उद्घाटन शामिल था, जो भारत-भूटान की ऊर्जा साझेदारी को मजबूती देता है।
- इसके अलावा भारत ने भूटान की 13वीं पंचवर्षीय योजना के लिए आर्थिक समर्थन और विभिन्न योजनाओं के लिए 10,000 करोड़ रुपये की सहायता देने की घोषणा की।
- भारत ने भूटान में ऊर्जा परियोजनाओं के लिए 40 अरब रुपये की रियायती ऋण सहायता भी प्रदान की।
- पीएम मोदी ने भूटान के लोगों के लिए यूपीआई भुगतान सुविधा शुरु करने की भी घोषणा की, जिससे दोनों देशों की आर्थिक और तकनीकी साझेदारी और अधिक बढ़ेगी।
- पीएम मोदी ने भूटान के साथ सीमा पार संपर्क, बुनियादी ढांचे के विकास, ऊर्जा, स्वास्थ्य, नवीकरणीय संसाधन, और सांस्कृतिक-आध्यात्मिक क्षेत्रों में सहयोग को विस्तार देने पर भी बल दिया।
- यात्रा के दौरान ग्लोबल पीस फेस्टिवल एवं भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों का भव्य स्वागत किया गया, जो दोनों देशों के गहरे आध्यात्मिक और सांस्कृतिक बंधन को दर्शाता है।
- इस दौरे ने भारत-भूटान संबंधों में नया अध्याय जोड़ा और दोनों देशों की दोस्ती, साझेदारी, और क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत किया।

NOT FOR SALE

## सांस्कृतिक सहयोग पर भारत और सउदी अरब ने एक एमओयू हस्ताक्षरित किए

भारत और सऊदी अरब ने 9 नवंबर 2025 को रियाद में सांस्कृतिक सहयोग पर एक द्विपक्षीय समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते का मकसद दोनों देशों के बीच कला, संगीत, साहित्य, विरासत और सांस्कृतिक संरक्षण जैसे क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देना है।

### मुख्य बिंदु

- कला, संगीत, और साहित्य के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाना।
- सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्द्धन के लिए सहयोग।
- दोनों देशों के सांस्कृतिक संस्थानों और कलाकारों के बीच एक्सचेंज प्रोग्राम और संवाद को प्रोत्साहित करना।
- सांस्कृतिक आयोजनों, त्योहारों और प्रदर्शनों में भागीदारी को सुविधाजनक बनाना।
- पर्यटन और सांस्कृतिक विरासत के प्रचार-प्रसार के लिए आपसी सहयोग।
- युवा पीढ़ी के बीच सांस्कृतिक समझदारी और आदान-प्रदान को बढ़ावा देना।
- नई डिजिटल टेक्नोलॉजी के माध्यम से सांस्कृतिक संसाधनों का संरक्षण और प्रचार करना।
- इस समझौते के तहत् दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना, नियामक और नीतिगत अनुभवों का आदान-प्रदान करना, और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण से जुड़े ज्ञान और व्यवहार को साझा करना है।
- इसके तहत सांस्कृतिक संस्थानों के बीच संवाद और सहयोग को भी प्रोत्साहित किया जाएगा।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा अंगोला के स्वतंत्रता के 50वीं वर्षगांठ के समारोह में भागीदारी

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 8 से 11 नवंबर 2025 तक अंगोला की राजकीय यात्रा की, जो किसी भारतीय राष्ट्रपति की पहली अंगोला यात्रा थी।
- उन्होंने अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ मैनुएल गोंसाल्वेस लोरेंसो के निमंत्रण पर अंगोला की स्वतंत्रता की 50वीं वर्षगांठ के समारोह में 11 नवंबर को भाग लिया।
- इस अवसर पर उन्होंने अंगोला की संसद को भी संबोधित किया और भारतीय समुदाय से मुलाकात की।
- यात्रा के दौरान दोनों देशों ने व्यापार, निवेश, कृषि, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे, रक्षा और विकास साझेदारी सहित कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की तथा दो समझौता ज्ञापन भी किए। तत्पश्चात राष्ट्रपति मुर्मू यहां से बोत्सवाना के लिए निकलीं।
- यह यात्रा भारत और अंगोला के बीच राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण अवसर थी।

## ग्लोबल इन्वेस्टमेंट रिस्क एंड रेसीलेंस इंडेक्स 2025

ग्लोबल इन्वेस्टमेंट रिस्क एंड रेसीलेंस इंडेक्स 2025 में भारत को 226 देशों में 155वां स्थान प्राप्त हुआ है। यह रैंकिंग भारत की आर्थिक, नियामक और राजनीतिक जोखिमों के लिए उच्च संवेदनशीलता और संस्थागत, पर्यावरणीय तथा बुनियादी ढांचे की सीमित लचीलापन क्षमता को दर्शाती है। स्विट्जरलैंड इस इंडेक्स में सबसे सुरक्षित और लचीला देश है।

### मुख्य बिंदु

- BRICS देशों में भारत का यह प्रदर्शन सबसे कम है, जबकि चीन 49वें स्थान पर सबसे आगे है, और रूस, दक्षिण अफ्रीका तथा ब्राजील भी भारत से बेहतर स्थिति में हैं।
- रिपोर्ट के अनुसार, भारत तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होने के बावजूद, क्लाइमेट डिसरप्शन, ऊर्जा निर्भरता, जटिल नियामक माहौल, सामाजिक-आर्थिक असमानता और कमजोर संस्थागत ढांचे जैसी चुनौतियों का सामना कर रहा है।
- भारत का कुल लचीलापन स्कोर 49.76 (मध्यम) है, जबकि जोखिम स्कोर 40.91 (उच्च) है, जो देश की उच्च जोखिम-प्रतिक्रिया को दिखाता है।
- भारत के सकारात्मक पहलुओं में इसका इनोवेशन इकोसिस्टम, युवा डेमोग्राफिक लाभ और डिजिटल परिवर्तन शामिल हैं, जो बेहतर शासन और टिकाऊ बुनियादी ढांचे के साथ जुड़ने पर उसकी लचीलापन क्षमता को बढ़ा सकते हैं।

## कनाडा के नियाग्रा में G -7 के विदेश मंत्रियों की बैठक

जी-7 विदेश मंत्रियों की बैठक 11-12 नवंबर 2025 को कनाडा के नियाग्रा में आयोजित हुई, जिसमें जी-7 के सदस्य देशों के साथ भारत, ब्राज़ील, ऑस्ट्रेलिया, सऊदी अरब, मेक्सिको, दक्षिण कोरिया, दक्षिण अफ्रीका और यूक्रेन जैसे आउटरीच देशों ने भाग लिया।

### मुख्य बिंदु

- भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने इस बैठक में भाग लेकर वैश्विक चुनौतियों पर सहयोग और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर ग्लोबल साउथ की आवाज को मजबूत करने की भारत की प्रतिबद्धता जताई।
- बैठक में जयशंकर ने फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन और ब्राज़ील के विदेश मंत्रियों से द्विपक्षीय वार्ताएं कीं, जिसमें रणनीतिक साझेदारी, रक्षा सहयोग, व्यापार, निवेश, स्वास्थ्य और तकनीकी सहयोग बढ़ाने जैसे विषयों पर चर्चा हुई।
- जयशंकर ने कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद से भी मुलाकात की, दोनों ने द्विपक्षीय संबंधों को सुधारने, खासकर व्यापार, ऊर्जा, सुरक्षा, और लोगों के बीच संबंधों को बढ़ावा देने पर सहमति जताई।
- इस बैठक में समुद्री सुरक्षा, आर्थिक लचीलापन, ऊर्जा सुरक्षा, महत्वपूर्ण खनिजों और वैश्विक आर्थिक एवं सुरक्षा मुद्दों पर भी चर्चा हुई। जयशंकर ने अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाकर वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला की स्थिरता और अनिश्चितताओं को कम करने पर जोर दिया।

NOT FOR SALE

### G -7 के बारे में

- G-7 (ग्रुप ऑफ सेवन) दुनिया के सात सबसे विकसित और औद्योगिक देशों का एक अनौपचारिक समूह है जिसमें कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल हैं।
- इसकी स्थापना 1975 में छह देशों (G-6) के रूप में हुई थी, और 1976 में कनाडा को शामिल कर इसे G-7 बनाया गया।
- यूरोपीय संघ भी इसमें प्रतिनिधि के रूप में शामिल होता है, हालांकि वह औपचारिक सदस्य नहीं है।
- 1997 में रूस को शामिल कर इसे G-8 बनाया गया था, लेकिन 2014 में रूस को निलंबित कर फिर से G-7 बन गया।
- इस समूह का मुख्य उद्देश्य वैश्विक आर्थिक मुद्दों, अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा, ऊर्जा नीति, जलवायु परिवर्तन आदि जैसे जरूरी विषयों पर सहयोग और समन्वय करना है।

## जलवायु जोखिम सूचकांक (CRI) 2025

### चर्चा में क्यों?

हाल ही में जारी जलवायु जोखिम सूचकांक (CRI) 2025 में भारत को दीर्घकालिक जोखिम के अनुसार 9वां और वार्षिक जोखिम के अनुसार 15वां स्थान दिया गया है।

### मुख्य बिंदु

- ग्लोबल थिंक टैंक जर्मनवॉच द्वारा जारी जलवायु जोखिम सूचकांक (सीआरआई) चरम मौसम के मानवीय और आर्थिक नुकसान के आधार पर देशों को रैंक करता है।
- 2025 में भारत के लिए जारी रैंकिंग पिछले वर्षों की तुलना में सुधार दर्शाता है, जहां भारत 1994-2023 में 8वें और वर्ष 2023 में 10वें स्थान पर था।
- आपदाओं से निपटने की बेहतर तैयारी, अधिक प्रभावी पूर्व चेतावनी प्रणालियाँ, और जलवायु अनुकूलन नीतियों का सफल कार्यान्वयन से भारत में यह सुधार संभव हो सका है।
- भारत ने पिछले तीन दशकों में लगभग 430 गंभीर मौसम संबंधी घटनाओं का सामना किया, जिनसे करीब 80,000 मौतें हुईं और लगभग 170 अरब डॉलर का आर्थिक नुकसान हुआ।
- इन घटनाओं में हीटवेव, बाढ़, और तूफान प्रमुख हैं, जो भारत की densely populated तटीय और नदी घाटी क्षेत्रों को बार-बार प्रभावित करते हैं, जिससे पुनर्निर्माण कार्य भी प्रभावित होता है।

### जलवायु जोखिम सूचकांक के मुख्य बिंदु

- जलवायु जोखिम सूचकांक (सीआरआई) रैंकिंग के अनुसार 1995-2024 में डोमिनिका, म्यांमार और होंडुरास चरम मौसम की घटनाओं के प्रभाव से सबसे अधिक प्रभावित देश थे।
- सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइंस, ग्रेनेडा और चाड 2024 में चरम मौसम की घटनाओं के प्रभाव से सबसे अधिक प्रभावित हुए।
- 1995 से 2024 तक, 9,700 से अधिक चरम मौसम की घटनाओं के कारण दुनिया भर में 832,000 से अधिक लोगों की मृत्यु हुई और 4.5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर (मुद्रास्फीति-समायोजित) से अधिक का प्रत्यक्ष आर्थिक नुकसान हुआ।
- बाढ़, तूफ़ान, लू और सूखा सबसे प्रमुख अल्पकालिक और दीर्घकालिक प्रभाव थे। 1995 से 2024 तक, लू (33%) और तूफ़ान (33%) के कारण सबसे ज़्यादा मौतें हुईं। प्रभावित लोगों में से लगभग आधे (48%) बाढ़ के कारण थे।

## वॉक टू मार्स"

- संयुक्त अरब अमीरात (UAE) ने अपनी 54वीं स्थापना दिवस के अवसर पर राष्ट्रव्यापी राष्ट्रीय अभियान "वॉक टू मार्स" की शुरुआत की है।
- इस अभियान के तहत लोगों को पृथ्वी से मंगल ग्रह तक की लगभग पांच करोड़ 40 लाख किलोमीटर की दूरी तक पैदल चलने, साइकिल चलाने या तैरने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।
- इसका मुख्य विषय "हर कदम महत्वपूर्ण है" है। यह पहल सभी आयु वर्ग के लोगों के बीच रोजमर्रा की सक्रिय जीवनशैली और स्वास्थ्य कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गई है।
- इस अभियान की शुरुआत के साथ ही अबूधाबी-2026 के लिए क्षेत्र के सबसे बड़े खेल समारोह ओपन मास्टर्स गेम्स की सौ दिन की उल्टी गिनती भी शुरू हो गई है।

## 2026 "आसियान-भारत समुद्री सहयोग वर्ष" घोषित

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 अक्टूबर 2025 को मलेशिया के कुआलालंपुर में हुए 22वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में वर्ष 2026 को "आसियान-भारत समुद्री सहयोग वर्ष" घोषित किया।
- यह पहल सम्मेलन की थीम "समावेशिता और स्थिरता" के अनुरूप है, जिसमें समुद्री सुरक्षा, ब्लू इकॉनमी, मानवीय सहायता और आपदा राहत (HADR), तथा समुद्री कनेक्टिविटी को प्रमुखता दी गई है।
- प्रधानमंत्री मोदी ने वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि 21वीं सदी भारत और आसियान की सदी है, तथा यह पहल दोनों के बीच सहयोग को और गहरा करेगी।

### प्रमुख उद्देश्य

- इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा और निगरानी के साथ क्षमता निर्माण का संवर्धन।
- ब्लू इकॉनमी, विशेषकर सतत मत्स्य पालन और बंदरगाह कनेक्टिविटी में साझेदारी।
- भारत की एक्ट ईस्ट नीति को मजबूत करना और आपदा प्रतिक्रिया में सहयोग बढ़ाना।
- यह कदम भारत-आसियान कार्य योजना 2026-2030 के अनुरूप है, जो आसियान के 10 सदस्य देशों के साथ भारत के रणनीतिक संबंधों को और सशक्त बनाएगा।

NOT FOR SALE

## इंटरनेशनल सैलिनिटी कॉन्फ्रेंस 3.0 (WE-CARE 2025)

इंटरनेशनल सैलिनिटी कॉन्फ्रेंस 3.0 (WE-CARE 2025) मिट्टी और पानी की लवणता से प्रभावित पारिस्थितिक तंत्रों को बहाल करने के लिए विश्वव्यापी प्रयासों पर केंद्रित एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन था, जिसका आयोजन 29 अक्टूबर से 1 नवंबर 2025 तक गोवा के ICAR-CCARI, ओल्ड गोवा में किया गया।

### मुख्य विषय

- सम्मेलन में छह प्रमुख थीम्स पर चर्चा हुई: लवण प्रभावित क्षेत्रों का चित्रण व मैपिंग, सुधार विधियां, बहु-तनाव सहनशील फसलें, जलवायु परिवर्तन का प्रभाव, सामाजिक-आर्थिक आयाम व नीति, तथा तटीय कृषि पर विशेष सत्र।

### मुख्य बिंदु

- यह सम्मेलन ICAR-केंद्रीय मिट्टी लवणता अनुसंधान संस्थान (CSSRI), करनाल और ICAR-केंद्रीय तटीय कृषि अनुसंधान संस्थान (CCARI), गोवा के सहयोग से आयोजित हुआ।
- इसका उद्घाटन ICAR के उप-महानिदेशक (NRM) डॉ. ए.के. नायक ने किया, जिसमें SAARC, AARDO सदस्य देशों सहित जापान, श्रीलंका, मॉरीशस, दुबई, ओमान, केन्या आदि से लगभग 150 प्रतिनिधि शामिल हुए।
- चुनिंदा शोध पत्रों को इंडियन जर्नल ऑफ सॉइल सैलिनिटी एंड वॉटर क्वालिटी में प्रकाशित किया जाएगा।
- यह आयोजन खेती की उत्पादकता, खाद्य सुरक्षा व टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने के लिए वैज्ञानिक नवाचारों व नीतिगत सिफारिशों पर केंद्रित रहा, जहां वैश्विक स्तर पर 10 करोड़ हेक्टेयर से अधिक भूमि लवणता से प्रभावित है।

## आसियान के सदस्य देशों और आठ संवाद साझेदार देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक

- नवंबर 2025 में मलेशिया के कुआलालंपुर में 12वीं आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक-प्लस (ADMM-Plus) आयोजित हुई।
- इसमें आसियान के 11 सदस्य देशों और आठ संवाद साझेदार देशों के रक्षा मंत्री शामिल हुए।
- इस बैठक में भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भाग लिया और इस मंच से जुड़े 15 वर्षों पर चिंतन और आगे की रणनीति पर विचार साझा किया।
- इसका उद्देश्य आसियान देशों और संवाद साझेदारों के बीच रक्षा और सुरक्षा सहयोग को मजबूत करना था।
- ADMM-Plus में शामिल सदस्य देशों में ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओ पीडीआर, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड, तिमोर-लेस्ते, और वियतनाम शामिल हैं।
- संवाद साझेदारों में भारत, अमेरिका, चीन, रूस, जापान, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड शामिल हैं।
- 2024-2027 के लिए भारत और मलेशिया आतंकवाद निरोध पर विशेषज्ञ कार्य समूह की सह-अध्यक्षता कर रहे हैं और समुद्री अभ्यास का दूसरा संस्करण 2026 में आयोजित होगा।
- बैठक में रक्षा सहयोग के साथ आर्थिक विकास, तकनीक साझा करना, और मानव संसाधनों में सहयोग को बढ़ावा देने पर भी ज़ोर दिया गया।
- राजनाथ सिंह ने इस मंच को हिंद-प्रशांत क्षेत्र में समावेशी और दबाव-मुक्त सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने के लिए आवश्यक बताया और भारत की 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' में आसियान के महत्व को भी रेखांकित किया।
- इस दौरान द्विपक्षीय वार्ता भी हुई और अमेरिका के साथ 10 वर्ष का नया रक्षा फ्रेमवर्क समझौता भी संपन्न हुआ।
- इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा सहयोग और आतंकवाद-रोधी प्रयासों को बढ़ाना है, जिससे क्षेत्र में सामूहिक सुरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित की जा सके।
- यह मंच आसियान और संवाद साझेदार देशों के बीच सुरक्षा सहयोग और रणनीतिक साझेदारी का मजबूत आधार बनाता है।

## खाबारोवस्क

खाबारोवस्क (Khabarovsk) रूस की नई परमाणु-संचालित पनडुब्बी है, जिसे नवंबर 2025 में सेवमाश शिपयार्ड में लॉन्च किया गया। यह मुख्य रूप से पोसाइडन (Poseidon) नामक परमाणु ऊर्जा से चलने वाले अंडरवाटर ड्रोन/मिसाइल सिस्टम को ले जाने के लिए डिज़ाइन की गई है, जिसे "डूम्सडे" या "प्रलय मिसाइल" भी कहा जाता है।

### मुख्य बिंदु

- यह पनडुब्बी रूस की परियोजना 09851 का हिस्सा है और रुबिन सेंट्रल डिज़ाइन ब्यूरो द्वारा विकसित की गई।
- इसकी लंबाई लगभग 135 मीटर, चौड़ाई 10-13.5 मीटर और विस्थापन 10,000 टन है, जो इसे यासेन क्लास जैसी आकार की बनाती है।
- यह 30-32 नॉट्स की पानी के नीचे गति, 500 मीटर की गहराई और 90-120 दिनों की मिशन अवधि प्रदान करती है, जिसमें 100 सदस्यीय चालक दल होता है।
- इसमें छह पोसाइडन ड्रोन ले जाने की क्षमता है, जो बहु-मेगाटन परमाणु वारहेड से लैस होते हैं और गहरे समुद्र में लंबी दूरी तय कर तटीय क्षेत्रों को नष्ट करने में सक्षम हैं।
- पनडुब्बी पोसाइडन के अलावा एंटी-शिप मिसाइलें और टॉरपीडो भी ले जा सकती है।
- इसकी गति 186 किमी/घंटा तक हो सकती है, साथ ही उन्नत सेंसर, सोनार और रोबोटिक सिस्टम इसे पानी के नीचे लगभग अदृश्य बनाते हैं।
- यह पनडुब्बी रूस की द्वितीय प्रहार क्षमता को मजबूत करती है, जो परमाणु हमले के बाद भी जवाबी कार्रवाई सुनिश्चित करती है।

NOT FOR SALE

## भारत और इज़राइल के मध्य रक्षा सहयोग पर 17वीं संयुक्त कार्य समूह (JWG) बैठक

भारत और इज़राइल ने नवंबर 2025 में तेल अवीव में रक्षा सहयोग को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए। यह 17वीं संयुक्त कार्य समूह (JWG) बैठक के दौरान हुआ, जिसकी सह-अध्यक्षता भारत के रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और इज़राइल के रक्षा मंत्रालय के महानिदेशक मेजर जनरल (रिज़र्व) अमीर बराम ने की।

### समझौते के प्रमुख क्षेत्र

- यह MoU उन्नत तकनीकों के आदान-प्रदान, AI, साइबर सुरक्षा, संयुक्त हथियार विकास और उत्पादन पर केंद्रित है।
- दोनों देशों ने मौजूदा सहयोग की समीक्षा की और आतंकवाद जैसी साझा चुनौतियों से निपटने पर प्रतिबद्धता जताई। इससे रक्षा साझेदारी में नई गहराई आएगी।

### बैठक का महत्व

- JWG की यह 17वीं बैठक 4 नवंबर 2025 को तेल अवीव में संपन्न हुई, जो दोनों देशों के भरोसेमंद संबंधों को दर्शाती है। इससे पहले के सहयोग से दोनों पक्षों को लाभ हुआ है, और भविष्य में संचालन क्षमता बढ़ाने पर चर्चा हुई।

## वैश्विक शांति प्रार्थना महोत्सव (Global Peace Prayer Festival 2025)

भूटान ने थिम्पू में 4 नवंबर 2025 को वैश्विक शांति प्रार्थना महोत्सव (Global Peace Prayer Festival 2025) का औपचारिक उद्घाटन किया, जो 16-दिवसीय (4-19 नवंबर) आध्यात्मिक आयोजन रहा।

### मुख्य बिंदु

- यह महोत्सव वर्तमान वैश्विक संघर्षों के बीच शांति, करुणा और सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए भूटान की शाही सरकार द्वारा आयोजित किया गया।
- थिम्पू के चांगलिमथांग स्टेडियम में भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और मुख्य मठाधीश ट्रुलकु जिग्मे चोएद्रा ने इसका शुभारंभ किया।
- प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे भी उपस्थित रहे, जहां पवित्र अनुष्ठान, गैर-सांप्रदायिक प्रार्थना, बाजगुरु पाठ और कालचक्र अभिषेक जैसे कार्यक्रम हुए।

### मुख्य विशेषताएं

- थेरवाद, महायान और वज्रयान बौद्ध परंपराओं के लामा, विद्वान और साधक इसमें भाग ले रहे हैं।
- भगवान बुद्ध के पिपरहवा अवशेषों की प्रतिष्ठा भूटान के चौथे नरेश जिग्मे सिंग्ये वांगचुक की 70वीं जयंती पर हुई, जो भारत से उपहार के रूप में प्राप्त हुए।
- आयोजन भूटान की आध्यात्मिक विरासत को दर्शाता है और भारत-भूटान संबंधों को मजबूत करता है।

### भारत की भागीदारी

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11-12 नवंबर 2025 की भूटान यात्रा के दौरान कालचक्र अनुष्ठान में भाग लिया और चौथे भूटान नरेश से भेंट की। केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह ने भी महोत्सव में शिरकत की।

## क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026

क्यू एस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग एक वार्षिक रैंकिंग है जो विभिन्न विश्वविद्यालयों की वैश्विक रैंकिंग जारी करती है। क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (MIT) शीर्ष पर है, जबकि आईआईटी दिल्ली भारत में शीर्ष स्थान पर है। दुनिया भर में 1,500 से अधिक विश्वविद्यालय इस रैंकिंग में शामिल हैं, जिसमें अमेरिका का वर्चस्व है।

### मुख्य बिंदु

- **मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (MIT):** दुनिया की शीर्ष यूनिवर्सिटी है।
- आईआईटी दिल्ली, 123वीं वैश्विक रैंक के साथ भारत में पहले स्थान पर है।
- आईआईटी बॉम्बे और आईआईटी मद्रास भारत में क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।
- 54 भारतीय संस्थानों को क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में शामिल किया गया है।

### रैंकिंग के मापदंड

- क्यूएस रैंकिंग में शैक्षणिक प्रतिष्ठा, नियोक्ता प्रतिष्ठा, संकाय-छात्र अनुपात और छात्र-संकाय उद्धरण जैसे कारकों का मूल्यांकन किया जाता है।

## मिनटमैन-3 इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल (ICBM) का सफल परीक्षण

अमेरिका ने 5 नवंबर 2025 को कैलिफोर्निया के वांडेनबर्ग स्पेस फोर्स बेस से मिनटमैन-3 इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल (ICBM) का सफल परीक्षण किया, जो बिना वारहेड के था और लगभग 6759 किमी दूरी तय कर मार्शल द्वीपसमूह के रोनाल्ड रीगन टेस्ट साइट पर पहुंची।

### मुख्य बिंदु

- यह परीक्षण मिसाइल प्रणाली की विश्वसनीयता, ऑपरेशनल तैयारी और सटीकता जांचने के लिए किया गया, जिसमें एयरबोर्न लॉन्च कंट्रोल सिस्टम का बैकअप भी परखा गया।
- मिनटमैन-3 परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है और इसकी मारक क्षमता 13,000-14,000 किमी तक है, जो इसे रूस के मॉस्को या चीन के बीजिंग जैसे लक्ष्यों को मिनटों में निशाना बनाने योग्य बनाती है।
- यह तीन चरण वाली ठोस ईंधन मिसाइल है, जो अमेरिका की भूमि-आधारित न्यूक्लियर डिटेरेंट रणनीति का मुख्य हिस्सा है।

NOT FOR SALE

## डब्ल्यूजेपी रूल ऑफ लॉ इंडेक्स 2025

वर्ल्ड जस्टिस प्रोजेक्ट (डब्ल्यूजेपी) रूल ऑफ लॉ इंडेक्स 2025 में 143 देशों को कानून के शासन के आधार पर 0 से 1 के स्कोर पर रैंक किया गया है, जिसमें सरकारी शक्तियों पर प्रतिबंध, भ्रष्टाचार की कमी, खुली सरकार, मौलिक अधिकार, व्यवस्था व सुरक्षा, नियामक प्रवर्तन, सिविल न्याय और आपराधिक न्याय जैसे आठ कारक शामिल हैं।

### मुख्य बिंदु

- वैश्विक स्तर पर कानून के शासन में गिरावट आई है, 68% देशों के स्कोर पिछले वर्ष से कम हुए हैं, जो सत्तावादी प्रवृत्तियों और न्यायिक स्वतंत्रता पर खतरे से प्रेरित है।
- यह सूचकांक 149,000 से अधिक लोगों और 3,400 कानूनी विशेषज्ञों के सर्वेक्षणों पर आधारित है, जो 28 अक्टूबर 2025 को जारी हुआ।
- डेनमार्क, नार्वे और फिनलैंड इस सूचकांक में शीर्ष तीन स्थान पर रहें।

### भारत की स्थिति

- भारत 143 देशों में 86वें स्थान पर है, कुल स्कोर 0.49 के साथ, जो पिछले वर्ष से छह पायदान नीचे और 1.7% की गिरावट दर्शाता है, मुख्यतः न्यायिक विलंब, सरकारी जवाबदेही और नागरिक स्वतंत्रताओं में कमजोरी के कारण।
- भारत की तुलना में, अमेरिका 27वें स्थान पर (स्कोर 0.68, 2.8% गिरावट), चीन 92वें पर (स्कोर 0.48, 0.8% वृद्धि के साथ चार पायदान ऊपर) और पाकिस्तान 130वें पर (स्कोर 0.37, 2.3% गिरावट) है।
- दक्षिण एशिया के छह देशों में भारत तीसरे स्थान पर है।

## CBSE ने दुबई में पहली अंतरराष्ट्रीय सहोदया सम्मेलन आयोजित की

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) ने दुबई में पहली अंतरराष्ट्रीय सहोदया सम्मेलन का आयोजन किया। यह आयोजन 31वां वार्षिक और पहला अंतरराष्ट्रीय सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स सम्मेलन 4-5 नवंबर 2025 को ग्रैंड हयात दुबई में हुआ। इसमें खाड़ी क्षेत्र सहित दुनिया भर के 1000 से अधिक CBSE स्कूलों के प्रिंसिपल, शिक्षक और हितधारक शामिल हुए।

### मुख्य बिंदु

- सम्मेलन का विषय "Rooted in Wisdom, Rising with Vision: Reimagining Education through NEP 2020" था, जो नई शिक्षा नीति 2020 के माध्यम से समग्र शिक्षा, नवाचार, AI का उपयोग, समावेशिता और सहयोग पर केंद्रित रहा।
- कार्यक्रम का लक्ष्य सहयोग बढ़ाना, नवीन शिक्षण पद्धतियों का आदान-प्रदान और नई शिक्षा नीति 2020 के जरिए शिक्षा की पुनर्कल्पना करना था।

## अब्राहम समझौते में शामिल होने वाले C-5 मध्य एशियाई देशों में कजाकिस्तान भी शामिल

कजाकिस्तान का अब्राहम समझौते (Abraham Accords) में शामिल होना मध्य एशियाई देशों (C5) के लिए एक बड़ा कदम है, जिससे इजरायल के साथ गैर-अरब मुस्लिम देशों के संबंधों का विस्तार होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने नवंबर 2025 में इसकी घोषणा की, जिससे इजरायल और मुस्लिम जगत के बीच संबंधों को सामान्य बनाने की दिशा में एक नई गति मिली है।

### मुख्य बिंदु

- **ट्रम्प की घोषणा-** डोनाल्ड ट्रम्प ने नवंबर 2025 में कजाकिस्तान के राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट टोकायेव के साथ बैठक के बाद कजाकिस्तान के समझौते में शामिल होने की पुष्टि की।
- **C5 देशों का संदर्भ-** यह घोषणा पांच मध्य एशियाई देशों (कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, तुर्कमेनिस्तान, ताजिकिस्तान और उजबेकिस्तान) के साथ C5+1 शिखर सम्मेलन के दौरान हुई, जहाँ क्षेत्रीय सहयोग पर चर्चा हुई।
- **संबंधों का विस्तार-** अब्राहम समझौते में कजाकिस्तान का शामिल होना इजरायल के साथ अरब देशों के अलावा अन्य गैर-अरब मुस्लिम देशों के साथ संबंधों को सामान्य बनाने की ओर इशारा करता है।
- **कजाकिस्तान के लिए महत्व-** कजाकिस्तान के लिए यह व्यापार, रक्षा और तकनीक के क्षेत्र में अमेरिका और अन्य देशों के साथ सहयोग बढ़ाने का एक तरीका है, और यह रूस, चीन और ईरान के बीच एक संतुलित विदेश नीति (multi-vectoralism) अपनाने की रणनीति का हिस्सा है।
- **औपचारिकता/प्रतीकात्मक कदम-** चूंकि कजाकिस्तान के इजरायल के साथ 1992 से अच्छे राजनयिक और आर्थिक संबंध रहे हैं, यह कदम पुराने संबंधों को मजबूत करने और समझौते को नई दिशा देने का एक प्रतीकात्मक लेकिन महत्वपूर्ण संकेत है।

## बिम्सटेक-भारत समुद्री अनुसंधान नेटवर्क (BIMReN) का पहला द्विवार्षिक सम्मेलन

कोच्चि में बिम्सटेक-भारत समुद्री अनुसंधान नेटवर्क (BIMReN) का पहला द्विवार्षिक सम्मेलन 4 से 6 नवंबर 2025 तक सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ, जिसमें बंगाल की खाड़ी क्षेत्र में नीली अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर जोर दिया गया।

### सम्मेलन का उद्देश्य

- यह सम्मेलन BIMReN के पायलट चरण की सफलताओं की समीक्षा करने और भविष्य की प्राथमिकताओं पर चर्चा के लिए आयोजित किया गया था, जिसमें 25 संस्थानों और 50 से अधिक शोधकर्ताओं को जोड़ा गया। प्रमुख चर्चा क्षेत्रों में समुद्री चुनौतियाँ, पारिस्थितिकी तंत्र स्वास्थ्य, अनुसंधान वाचार, युवा शोधकर्ताओं के नेटवर्क निर्माण तथा संसाधन प्रबंधन शामिल थे।

NOT FOR SALE

### पृष्ठभूमि

- BIMReN की शुरुआत 2024 में विदेश मंत्रालय द्वारा की गई थी, जिसकी घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2022 के कोलंबो BIMSTEC शिखर सम्मेलन में की थी।
- यह भारत की 'पड़ोसी प्रथम', 'एक्ट ईस्ट' तथा इंडो-पैसिफिक रणनीतियों के अनुरूप है, जो क्षेत्रीय समुद्री सहयोग को बढ़ावा देता है।

### प्रमुख उपलब्धियाँ

- BIMSTEC के सात सदस्य देशों (भारत, बांग्लादेश, म्यांमार, श्रीलंका, थाईलैंड, भूटान, नेपाल) के वैज्ञानिकों और नीति निर्माताओं ने भाग लिया।
- जलवायु प्रभाव, पारिस्थितिकी पुनर्स्थापना तथा समुद्री प्रौद्योगिकी पर भविष्य की योजनाएँ निर्धारित की गईं।
- यह आयोजन सतत विकास लक्ष्यों (SDG-14) को समर्थन प्रदान करता है।

## सिंगापुर द्वारा विश्व का पहला सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल (SAF) लेवी लागू करने की घोषणा

सिंगापुर ने विश्व का पहला सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल (SAF) लेवी लागू करने की घोषणा की है, जो सिंगापुर से प्रस्थान करने वाली उड़ानों पर लगेगा।

### मुख्य बिंदु

- यह लेवी 1 अप्रैल 2026 से बिकने वाले टिकटों पर लागू होगी और 1 अक्टूबर 2026 से उड़ानों पर प्रभावी होगी।
- मूल-गंतव्य यात्रियों, कार्गो और सामान्य विमानन पर शुल्क लगेगा, लेकिन ट्रांजिट यात्रियों पर नहीं।
- प्रति यात्री लगभग 41.60 सिंगापुर डॉलर (करीब 2832 रुपये) का शुल्क होगा, जिसका उपयोग SAFCo के माध्यम से SAF की केंद्रीकृत खरीद के लिए किया जाएगा।
- सिंगापुर सिविल एविएशन अथॉरिटी (CAAS) इसे संचालित करेगा।
- 2026 में 1% SAF मिश्रण का लक्ष्य है, जिसे 2030 तक 3-5% तक बढ़ाया जाएगा, जो 2050 के नेट-जीरो उत्सर्जन लक्ष्य को समर्थन देगा।
- SAF पारंपरिक ईंधन से 80% कम उत्सर्जन करता है।

## 10वां वैश्विक आर्थिक शिखर सम्मेलन (GES 2025)

10वां वैश्विक आर्थिक शिखर सम्मेलन (GES 2025) मुंबई के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर एक्सपो सेंटर में 21-22 नवंबर 2025 को आयोजित हुआ, जिसमें वैश्विक व्यापार को तेज करने पर केंद्रित उच्च स्तरीय चर्चाएं हुईं।

### मुख्य बिंदु

- वर्ल्ड ट्रेड सेंटर मुंबई (WTCA) और अखिल भारतीय उद्योग संघ (AIAI) द्वारा आयोजित किया गया।
- इसके साथ ही WTCA एशिया प्रशांत क्षेत्रीय सम्मेलन और 6ठे विश्व व्यापार एक्सपो भी आयोजित हुआ।
- इस आयोजन में 50 से अधिक देशों से 300 से अधिक प्रतिनिधि, 85 से अधिक विश्व व्यापार केंद्र, 600 भारतीय प्रतिनिधि, 150 अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रमुख, तथा एशिया, यूरोप, अफ्रीका और अमेरिका के 80 प्लस विशेषज्ञ शामिल हुए।
- **आयोजन का थीम:** "एशिया-प्रशांत: वैश्विक बाजार को आगे बढ़ा रहा है" या "तेजी से वैश्विक व्यापार को बढ़ावा: साझेदारी, कनेक्टिविटी और लचीलापन"।
- **प्रमुख कार्यक्रम:** उच्च स्तरीय सत्र, क्षेत्रीय चर्चाएं, B2B बैठकें, देश प्रस्तुतियां, प्रदर्शनियां, तथा सरकारी अधिकारी, राजदूत और व्यापार नेताओं की भागीदारी।
- **उद्देश्य:** वैश्विक साझेदारियां मजबूत करना, मूल्य श्रृंखलाओं को बढ़ावा देना, व्यापार सुविधा, निवेश संवाद और SME संलग्नता।

## ऑपरेशन सदर्न स्पीयर (Operation Southern Spear)

ऑपरेशन सदर्न स्पीयर (Operation Southern Spear) नवंबर 2025 में अमेरिका द्वारा कैरिबियन और दक्षिण अमेरिका में नार्को-आतंकवादियों के खिलाफ शुरु किया गया सैन्य अभियान है, जिसका उद्देश्य ड्रग तस्करी नेटवर्क को नष्ट करना और अमेरिकी सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

### मुख्य बिंदु

- अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने इसकी औपचारिक घोषणा की, जो यूएस साउदर्न कमांड (SOUTHCOM) और जॉइंट टास्क फोर्स सदर्न स्पीयर द्वारा संचालित हो रहा है।
- यह अभियान पारंपरिक नौसेना के साथ रोबोटिक सिस्टम, ड्रोन और मानवरहित विमानों जैसे JUMP 20 का उपयोग करता है।
- अभियान में ड्रग से लदी नावों पर घातक हमले किए गए हैं, जिसमें दिसंबर 2025 तक 23 नावों पर स्ट्राइक हो चुकी हैं और 87 से अधिक संदिग्ध मारे गए हैं।
- हालिया हमलों में पूर्वी प्रशांत महासागर में नार्को-आतंकियों को निशाना बनाया गया।
- वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलास मदुरो ने इसे हस्तक्षेप का बहाना बताया है, जबकि आलोचक कानूनी और मानवाधिकार संबंधी सवाल उठा रहे हैं। यह अमेरिकी नार्को-विरोधी रणनीति में बड़ा बदलाव दर्शाता है।

## भारत, वैश्विक बिग कैट शिखर सम्मेलन (Global Big Cats Summit) का आयोजन करेगा

यह सम्मेलन 2026 में भारत की राजधानी नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा, जिसकी घोषणा भारत के पर्यावरण मंत्री ने COP30 में की थी, और यह अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट्स अलायंस (IBCA) के तहत बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, चीता, जगुआर और प्यूमा जैसी सात बड़ी बिल्ली प्रजातियों के संरक्षण के लिए वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देने पर केंद्रित है।

### मुख्य बिंदु

- केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव द्वारा COP30 (ब्राजील) में नवंबर 2025 में की गई।

NOT FOR SALE

- इसका उद्देश्य जैव विविधता और जलवायु लचीलेपन की रक्षा के लिए प्रमुख देशों को IBCA के तहत एकजुट करना है।
- संसाधन जुटाना, तकनीकी सहयोग और वित्तीय सहायता के लिए वैश्विक भागीदारों को जोड़ने का लक्ष्य।
- बिग कैट प्रजातियाँ पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन और कार्बन सिंक (carbon sinks) बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।
- यह शिखर सम्मेलन अवैध वन्यजीव व्यापार को रोकने और इन प्रजातियों के प्राकृतिक आवासों के संरक्षण के प्रयासों को बढ़ावा देगा।

## अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रम (To The Point)

- भारत ने तूफान मेलिसा के बाद जमैका और क्यूबा को मानवीय सहायता भेजी।
- कनाडा, फिलीपींस ने दक्षिण चीन सागर में बीजिंग को रोकने के लिए रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- भारत और इक्वाडोर ने राजनयिक प्रशिक्षण संस्थानों के बीच समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए।
- यूरोप का एरियन 6 रॉकेट ने सेंटिनल-1डी पृथ्वी-अवलोकन उपग्रह को कक्षा में प्रक्षेपित किया।
- DNA के सह-खोजकर्ता, नोबेल पुरस्कार विजेता जेम्स वाटसन का 97 वर्ष की आयु में निधन हुआ।
- डेनमार्क सरकार ने 15 साल से कम उम्र के बच्चों पर सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है।
- भारत और सऊदी अरब ने हज 2026 समझौते पर हस्ताक्षर किए 1.75 लाख तीर्थयात्रियों का कोटा तय किया गया।
- भारत और वियतनाम ने पारस्परिक पनडुब्बी खोज और बचाव सहायता पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- हंगेरियन-ब्रिटिश लेखक डेविड स्ज़ाले को उनके उपन्यास 'फ्लेश' के लिए 2025 का बुकर पुरस्कार मिला।
- कोलंबो विश्वविद्यालय में भारत-श्रीलंका संस्कृत महोत्सव का उद्घाटन हुआ।
- भारत और भूटान ने स्वास्थ्य सेवा और दवा क्षेत्र में सहयोग पर समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए।
- भारत और भूटान ने नवीकरणीय ऊर्जा सहयोग पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- बोत्सवाना प्रोजेक्ट चीता के तहत भारत को आठ चीते सौंपेगा।
- बांग्लादेश ट्रिब्यूनल ने मानवता के विरुद्ध अपराधों के लिए शेख हसीना को मौत की सज़ा सुनाई।
- ढाका स्थित भारतीय उच्चायोग ने 'फार्माकनेक्ट' नेटवर्किंग कार्यक्रम का आयोजन किया।
- कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की 7वीं बैठक कल नई दिल्ली में होगी।
- इमैनुएल मैक्रों और ज़ेलेंस्की ने यूक्रेन के साथ फ्रांसीसी लड़ाकू विमान खरीदने के समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- PM मोदी साउथ अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में G20 लीडर्स समिट में शामिल हुए।
- अमेरिका और सऊदी अरब ने असैन्य परमाणु ऊर्जा और अत्याधुनिक अमेरिकी F-35 युद्धक विमान की बिक्री पर समझौतों पर हस्ताक्षर किए।
- U.S. ने भारत को जैवलिन मिसाइलों, एक्सकैलिबर राउंड की $93 मिलियन की बिक्री को मंजूरी दी।
- DRDO और DGA, फ्रांस ने डिफ़ेंस R&D में सहयोग को गहरा करने के लिए टेक्निकल एग्रीमेंट पर साइन किए।
- मिशेल बैरेटो को इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार मिला।
- कुमार मंगलम बिड़ला को यूनिवर्सिटी ऑफ़ लंदन ने डॉक्टर ऑफ़ साइंस की डिग्री से सम्मानित किया।
- इंडिया जल्द ही अफ़गानिस्तान के साथ एयर कार्गो सर्विस शुरु करेगा।
- चीन दुनिया का पहला तैरता हुआ आर्टिफिशियल आइलैंड बना रहा है।
- रूस ने अंगारा-1.2 रॉकेट से अनजान मिलिट्री सैटेलाइट लॉन्च किया।
- स्टारलिंक की डायरेक्ट-टू-सेल सर्विस यूरोप में पहली बार यूक्रेन में लॉन्च हुई।
- US-रूसी क्रू आठ महीने के मिशन के लिए सोयुज MS-28 पर ISS के लिए रवाना हुआ।
- अमेरिका ने सउदी अरब को 21वें प्रमुख गैर नाटो सहयोगी का दर्जा दिया।
- बांग्लादेश के अंतराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को मौत की सजा सुनाई।
- क्यू एस सस्टेनेबिलिटी रैंकिंग 2026 में लुंड विश्वविद्यालय शीर्ष पर रहा।
- विश्व में पहली बार जनरेशन धूम्रपान प्रतिबंध लागू करने वाला पहला देश मालदीव बना।
- श्वेत किसानों से हो रहे दुर्व्यवहार का हवाला देते हुए अमेरिका ने दक्षिण अफ्रीका में होने वाले जी 20 सम्मेलन के बहिष्कार करने का निर्णय लिया है।
- हाल ही में सुपर टाइफून फुंगवोंग के द्वारा फिलिपिंस में जारी तबाही के कारण राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने आपातकाल घोषित किया था।
- तूफान 'मेलिसा' से जमैका और हैती बुरी तरह प्रभावित हुए।
- संयुक्त राज्य अमेरिका ने लैटिन अमेरिका में नार्को-आतंकवादियों को निशाना बनाने और उनका सफाया करने के लिए ऑपरेशन SOUTHERN SPEAR शुरु किया है।
- 2027 में आयोजित होने वाला Cop -32 जलवायु शिखर सम्मेलन की मेजबानी इथियोपिया को सौंपी गई।
- मेलिसा तूफान (Hurricane Melissa) 2025 का एक श्रेणी-5 का अटलांटिक चक्रवाती तूफान था, जो अक्टूबर के अंत में जमैका, क्यूबा, हैती और बहामास में टकराया और भारी तबाही मचाई।
- कुवैत के फैलाका द्वीप (Failaka Island) पर हाल ही में 4,000 वर्ष पुराना दिलमुन सभ्यता का मंदिर खोजा गया है, जो कांस्य युग (लगभग 1900-1800 ईसा पूर्व) से संबंधित है।
- भारत ने तिमोर-लेस्ते को रेबीज के प्रसार को नियंत्रित करने के लिए 10,000 रेबीज वैक्सीन की खुराकें और 2,000 रेबीज इम्यूनोग्लोबुलिन (आरआईजी) की शीशियां प्रदान की हैं।

NOT FOR SALE

# आर्थिक वाणिज्यिक परिदृश्य

## उत्तर प्रदेश सुगम्य व्यापार (प्रावधानों का संशोधन) अध्यादेश-2025 को मंजूरी

उत्तर प्रदेश में व्यवसायिक सुधार लागू करते हुए, सरकार ने "उत्तर प्रदेश सुगम्य व्यापार (प्रावधानों का संशोधन) अध्यादेश-2025" को मंजूरी दी है। इस अध्यादेश के तहत राज्य में लागू 13 प्रमुख औद्योगिक और व्यापारिक अधिनियमों में लगभग 99 प्रतिशत आपराधिक प्रावधान समाप्त कर दिये गए हैं।

**मुख्य बिंदु -**

- अध्यादेश के बाद अब अधिकांश मामूली उल्लंघनों में व्यापारियों को जेल नहीं भेजा जाएगा, बल्कि आर्थिक दंड और प्रशासनिक कार्रवाई का प्रावधान होगा।
- इस सुधार का उद्देश्य व्यापार करने में आसानी बढ़ाना, कानूनी जटिलताओं को कम करना और प्रदेश में निवेश के माहौल को अनुकूल बनाना है। यह कदम केंद्र सरकार की 'आसान कारोबार' नीति के अनुरूप है और प्रदेश में उद्योग और व्यापारिक माहौल को बेहतर बनाने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।
- अध्यादेश में आबकारी अधिनियम, शीरा अधिनियम, गन्ना अधिनियम, नगर निगम अधिनियम, भूगर्भ जल अधिनियम, प्लास्टिक कचरा अधिनियम, सिनेमा अधिनियम, पंचायत अधिनियम, फैक्ट्री अधिनियम आदि कानून शामिल हैं।
- इन सभी कानूनों में मामूली उल्लंघनों के लिए कारावास की सजा हटाकर जुर्माना और प्रशासनिक दंड का प्रावधान किया गया है, जिससे उद्यमियों को राहत मिली है और निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा।
- इसके साथ ही लाइसेंस और पंजीकरण की प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल किया जाएगा और निरीक्षण प्रणाली पारदर्शी होगी, जिससे भ्रष्टाचार की संभावना कम होगी।
- इस सुधार से उत्तर प्रदेश व्यापारिक माहौल में सहजता, निवेश की गति में तेजी और उद्यमशीलता को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही श्रमिकों के हितों की सुरक्षा भी सुनिश्चित रहेगी।

## दुनिया के शीर्ष सहकारी संस्थाओं में अमूल और इफको क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर

- भारत की सहकारी संस्था अमूल ने ICA (अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन) के वर्ल्ड कोऑपरेटिव मॉनिटर 2025 के अनुसार, प्रति व्यक्ति GDP प्रदर्शन के आधार पर दुनिया की शीर्ष सहकारी संस्था के रूप में पहला स्थान हासिल किया है।
- भारतीय कृषक उर्वरक सहकारी लिमिटेड (IFFCO) ने इसी सूची में दूसरा स्थान प्राप्त किया है।
- यह रैंकिंग कतर के दोहा में आयोजित ICA CM50 सम्मेलन में घोषित की गई थी।

## सहकारी कुंभ 2025 या 'को-ऑप कुंभ 2025'

सहकारी कुंभ 2025 या 'को-ऑप कुंभ 2025' एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन है जो भारत के शहरी सहकारी बैंकिंग क्षेत्र के भविष्य और विकास पर केंद्रित है। यह सम्मेलन 9 से 11 नवंबर 2025 तक नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित हुआ। इसे केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने उद्घाटित किया।

**मुख्य बिंदु**

- इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य शहरी सहकारी बैंकों के विस्तार व मजबूती के लिए नीतिगत सुधार, तकनीकी नवाचार और डिजिटलरण को बढ़ावा देना है।
- सम्मेलन में "दिल्ली घोषणा 2025" जारी की गई, जो अगले पांच वर्षों में 2 लाख से अधिक आबादी वाले प्रत्येक शहर में कम से कम एक शहरी सहकारी बैंक स्थापित करने का रोडमैप है।
- डिजिटल पहल के तहत सहकारी बैंकिंग क्षेत्र के लिए सहकार डिजिटल-पे और सहकार डिजिटल-लोन ऐप्स लॉन्च किए गए, जिनसे छोटे से छोटे सहकारी बैंक डिजिटल भुगतान और ऋण सेवाएं प्रदान कर सकेंगे।
- साथ ही 2 वर्षों के भीतर 1,500 बैंकों को इस डिजिटल भुगतान सिस्टम से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। सम्मेलन में सशक्त वित्तीय समावेशन, युवा उद्यमियों और कमजोर वर्ग के सशक्तिकरण पर भी जोर दिया गया।

## भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2025

भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2025 (44वां इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर) राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के भारत मंडपम, प्रगति मैदान में 14 नवंबर से शुरू हुई है जो 27 नवंबर 2025 तक जारी रहेगा। इसका उद्घाटन केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद द्वारा किया गया।

**मुख्य बिंदु**

- भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2025 की थीम "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" है, जो देश की सांस्कृतिक विविधता और विकास को दर्शाती है।
- यह मेला 14 नवंबर से 18 नवंबर तक केवल व्यापारिक वर्ग के लिए आरक्षित है जबकि 19 नवंबर से आम जनता के लिए खुला है।

NOT FOR SALE

- इस मेला में उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, और बिहार पार्टनर राज्य हैं, और झारखंड को फोकस स्टेट का दर्जा दिया गया है।
- इस मेले में करीब 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की सक्रिय भागीदारी है। इसमें 55 सरकारी विभाग और 390 निजी कंपनियां हिस्सा ले रही हैं।
- यह मेला भारत की सांस्कृतिक विरासत, तकनीकी नवाचार, MSME क्षेत्र की प्रगति, हस्तशिल्प, पारंपरिक वस्त्र, खाद्य व्यंजन, और विभिन्न उद्योगों के उत्पाद प्रदर्शित करता है।
- इस मेला के आयोजन से भारत की एकता एवं विकास का वैश्विक मंच पर प्रभावी प्रदर्शन होता है, जो व्यापार एवं सांस्कृतिक आदान-प्रदान दोनों के लिए महत्वपूर्ण है।

## बीज विधेयक 2025

### चर्चा में क्यों?

बीज विधेयक 2025 भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित एक नया कानून है जो मौजूदा बीज अधिनियम, 1966 और बीज (नियंत्रण) आदेश, 1983 को प्रतिस्थापित करेगा।

### उद्देश्य

- किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज सस्ती दरों पर उपलब्ध कराना, नकली और घटिया बीजों की बिक्री पर रोक लगाना, बीज उद्योग में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है।

### इस विधेयक के प्रमुख बिंदु हैं

- सभी बीज विक्रेताओं, उत्पादकों, और वितरकों का पंजीकरण आवश्यक होगा।
- बीज के पैकेटों पर QR कोड या मार्किंग अनिवार्य होगी, जिससे बीज की प्रामाणिकता जांची जा सकेगी।
- नकली या गैर-पंजीकृत बीज बेचने वालों पर भारी दंड और कैद की सजा प्रस्तावित है, जिसमें जुर्माना 30 लाख रुपये तक और तीन वर्ष तक की जेल शामिल हो सकती है।
- किसानों को अपनी उपज से बीज संग्रह, उपयोग, और विनिमय करने का अधिकार होगा।
- सरकार बीज आयात को उदार बना कर वैश्विक किस्मों तक पहुंच और नवाचार को बढ़ावा देना चाहती है।
- आपूर्ति श्रृंखला में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए केंद्रीकृत बीज ट्रेसेबिलिटी पोर्टल बनाए जाने का प्रावधान है।
- केंद्रीय और राज्यस्तरीय बीज समितियों के गठन और उनकी भूमिकाओं का निर्धारण किया जाएगा।

### विवाद/ विरोध

- कुछ किसान संगठनों द्वारा इस विधेयक का विरोध भी हो रहा है। किसान संगठनों का दावा है कि यह विधेयक किसानों के अधिकार कमजोर कर कॉरपोरेट्स को फायदा पहुंचा सकता है और बीजों की कीमतें बढ़ सकती हैं। इसके विरोध में 26 नवंबर 2025 को व्यापक प्रदर्शन की योजना है।
- सरकार ने इस मसौदे पर 11 दिसंबर 2025 तक जनता और हितधारकों से सुझाव आमंत्रित किए हैं।
- इस विधेयक के लागू होने से भारतीय कृषि क्षेत्र में बीजों की गुणवत्ता, उपलब्धता और उचित मूल्य नियंत्रण में सुधार की उम्मीद है, जिससे किसानों को बेहतर लाभ होगा और कृषि उत्पादन में इजाफा होगा।

## 30वां भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) साझेदारी शिखर सम्मेलन

विशाखापत्तनम में 14 से 15 नवंबर 2025 को आयोजित 30वें भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) साझेदारी शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें भारत के उपराष्ट्रपति श्री सी.पी. राधाकृष्णन मुख्य अतिथि थे। यह सम्मेलन "प्रगतिशील भागीदारी – विकसित भारत 2047 के लिए भारत का रोडमैप" विषय पर किया गया था और इसमें शामिल मुख्य पहलू, निवेश, विविध समझौते और उद्योग-व्यापार के नए अवसर थे।

### मुख्य बिंदु

- यह भारत का सबसे बड़ा बिजनेस फोरम था, जिसमें 2,500 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिनमें 77 देशों के आधिकारिक प्रतिनिधि भी शामिल थे।
- आंध्र प्रदेश सरकार ने इस आयोजन के माध्यम से ऊपर 11 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश और 13 लाख रोजगार सृजन का लक्ष्य रखा।
- **प्रमुख समझौते और घोषणाएँ**
  - → 400 कंपनियों के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए, जिससे राज्य में निवेश की मात्रा बढ़ी।
  - → ₹891 करोड़ का निवेश पर्यटन, स्मार्ट सिटी और नवाचार के क्षेत्रों में किया गया।
  - → गूगल, रिलायंस, और अडानी जैसी बड़ी कंपनियों ने भी ₹13 लाख करोड़ के निवेश प्रतिबद्ध किए।
- **विशेष परियोजनाएँ:** उपग्रह निर्माण, स्पेस, ड्रोन, इलेक्ट्रॉनिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, और इंडस्ट्री 4.0 जैसे क्षेत्रों में विशेष पहल की गईं।

### सुरक्षा और आयोजन विवरण

- सम्मेलन स्थल की सुरक्षा के लिए 4000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे, जिसमें CCTV और ड्रोन निगरानी शामिल थी।
- कार्यक्रम का आयोजन केंद्रीय वाणिज्य विभाग, उद्योग मंत्रालय, और आंध्र प्रदेश सरकार ने मिलकर किया था।

## दक्षिण भारत प्राकृतिक कृषि शिखर सम्मेलन 2025

दक्षिण भारत प्राकृतिक कृषि शिखर सम्मेलन 2025 (SINF 2025) 19 से 21 नवंबर 2025 तक तमिलनाडु के कोयंबटूर में कोडिसिया ट्रेड फेयर कॉम्प्लेक्स में आयोजित हुआ, जिसमें 50,000 से अधिक किसान, वैज्ञानिक और हितधारक शामिल हुए।

NOT FOR SALE

### मुख्य बिंदु

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 नवंबर को इसका उद्घाटन किया, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देते हुए किसानों से पंचगव्य, जीवामृत, बीजामृत और मल्चिंग जैसी पारंपरिक विधियों को अपनाने की अपील की।
- सम्मेलन ने पुनर्योजी कृषि, जैविक इनपुट, बाजार लिंकेज और FPO को मजबूत करने पर जोर दिया; 10,000 FPO बने, e-NAM से जुड़ाव बढ़ाया।
- **वैज्ञानिकों से अपील:** प्राकृतिक खेती को पाठ्यक्रम में शामिल करें, किसानों के खेतों को लैब बनाएं।
- 10 उत्कृष्ट किसानों को सम्मानित किया गया, ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत करने पर बल।

## छठी इंटरनेशनल एग्रोनामी कांग्रेस (IAC-2025)

छठी इंटरनेशनल एग्रोनामी कांग्रेस (IAC-2025) 24 से 26 नवंबर 2025 तक नई दिल्ली के नेशनल फिजिकल लेबोरेटरी (एनपीएल), पूसा परिसर में आयोजित हुई।

### मुख्य बिंदु

- इस सम्मेलन का मुख्य विषय "स्मार्ट कृषि-खाद्य प्रणालियों और पर्यावरण संरक्षण के लिए एग्रोनॉमी का पुनः-अवलोकन" रहा, जो जलवायु-स्मार्ट, उत्पादक और सतत कृषि पर केंद्रित था।
- इंडियन सोसाइटी ऑफ एग्रोनॉमी (ISA) द्वारा आयोजित इस कांग्रेस में ICAR, IARI, NAAS और TAAS जैसे संस्थानों ने सहयोग किया।
- केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इसका उद्घाटन किया, जिसमें 1000 से अधिक वैश्विक प्रतिभागी शामिल हुए।
- इसमें प्लेनरी सेशन, थीमैटिक सिम्पोजिया, पोस्टर प्रस्तुतियां और युवा वैज्ञानिक सम्मेलन जैसे सत्र आयोजित हुए।

### प्रमुख चर्चा विषय

- कार्बन-न्यूट्रल फार्मिंग, डिजिटल एग्रीकल्चर, रीजेनेरेटिव प्रैक्टिस, किसान-नेतृत्व वाले इनोवेशन और कृषि शिक्षा पर फोकस रहा।
- सरकार की योजनाओं जैसे PMKSY, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, डिजिटल कृषि मिशन और पीएम-किसान की उपलब्धियां प्रदर्शित की गईं।
- ICAR के डीजी डॉ. एम.एल. जाट ने फसल अवशेष जलाने में 95% कमी का उल्लेख किया।

## NABARD और IAMAI द्वारा आयोजित पहली अर्थ समिट 2025-26

NABARD और IAMAI ने हैदराबाद में 20-21 नवंबर 2025 को पहली अर्थ समिट 2025-26 का आयोजन किया।

- **मुख्य थीम -** इस समिट की थीम "वैश्विक परिवर्तन के लिए ग्रामीण नवाचार को सशक्त बनाना" थी।

### मुख्य बिंदु

- यह तीन-भागीय सम्मेलन ग्रामीण विकास में तकनीक, वित्त, कृषि सुधार, फिनटेक, जलवायु परिवर्तन और डिजिटल नवाचार पर केंद्रित रहा।
- इस सम्मेलन का लक्ष्य ग्रामीण भारत में जलवायु स्मार्ट खेती, एआई-आधारित कृषि, वाटर मैनेजमेंट और रूरल फिनटेक जैसे क्षेत्रों में समाधान खोजना था।
- NABARD ने ग्रामीण वित्त की रीढ़ के रूप में और IAMAI ने डिजिटल इनोवेशन के विशेषज्ञ के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### NABARD के बारे में

- NABARD का पूरा नाम National Bank for Agriculture and Rural Development है।
- यह भारत की शीर्ष विकास बैंक है, जिसकी स्थापना 12 जुलाई 1982 को संसद के NABARD अधिनियम 1981 के तहत हुई।
- इसका मुख्यालय मुंबई, महाराष्ट्र में स्थित है और यह पूर्ण रूप से भारत सरकार के स्वामित्व वाली संस्था है।
- NABARD ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि, लघु उद्योग, कुटीर उद्योग और ग्रामीण विकास के लिए ऋण, पुनर्वित्त और अन्य सुविधाएँ प्रदान करती है।
- यह क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (RRB), सहकारी बैंकों और स्वयं सहायता समूहों (SHG) की पर्यवेक्षण करती है तथा ग्रामीण अवसंरचना, जलवायु स्मार्ट खेती और डिजिटल नवाचार को बढ़ावा देती है।

### IAMAI के बारे में

- IAMAI का पूरा नाम Internet and Mobile Association of India है, जो भारत में डिजिटल सेवाओं के क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाली एक गैर-लाभकारी संगठन है।
- यह संगठन 2004 में स्थापित हुआ और Societies Registration Act, 1860 के तहत पंजीकृत है।
- इसका मुख्यालय नई दिल्ली में है और यह 500 से अधिक भारतीय एवं बहुराष्ट्रीय कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है।
- IAMAI का उद्देश्य ऑनलाइन और मोबाइल वैल्यू-एडेड सर्विसेज को बढ़ावा देना है, जिसमें डिजिटल विज्ञापन, ई-कॉमर्स, फिनटेक, एडटेक और गेमिंग जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

## 16वें वित्त आयोग ने राष्ट्रपति को रिपोर्ट सौंपी

16वें वित्त आयोग ने 17 नवंबर 2025 को अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंप दी। यह रिपोर्ट 2026-27 से 2030-31 की अवधि के लिए केंद्र और राज्यों के बीच कर वितरण, अनुदान, आपदा प्रबंधन वित्तपोषण तथा स्थानीय निकायों के लिए सिफारिशें शामिल करती है।

### मुख्य बिंदु

- इस आयोग की अध्यक्षता डॉ. अरविंद पनगढ़िया कर रहे हैं, जबकि सदस्यों में एनी जॉर्ज मैथ्यू, मनोज पांडा, टी रबी शंकर, सौम्यकांति घोष और सचिव ऋत्विक पांडे शामिल हैं।
- इसे संविधान के अनुच्छेद 280(1) के तहत 31 दिसंबर 2023 को गठित किया गया था।

NOT FOR SALE

- **रिपोर्ट दो खंडों में तैयार की गई है:** पहला खंड मुख्य सिफारिशें और नीतिगत ढांचा, तथा दूसरा खंड परिशिष्ट, डेटा तालिकाएं और विश्लेषण।
- आयोग ने केंद्र, राज्यों, विशेषज्ञों और पूर्व आयोग सदस्यों से व्यापक परामर्श के बाद इसे अंतिम रूप दिया।
- अनुच्छेद 281 के तहत रिपोर्ट संसद में पेश होने के बाद सार्वजनिक होगी, जो 2026-31 के संघीय वित्तीय ढांचे को निर्देशित करेगी।

## 10वें वैश्विक आर्थिक शिखर सम्मेलन (GES 2025) और 6वें विश्व व्यापार प्रदर्शनी (WTE)

- मुंबई में 10वें वैश्विक आर्थिक शिखर सम्मेलन (GES 2025) और 6वें विश्व व्यापार प्रदर्शनी (WTE) का आयोजन 21-22 नवंबर 2025 को वर्ल्ड ट्रेड सेंटर मुंबई में आयोजित हुआ।
- यह कार्यक्रम वर्ल्ड ट्रेड सेंटर मुंबई और ऑल इंडिया एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज (AIAI) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया, जिसमें WTCA एशिया प्रशांत क्षेत्रीय सम्मेलन भी शामिल रहा।
- इसका थीम "तेजी से वैश्विक व्यापार: साझेदारी, कनेक्टिविटी और लचीलापन को बढ़ावा देना" रहा, जो नीति संवाद, व्यापार सुविधा और निवेश अवसरों पर केंद्रित था।
- इस सम्मेलन में 50 से अधिक देशों से 80 से अधिक विशेषज्ञ वक्ता, 600 से अधिक भारतीय प्रतिनिधि और 150 से अधिक अंतरराष्ट्रीय व्यापार नेता भाग लेंगे।
- 40 से अधिक राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय पवेलियन, B2B बैठकें, क्षेत्रीय सत्र (हरित ऊर्जा, डिजिटल व्यापार, उन्नत विनिर्माण) और प्रदर्शनी शामिल होगी।

## अर्थव्यवस्था (To The Point)

- हाल ही में भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 5.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर की कमी आई।
- विश्व बैंक ने कहा है कि यदि भारत वित्तीय क्षेत्र में सुधार जारी रखता है, तो वह 2035-40 तक $30 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था बन सकता है।
- 16वें वित्त आयोग ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को 2026-31 की रिपोर्ट सौंपी।
- सेंट्रल बोर्ड ऑफ़ डायरेक्ट टैक्सेस (CBDT) ने 'NUDGE' कैंपेन लॉन्च किया।
- सरकार ने टेक्स-रैम्प्स रिसर्च एंड इनोवेशन स्कीम को मंजूरी दी।
- दुनिया के शीर्ष सहकारी संस्थाओं में अमूल और इफको क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर रहे।
- भारतीय स्टेट बैंक (SBI), नवंबर 2025 में 100 अरब डॉलर (लगभग ₹8.87 लाख करोड़) के बाजार पूंजीकरण क्लब में छठे भारतीय कंपनी के रूप में शामिल हो गया है।
- एपीडा (कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण) ने पहली बार कर्नाटक के विजयपुरा से 350 किलोग्राम 'इंडी नींबू' और तमिलनाडु के तेनकासी से 150 किलोग्राम 'पुलियानकुडी नींबू' (GI टैग प्राप्त) की हवाई खेप 28 अक्टूबर 2025 को यूनाइटेड किंगडम भेजी।
- 22वें अखिल भारतीय टीडीएस (टैक्स डिडक्टेड एट सोर्स) सम्मेलन का आयोजन भोपाल में किया गया।

NOT FOR SALE

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी



## केंद्र सरकार सभी विद्यालयों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर पाठ्यक्रम शुरू करेगी

- केंद्र सरकार सभी स्कूलों में कक्षा 3 से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) पर पाठ्यक्रम शुरू करेगी। यह पहल आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 से लागू होगी।
- इसके लिए सीबीएसई ने एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया है जो IIT मद्रास के प्रोफेसर कार्तिक रमन के नेतृत्व में AI और कम्प्यूटेशनल थिंकिंग (CT) का पाठ्यक्रम विकसित कर रही है।
- इसका उद्देश्य छात्रों को भविष्य की तकनीक और डिजिटल दुनिया के लिए तैयार करना है।
- इस पाठ्यक्रम में AI के नैतिक उपयोग और जटिल समस्याओं के समाधान पर भी ध्यान दिया जाएगा।
- इस योजना के तहत शिक्षकों को भी AI से संबंधित शिक्षा देने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा ताकि वे छात्रों को बेहतर रूप से पढ़ा सकें।
- यह नीति राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रुपरेखा 2023 के अनुरुप है।

## अंतरिक्ष में AI डेटा केंद्रों के परीक्षण के लिए गुगल का "प्रोजेक्ट सनकैचर"

गूगल ने अंतरिक्ष में AI डेटा केंद्रों के परीक्षण के लिए "प्रोजेक्ट सनकैचर" नामक एक महत्वाकांक्षी योजना शुरु की है। इस परियोजना में सौर ऊर्जा से संचालित उपग्रहों का एक नक्षत्र (constellation) बनाया जाएगा, जो पृथ्वी की निम्न कक्षा में रहकर AI डेटा प्रोसेसिंग करेंगे।

### मुख्य बिंदु

- सौर ऊर्जा से संचालित ये उपग्रह गूगल के टेंसर प्रोसेसिंग यूनिट्स (TPUs) से लैस होंगे और मुक्त-स्थान ऑप्टिकल लिंक के माध्यम से एक साथ जुड़े रहेंगे, जिससे प्रति सेकंड दसों टेराबिट की गति से डेटा का स्थानांतरण संभव होगा।
- प्रोजेक्ट सनकैचर का मुख्य उद्देश्य पृथ्वी पर AI डेटा केंद्रों की भारी ऊर्जा और पानी की खपत को कम करना है, क्योंकि वर्तमान डेटा केंद्र सर्वरों के कूलिंग के लिए बड़ी मात्रा में ऊर्जा और पानी खर्च करते हैं।
- अंतरिक्ष में स्थापित ये डेटा केंद्र सौर ऊर्जा से लगभग निरंतर प्रचुर ऊर्जा प्राप्त कर सकेंगे, क्योंकि वहां सूरज की रोशनी लगातार उपलब्ध रहती है और सौर पैनल पृथ्वी की तुलना में आठ गुना अधिक कुशल होते हैं।
- इससे कम कार्बन उत्सर्जन होगा और पृथ्वी के सीमित संसाधनों पर दबाव घटेगा।
- गूगल इस प्रोजेक्ट के तहत 2027 की शुरुआत में दो परीक्षण उपग्रह लॉन्च करने की योजना बना रहा है, ताकि इस तकनीक की प्रभावशीलता, हार्डवेयर, कनेक्टिविटी और पावर जनरेशन का परीक्षण किया जा सके।
- यदि सफल होता है, तो यह अंतरिक्ष-आधारित AI कंप्यूटिंग का एक क्रांतिकारी मॉडल साबित होगा, जो धरती पर ऊर्जा की खपत कम करने के साथ-साथ AI के भविष्य को टिकाऊ और पर्यावरण अनुकूल बना देगा।

## NexCAR19 - भारत की पहली स्वदेशी CAR T-सेल थेरेपी का शुभारंभ

भारत की पहली स्वदेशी CAR T-सेल थेरेपी "NexCAR19" का नवंबर 2025 में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आयोजित Emerging Science, Technology & Innovation Conclave (ESTIC) 2025 में शुभारंभ किया गया।

### मुख्य बिंदु

- यह थेरेपी ImmunoACT नामक IIT बॉम्बे की स्पिन-ऑफ कंपनी ने विकसित की है, और इसे टाटा मेमोरियल सेंटर (TMC) के सहयोग से बनाया गया है।
- NexCAR19 मुख्य रूप से B-सेल रक्त कैंसर, विशेषकर ल्यूकेमिया और लिम्फोमा के इलाज के लिए है।
- यह थेरेपी मरीज की अपनी T-कोशिकाओं को जेनेटिकली संशोधित कर कैंसर कोशिकाओं को पहचानने और नष्ट करने में सक्षम बनाती है।
- यह थेरेपी विशेष रूप से उन मरीजों के लिए उपयोगी है जिनका कैंसर पारंपरिक उपचारों जैसे कि कीमोथेरेपी या रेडिएशन से ठीक नहीं होता। NexCAR19 के क्लिनिकल ट्रायल्स में 67% मरीजों ने कैंसर के लक्षणों में उल्लेखनीय कमी देखी है, जिनमें आधे से अधिक मामले में कैंसर पूरी तरह से गायब हुआ।

## C-DOT और आई आई टी गांधीनगर ने दूरसंचार नवाचार को बढ़ावा देने के लिए साझेदारी की

- C-DOT (Centre for Development of Telematics) और IIT गांधीनगर ने दूरसंचार और साइबर सुरक्षा में स्वदेशी नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक MoU पर हस्ताक्षर किए हैं। • इस साझेदारी

NOT FOR SALE

के तहत IIT गांधीनगर में 'Academic C-DOT Research and Innovation Centre' के रूप में एक Centre of Excellence स्थापित किया जाएगा, जो मोबाइल संचार, क्वांटम संचार, उन्नत AI और उन्नत दूरसंचार अनुप्रयोगों जैसे क्षेत्रों में मौलिक और अनुप्रयुक्त शोध करेगा।

- यह केंद्र शोध, पेटेंट दाखिल करने, अकादमिक आदान-प्रदान, प्रशिक्षण, कौशल विकास और स्टार्टअप इन्क्यूबेशन के लिए एक केंद्र के रूप में काम करेगा।
- इस पहल का उद्देश्य भारत में आत्मनिर्भरता बढ़ाना और देश को वैश्विक तकनीकी नवाचार में अग्रणी बनाना है।

### C-DOT के बारे में

- Centre for Development of Telematics (C-DOT) भारत सरकार का एक दूरसंचार प्रौद्योगिकी विकास केंद्र है, जिसकी स्थापना अगस्त 1984 में हुई थी।
- यह दूरसंचार मंत्रालय (DoT) के तहत एक स्वायत्त शोध एवं विकास केंद्र है, जो भारत की दूरसंचार आवश्यकताओं के अनुरूप अत्याधुनिक तकनीक विकसित करने के लिए समर्पित है।
- C-DOT ने खासकर ग्रामीण भारत में दूरसंचार क्रांति लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और भारत के दूरसंचार नेटवर्क के डिजिटलीकरण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

## हरित हाइड्रोजन विषय पर तीसरा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (ICGH 2025)

हरित हाइड्रोजन विषय पर तीसरा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (ICGH 2025) 11-12 नवंबर 2025 को नई दिल्ली के भारत मंडपम में भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (MNRE) के मेजबानी में आयोजित किया गया।

### मुख्य बिंदु

- हरित हाइड्रोजन विषय पर आयोजित यह दो दिवसीय सम्मेलन वैश्विक नीति निर्माता, वैज्ञानिक, उद्योग के नेता और नवप्रवर्तकों को एक मंच पर लाने के लिए आयोजित हुआ ताकि वे हरित हाइड्रोजन की मूल्य श्रृंखला में नवीनतम अनुसंधान, नीतिगत ढांचे और उभरती प्रौद्योगिकियों पर चर्चा कर सकें।
- इस सम्मेलन का उद्देश्य हरित हाइड्रोजन उत्पादन, बुनियादी ढांचे को सक्षम बनाना, मांग सृजन और वैश्विक सहयोग को प्रोत्साहित करने के व्यावहारिक तरीकों पर ज्ञान प्रसारित करना था।
- इस सम्मेलन में उच्च स्तरीय विचार-विमर्श, पूर्ण सत्र और ब्रेकआउट सत्र शामिल थे जिनमें वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, वैश्विक उद्योग जगत के नेता और विशेषज्ञ हरित हाइड्रोजन से जुड़े नीति, तकनीकी प्रगति और अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों पर चर्चा करते हुए भारत के हरित हाइड्रोजन संक्रमण को गति देने के लिए समाधान तलाशने के अवसर पाए।
- यह सम्मेलन भारत के राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के तहत सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जहाँ भारत 2030 तक वैश्विक हरित हाइड्रोजन मांग का 10% हिस्सा हासिल करने का लक्ष्य रखता है।

## डिजिटल लेबर चौक मोबाइल ऐप

डिजिटल लेबर चौक मोबाइल ऐप 11 नवंबर 2025 को केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया द्वारा नई दिल्ली के भारत मंडपम में लॉन्च किया गया।

### मुख्य बिंदु

- 'डिजिटल लेबर चौक मोबाइल ऐप' का निर्माण, औद्योगिक और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों और नियोक्ताओं को सीधे जोड़ने के लिए विकसित किया गया है।
- इसके तहत श्रमिक अपने मोबाइल से पंजीकरण करके अपनी उम्र, पता, कौशल और अनुभव जैसी जानकारी भर सकते हैं, और अपनी जरूरत एवं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध रोजगार के अवसर खोज सकते हैं।
- नियोक्ता भी अपने प्रोजेक्ट और आवश्यक श्रमिकों की जानकारी ऐप पर दर्ज कर सकते हैं।
- यह पारंपरिक लेबर चौकों की जगह डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म प्रदान करता है, जिससे श्रमिक घर बैठे अपनी पसंद का काम चुन सकते हैं और सड़क किनारे काम के इंतजार जैसी असुरक्षा खत्म होती है।
- साथ ही सरकार ने देश में 3 लाख से अधिक लेबर चौक को आधुनिक सुविधा केंद्रों में विकसित करने का लक्ष्य रखा है।

## मंगलयान 2 मिशन

### चर्चा में क्यों?

इसरो के बहुप्रतीक्षित मिशन "मंगलयान 2" को 2030 में प्रक्षेपित करने की आधिकारिक घोषणा की गई है। इसरो के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने एक संबोधन के दौरान इसकी पुष्टि की है।

### मुख्य बिंदु

- "मंगलयान 2" मिशन, मंगल ग्रह के लिए भारत का दूसरा मिशन होगा, जिसमें एक ऑर्बिटर और एक लैंडर के साथ-साथ संभवतः एक छोटा रोवर भी शामिल होगा।
- मंगलयान 2 का मुख्य उद्देश्य मंगल ग्रह की सतह पर उतरना है, जिससे भारत उन देशों (रूस , चीन और अमेरिका) के समूह में शामिल हो जाएगा जिन्होंने मंगल ग्रह पर सफलतापूर्वक सॉफ्ट लैंडिंग की है।
- यह मिशन, मंगल ग्रह के वायुमंडल, पर्यावरण और अंतरग्रहीय धूल के अध्ययन पर केंद्रित होगा, जिसके लिए इसमें चार वैज्ञानिक पेलोड शामिल होंगे: मंगल कक्षा धूल प्रयोग (MODEX), रेडियो ऑक्ल्टेशन (RO) प्रयोग, एनर्जेटिक आयन स्पेक्ट्रोमीटर (EIS), और लैंगमुइर प्रोब और विद्युत क्षेत्र प्रयोग (LPEX)।
- इस मिशन से भारत की गहरे अंतरिक्ष में स्वायत्त नेविगेशन, सतह इमेजिंग और भू-रासायनिक विश्लेषण की क्षमता बढ़ेगी।
- यह मिशन पिछले मंगलयान (मार्स ऑर्बिटर मिशन 2013) की तुलना में तकनीकी दृष्टि से अधिक जटिल होगा क्योंकि इसमें न केवल कक्षा में जाकर डेटा संग्रह करना है, बल्कि मंगल ग्रह की सतह पर पहुंचकर उसका अध्ययन भी करना है।
- मंगलयान-2 की तैयारी और विकास वर्ष 2028 से 2030 तक की अवधि में पूरा होने का अनुमान है, और यह आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से लॉन्च किया जाएगा।

NOT FOR SALE

## वैनेडियम रेडॉक्स फ्लो बैटरी (VRFB) प्रणाली का उद्घाटन

विद्युत, आवास और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने भारत की सबसे बड़ी और पहली 3 मेगावॉट-घंटे क्षमता वाली वैनेडियम रेडॉक्स फ्लो बैटरी (VRFB) प्रणाली का उद्घाटन किया।

- यह प्रणाली एनटीपीसी के अनुसंधान एवं विकास केंद्र, नेत्रा (NTPC NETRA) में स्थापित की गई है।
- इस परियोजना को दीर्घकालिक ऊर्जा भंडारण (Long Duration Energy Storage - LDES) के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जाता है, जो नवीकरणीय ऊर्जा के एकीकरण और ग्रिड की मजबूती को बढ़ाती है।
- वैनेडियम रेडॉक्स फ्लो बैटरी तरल इलेक्ट्रोलाइट्स में बिजली संग्रहित करती है और मेगावॉट रेंज में बिजली तथा मेगावॉट-घंटा रेंज में ऊर्जा दोनों को स्टोर करने में सक्षम है।
- यह तकनीक पारंपरिक लीथियम आयन बैटरियों के विकल्प के रूप में उभर रही है और इससे बैटरी निर्माण में इस्तेमाल होने वाले तत्वों का भंडार भी बढ़ेगा।
- इस तकनीकी पहल से भारत के ऊर्जा तंत्र को और अधिक सततता और लचीलापन मिलेगा, जिससे खासकर नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों जैसे सौर और पवन ऊर्जा के उपयोग और विस्तार में सहायता होगी।

## यूनेस्को ने अपनाया न्यूरोटेक्नोलॉजी के लिए दुनिया का पहला वैश्विक नैतिक ढांचा

यूनेस्को ने नवंबर 2025 में पेरिस में अपने 43वें महाधिवेशन में न्यूरोटेक्नोलॉजी के लिए दुनिया का पहला वैश्विक नैतिक ढांचा "न्यूरोटेक्नोलॉजी की नैतिकता पर अनुशंसा" को अपनाया, जो 12 नवंबर से प्रभावी हुआ।

### मुख्य बिंदु

- यह ढांचा न्यूरोटेक्नोलॉजी के सुरक्षित, पारदर्शी और मानवाधिकारों का सम्मान करते हुए विकास व उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए बनाया गया है।
- इस ढांचे में मस्तिष्क की पवित्रता की रक्षा, गैर-चिकित्सा उपयोगों की रोकथाम, उपयोगकर्ता की सहमति जैसे महत्वपूर्ण नैतिक मानदंड शामिल हैं।
- यह पहल यूनेस्को की महानिदेशक ऑड्रे अज़ोले द्वारा 2019 में शुरू की गई व्यापक प्रक्रिया का परिणाम है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों और 8,000 से अधिक योगदानकर्ताओं ने भाग लिया।
- यूनेस्को इस ढांचे के माध्यम से नीतियों को सुधारने, मस्तिष्क से जुड़े डेटा की सुरक्षा और न्यूरोटेक्नोलॉजी के नैतिक, समावेशी विकास को बढ़ावा देने में विश्व स्तर पर नेतृत्व करेगा।
- न्यूरोटेक्नोलॉजी का उपयोग खासकर चिकित्सा क्षेत्र में होता है जैसे गहरे मस्तिष्क उत्तेजना द्वारा विकारों के लक्षणों को कम करना और मस्तिष्क-कंप्यूटर इंटरफेस के जरिए विकलांगों को सहारा देना।
- यूनेस्को का यह नैतिक ढांचा नवाचार और मानवाधिकारों के बीच संतुलन स्थापित करता है, जिससे तकनीक का दुरुपयोग कम हो और यह मानव गरिमा, स्वायत्तता तथा मानसिक गोपनीयता का सम्मान करे।

## CMS-03 संचार उपग्रह

### चर्चा में क्यों?

ISRO ने CMS-03 संचार उपग्रह को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से LVM3-M5 रॉकेट द्वारा सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया।

### मुख्य बिंदु

- CMS-03 संचार उपग्रह, 2 नवंबर 2025 को शाम 5:26 बजे (IST) लांच हुआ, जो भारत का अब तक का सबसे भारी संचार उपग्रह (लगभग 4,400 किलोग्राम) है।
- उपग्रह को जीसैट-7आर के रूप में भी जाना जाता है और यह भारतीय नौसेना के लिए हिंद महासागर क्षेत्र में उन्नत संचार सेवाएं प्रदान करेगा।
- CMS-03 एक बहु-बैंड उपग्रह है, जो समुद्री क्षेत्रों सहित भारतीय भूभाग पर विस्तृत कवरेज देगा, जिसमें उन्नत स्वदेशी तकनीकें शामिल हैं।
- यह मिशन नौसेना की परिचालन क्षमताओं को मजबूत करेगा तथा यह LVM3 का पांचवां संचालनात्मक उड़ान था।

## ट्रैकोमा

- फिजी ट्रैकोमा को सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में समाप्त करने वाला दुनिया का 26वां देश बन गया है।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने अक्टूबर 2025 में फिजी को यह मान्यता दी, जो सरकारी, सामुदायिक और अंतरराष्ट्रीय प्रयासों का परिणाम है। इनमें बड़े पैमाने पर सर्वेक्षण, जल-स्वच्छता सुधार और जागरूकता अभियान शामिल थे।
- इससे पहले सेनेगल 25वां देश बना था। भारत ने भी ट्रैकोमा को सफलतापूर्वक समाप्त कर लिया है।

### ट्रैकोमा के बारे में

- ट्रैकोमा एक संक्रामक नेत्र रोग है, जो बैक्टीरिया Chlamydia trachomatis के कारण होता है और अंधापन का प्रमुख कारण बन सकता है।
- यह संक्रमित स्राव और दूषित सतहों के संपर्क से फैलता है, खासकर जहां स्वच्छ पानी और स्वच्छता की कमी हो।

## चीन का शेनझोउ-21 मिशन

- चीन का शेनझोउ-21 मिशन तियानगोंग अंतरिक्ष स्टेशन के लिए 31 अक्टूबर 2025 को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया गया एक मानवयुक्त अंतरिक्ष अभियान है, जिसमें तीन अंतरिक्ष यात्रियों को लगभग छह महीने के लिए भेजा गया।
- यह मिशन जिउक्वान प्रक्षेपण केंद्र से रात 11:44 बजे उड़ा और रिकॉर्ड साढ़े तीन घंटे में स्टेशन से जुड़ गया, जो पिछले मिशनों से तेज था।
- चालक दल कमांडर झांग लू, जो शेनझोउ-15 मिशन का अनुभवी सदस्य हैं। इनके साथ दल में सबसे युवा अंतरिक्ष यात्री भी शामिल हैं, जो चीन के अंतरिक्ष कार्यक्रम की नई पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं।

NOT FOR SALE

- तीनों यात्री तियान्हे कोर मॉड्यूल में प्रवेश कर 27 वैज्ञानिक प्रयोग करेंगे, जिनमें जैव प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष चिकित्सा और पदार्थ विज्ञान शामिल हैं।
- इस मिशन में पहली बार चार चूहे (दो नर, दो मादा) भेजे गए, जिनका चयन 300 चूहों में से 60 दिनों के प्रशिक्षण के बाद हुआ। ये चूहे भारहीनता के प्रभावों का अध्ययन करने के लिए पांच-सात दिन स्टेशन पर रहेंगे और शेनझोउ-20 से पृथ्वी लौटेंगे।
- यह तियानगोंग स्टेशन की 10वीं उड़ान है, जो चीन की स्वतंत्र अंतरिक्ष क्षमताओं को मजबूत करती है।

## उभरते विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी नवाचार सम्मेलन

उभरते विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी नवाचार सम्मेलन (ईएसटीआईसी) 2025 एक तीन दिवसीय आयोजन रहा, जो 3 से 5 नवंबर 2025 तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित हुआ।

### उद्घाटन और प्रतिभागी

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 3 नवंबर को सुबह 9:30 बजे इसका उद्घाटन किया और प्रतिभागियों को संबोधित भी किया।
- सम्मेलन में 3,000 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए, जिनमें शिक्षा, अनुसंधान, उद्योग, सरकार के प्रतिनिधि, नोबेल विजेता, वैज्ञानिक, नवप्रवर्तक और नीति निर्माता थे।

### प्रमुख गतिविधियाँ

- ईएसटीआईसी में वैज्ञानिक व्याख्यान, पैनल चर्चाएँ, प्रस्तुतियाँ और प्रौद्योगिकी प्रदर्शन हुए, जो शोधकर्ताओं, उद्योग और युवा नवप्रवर्तकों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिए मंच प्रदान करते थे।
- प्रधानमंत्री ने 1 लाख करोड़ रुपये की अनुसंधान विकास एवं नवाचार (आरडीआई) योजना निधि भी शुरू की, जो निजी क्षेत्र के अनुसंधान को प्रोत्साहित करेगी।

### चर्चा के विषय

- विचार-विमर्श 11 प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित रहा: उन्नत सामग्री और विनिर्माण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जैव-विनिर्माण, समुद्री अर्थव्यवस्था, डिजिटल संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर, उभरती कृषि प्रौद्योगिकियाँ, ऊर्जा, पर्यावरण और जलवायु, स्वास्थ्य प्रौद्योगिकियाँ, क्वांटम विज्ञान तथा अंतरिक्ष प्रौद्योगिकियाँ।
- यह सम्मेलन भारत के विज्ञान-प्रौद्योगिकी इकोसिस्टम को मजबूत करने का लक्ष्य रखता था।

## चीन द्वारा पहली बार थोरियम यूरेनियम ईंधन रूपांतरण में सफलता

चीन ने 3 नवंबर 2025 को थोरियम मोल्टन सॉल्ट रिएक्टर (TMSR) में पहली बार थोरियम-232 को यूरेनियम-233 में सफलतापूर्वक रूपांतरित करने की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। यह सफलता गोबी रेगिस्तान के वुवेई में स्थित 2 मेगावॉट क्षमता वाले TMSR-LF1 रिएक्टर में प्राप्त हुई, जो दुनिया का एकमात्र सक्रिय थोरियम-आधारित रिएक्टर है।

### TMSR क्या है?

- थोरियम मोल्टन सॉल्ट रिएक्टर (TMSR) पिघले हुए नमक को ईंधन और शीतलक के रुप में उपयोग करता है, जो उच्च तापमान पर वायुमंडलीय दाब पर चलता है और स्वाभाविक सुरक्षा प्रदान करता है।
- इसमें पानी की जरूरत नहीं पड़ती, जिससे शुष्क क्षेत्रों के लिए उपयुक्त है, और तापमान बढ़ने पर स्वयं बंद हो जाता है।
- यह पारंपरिक यूरेनियम रिएक्टरों से अधिक ऊर्जा निकालता है तथा कम अपशिष्ट उत्पन्न करता है।

### महत्वपूर्ण लाभ

- थोरियम यूरेनियम से तीन गुना अधिक प्रचुर है, जो सतत और स्वच्छ ऊर्जा सुनिश्चित करता है।
- रिएक्टर में ही थोरियम से यू-233 का उत्पादन (breeding) संभव होता है, जिससे ईंधन आत्मनिर्भरता बढ़ती है।
- कम अपशिष्ट और ऑनलाइन रिफ्यूलिंग से दक्षता कई गुना बढ़ जाती है।

### भविष्य की योजनाएं

- चीन 2035 तक 100 मेगावॉट क्षमता वाले वाणिज्यिक TMSR डेमो रिएक्टर तैनात करने की योजना बना रहा है। यह उपलब्धि वैश्विक परमाणु ऊर्जा को बदल सकती है, जीवाश्म ईंधनों का सतत विकल्प प्रदान करेगी। भारत जैसे थोरियम समृद्ध देशों के लिए भी यह प्रेरणादायक है।

## अराकू घाटी और विशाखापट्टनम में भारत की सबसे बड़ी भू-तापीय ऊर्जा प्रौद्योगिकी पायलट परियोजना

हाल ही में एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (EESL) ने आंध्र प्रदेश के अराकू घाटी और विशाखापट्टनम में भारत की सबसे बड़ी भू-तापीय ऊर्जा प्रौद्योगिकी (Geothermal Energy Technology) पायलट परियोजना स्थापित करने की योजना की घोषणा की है। अराकू घाटी, आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीताराम राजू ज़िले में पूर्वी घाट के गालिकोंडा पहाड़ी इलाके में स्थित है।

### मुख्य बिंदु

- यह पायलट परियोजना पृथ्वी की आंतरिक गर्मी का उपयोग करके इमारतों को ठंडा/गर्म करने और बिजली की खपत को लगभग 50% कम करने के लिए अर्थ एयर टनल (EAT) और ग्राउंड सोर्स हीट पंप (GSHP) जैसी तकनीकों का उपयोग करेगी, जिससे पर्यटन और स्थायी ऊर्जा में क्रांति आएगी।
- इसका उद्देश्य पर्यटन स्थलों पर इको-फ्रेंडली हीटिंग और कूलिंग प्रदान करना, बिजली की बचत करना और कार्बन उत्सर्जन कम करना।
- पृथ्वी की स्थिर भूमिगत तापमान (7-8 मीटर गहराई पर) का उपयोग करके अर्थ एयर टनल (EAT) और ग्राउंड सोर्स हीट पंप (GSHP) जैसी प्रणालियों के माध्यम से ऊर्जा दक्षता हासिल करने का लक्ष्य।

NOT FOR SALE

### एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (EESL) के बारे में

- एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (EESL) भारत में ऊर्जा दक्षता के क्षेत्र में एक प्रमुख सार्वजनिक उपक्रम है, जो चार प्रमुख PSUs (NTPC, PFC, REC, और Power Grid Corporation) के संयुक्त प्रयास से विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत संचालित होता है। इसका उद्देश्य पूरे देश में बड़े पैमाने पर ऊर्जा दक्षता परियोजनाओं का नेतृत्व करना है और यह 'सुपर ESCO' के रूप में काम करता है।

### EESL की प्रमुख पहलों में शामिल हैं

- **UJALA अभियान:** LED बल्ब और उपकरणों का वितरण कर ऊर्जा बचत को बढ़ावा देना
- **स्मार्ट मीटरिंग:** उन्नत मीटरिंग अवसंरचना का परिनियोजन
- **राष्ट्रीय दक्ष रसोई कार्यक्रम (NECP):** इंडक्शन कुकर को बढ़ावा देना, जिससे खाना पकाने की लागत कम हो
- **ऊर्जा दक्ष पंखा कार्यक्रम (EEFP):** देशभर में BLDC पंखों का वितरण

## भारत का पहला स्वदेशी क्वांटम डायमंड माइक्रोस्कोप (QDM) लॉन्च

भारत ने नवंबर 2025 में अपना पहला स्वदेशी क्वांटम डायमंड माइक्रोस्कोप (QDM) लॉन्च किया, जो IIT बॉम्बे के P-Quest समूह द्वारा विकसित किया गया।

### मुख्य बिंदु

- यह राष्ट्रीय क्वांटम मिशन (NQM) के तहत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (DST) द्वारा समर्थित परियोजना है, जिसका नेतृत्व प्रोफेसर कस्तूरी साहा ने किया।
- इसे एमर्जिंग साइंस टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन कॉन्क्लेव (ESTIC 2025) में उद्घाटित किया गया, जो क्वांटम सेंसिंग में भारत का पहला पेटेंट दिलाने वाली उपलब्धि है।
- QDM डायमंड में नाइट्रोजन-वैकेंसी (NV) केंद्रों का उपयोग कर कमरे के तापमान पर नैनोस्केल 3D चुंबकीय क्षेत्र इमेजिंग करता है।
- यह गतिशील चुंबकीय, विद्युत और तापीय परिवर्तनों का सटीक मापन संभव बनाता है।

### प्रमुख अनुप्रयोग

- न्यूरोसाइंस और जैविक इमेजिंग में तंत्रिका संकेतों का अध्ययन। • सामग्री विज्ञान व सेमीकंडक्टर चिप डायग्नोस्टिक्स।
- भूवैज्ञानिक चुंबकत्व अध्ययन व उन्नत इलेक्ट्रॉनिक उपकरण परीक्षण।
- टीम अब इसे AI/ML के साथ एकीकृत कर क्वांटम इमेजिंग प्लेटफॉर्म विकसित करने पर कार्यरत है।

## ISRO को मिला पहला मानव रेटेड L 110 विकास इंजन

गोदरेज एयरोस्पेस ने 12 नवंबर 2025 को इसरो को गगनयान मिशन के लिए पहला मानव-रेटेड L110 चरण विकास इंजन सौंप दिया।

### मुख्य बिंदु

- यह इंजन LVM-3 रॉकेट के कोर स्टेज के लिए तरल प्रणोदन प्रणाली पर आधारित है, जो फ्रांसीसी विकिंग इंजन से प्रेरित है और मानव अंतरिक्ष यात्रा के लिए उच्च सुरक्षा, विश्वसनीयता मानकों को पूरा करता है।
- यह क्रू मॉड्यूल को पृथ्वी की कक्षा में पहुंचाने और सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करेगा।
- पहली मानवरहित परीक्षण उड़ान 2026 की शुरुआत में प्रस्तावित है, जबकि 2027 में तीन भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को कक्षा में भेजा जाएगा।
- LVM-3 को 'बाहुबली' रॉकेट भी कहा जाता है, जो इसरो का सबसे भारी प्रक्षेपण यान है।
- गोदरेज चार दशकों से इसरो के साथ जुड़ा है, जिसमें चंद्रयान, PSLV, GSLV, NISAR मिशनों के लिए इंजन व घटक शामिल हैं।

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी (To The Point)

- भारतीय रेलवे ने AI आधारित मालगाड़ी लॉकिंग निगरानी प्रणाली ' दृष्टि ' के लिए आई आई टी गुवाहाटी के साथ समझौता किया।
- केरल में खोजा गया उल्लू मक्खी प्रजाति प्रोटिड्रिसेरस एल्बोकैपिटेट्स।
- चेन्नई स्थित एक अंतरिक्ष तकनीक स्टार्ट-अप "स्पेस किड्ज इंडिया" ने "वायुपुत्र" नामक विद्युत्-चालित (इलेक्ट्रिक) रॉकेट विकसित किया है।

NOT FOR SALE

# पर्यावरण और पारिस्थितिकी



## प्रोजेक्ट चीता के तहत बोत्सवाना से आठ नए चीतों का भारत आगमन

- प्रोजेक्ट चीता के तहत बोत्सवाना से आठ नए चीतों का आगमन भारत में दिसंबर 2025 के तीसरे सप्ताह तक हो जाएगा।
- भारत आने वाले ये चीतें फिलहाल बोत्सवाना में क्वारंटीन में हैं और उन्हें मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में लाया जाएगा, जहां उन्हें वन्य क्षेत्र में छोड़े जाने से पहले कुछ समय के लिए क्वारंटीन और निगरानी में रखा जाएगा।
- कूनो नेशनल पार्क में वर्तमान 29 चीतें हैं, जिनमें से अधिकांश खुली जंगल में हैं। प्रोजेक्ट चीता की यह पहल भारत में विलुप्त हुई चीतों की प्रजाति को पुर्नस्थापित करने का पहला अंतर-महाद्वीपीय प्रयास है।
- इस परियोजना से भारत के घासभूमि पारिस्थितिकी तंत्र में चीतों की वापसी और जैव विविधता में सुधार की उम्मीद है। कूनो के साथ-साथ राजस्थान के गांधी सागर वन्य जीव अभयारण्य में भी चीतों की संख्या बढ़ाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं, जहां जल्द ही 5 से 8 नए चीतों को छोड़ा जाएगा।

## कंचनजंगा राष्ट्रीय उद्यान

### चर्चा में क्यों?

अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN) के नवीनतम वैश्विक आकलन में कंचनजंगा राष्ट्रीय उद्यान को "Good" (अच्छा) रेटिंग दिया गया है। यह रेटिंग भारत के एकमात्र प्राकृतिक विश्व धरोहर स्थल कंचनजंगा को मिली है, जो इसे संरक्षण की स्थिति में उत्कृष्टता का संकेत देती है। यह रेटिंग पश्चिमी घाट और सुंदरबन जैसे अन्य महत्वपूर्ण भारतीय क्षेत्रों के मुकाबले बेहतर स्थिति दर्शाती है, जिन्हें गंभीर चिंता की श्रेणी में रखा गया है।

### कंचनजंगा राष्ट्रीय उद्यान के बारे में

- कंचनजंगा राष्ट्रीय उद्यान भारत के सिक्किम राज्य में स्थित एक प्रमुख प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहर स्थल है।
- यह भारत का पहला "मिश्रित" यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल है, जो 2016 में प्राकृतिक और सांस्कृतिक दोनों महत्व के कारण मान्यता प्राप्त हुआ।
- भौगोलिक और जैव विविधता कंचनजंगा राष्ट्रीय उद्यान में हिमालय के उपोष्णकटिबंधीय जंगलों से लेकर उच्च एल्पाइन घास के मैदान तक विभिन्न पारिस्थितिक तंत्र मौजूद हैं।
- इस उद्यान का क्षेत्र लगभग 1,784 वर्ग किलोमीटर में फैला है और इसमें 280 ग्लेशियर, 70 से अधिक हिमनद झीलें, हिम तेंदुआ, लाल पांडा, हिमालयी थार समेत 550 से अधिक पक्षी प्रजातियाँ पाई जाती हैं।
- स्थानीय लेप्चा जनजाति इसे "मायेल ल्यांग" (पवित्र भूमि) मानती है, जबकि तिब्बती बौद्ध इसे पवित्र घाटी मानते हैं।

### "Good" रेटिंग के कारण

- कंचनजंगा का दूरस्थ और अपरिवर्तित भौगोलिक स्थान जैसे कम मानव हस्तक्षेप।
- स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी और पारंपरिक ज्ञान का संरक्षण प्रयासों में सम्मिलन।
- भारत-नेपाल सीमा पार संरक्षण सहयोग।
- प्राकृतिक आपदाओं जैसे हिमनदी झील फटने (Glacial Lake Outburst Flood) से प्रभावी निपटान और रोकथाम रणनीतियाँ।
- यह मॉडल प्रकृति, संस्कृति और समुदाय के बीच संतुलित सह-अस्तित्व को दर्शाता है।

NOT FOR SALE

## ब्लू फ्लैग प्रमाणन

### चर्चा में क्यों?

हाल ही में ओड़िशा के दो समुद्र तट, पुरी और सुनापुर, को वर्ष 2025-26 के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित ब्लू फ्लैग प्रमाणन प्राप्त हुआ है। सुनापुर बीच को लगातार तीसरे वर्ष और पुरी के गोल्डन बीच को सातवीं बार इस सूची में शामिल किया गया है।

### मुख्य बिंदु

- यह प्रमाणपत्र डेनमार्क स्थित फाउंडेशन फॉर एनवायरनमेंटल एजुकेशन (FEE) द्वारा दिया जाता है और इसे पाने के लिए समुद्र तटों को 33 सख्त पर्यावरणीय, सुरक्षा, पानी की गुणवत्ता और पर्यावरणीय जागरूकता से संबंधित मानदंडों को पूरा करना होता है।
- ये दोनों तट पर्यावरण-मैत्रीपूर्ण पर्यटन के लिए मॉडल हैं, जहां स्वच्छता, सुरक्षा, कचरा प्रबंधन, पानी की गुणवत्ता, और पर्यावरण शिक्षा जैसी सुविधाएँ उपलब्ध हैं।
- इनके अंतर्गत व्हीलचेयर सहायता, प्रशिक्षित लाइफगार्ड, CCTV निगरानी, और ज़ीरो लिक्विड डिस्चार्ज कचरा प्रबंधन जैसी सुविधाएँ दी जाती हैं।

### भारत के ब्लू फ्लैग समुद्र तट

- भारत में 2025-26 के लिए कुल 13 ब्लू फ्लैग समुद्र तट हैं, जिनमें से 12 को पूर्ण प्रमाणन मिला है–

| | |
|---|---|
| 1. पुरी गोल्डन बीच, ओड़िशा | 6. पदुबिद्री बीच, कर्नाटक |
| 2. सुनापुर बीच, ओड़िशा | 7. कप्पड़ बीच, केरल |
| 3. शिवराजपुर बीच, गुजरात | 8. रुशिकोंडा बीच, आंध्र प्रदेश |
| 4. घोगला बीच, दीव | 9. कोवलम बीच, तमिलनाडु |
| 5. कासरकोड बीच, कर्नाटक | 10. महाबलीपुरम बीच, तमिलनाडु |
| 11. राधानगर बीच, अंडमान और निकोबार | 12. ईडन बीच, पुदुचेरी (शर्त के साथ प्रमाणन) |
| 13. भोगवे बीच, महाराष्ट्र | |

- ये तट समुद्री पर्यटन को स्वच्छ, सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस प्रकार भारत के ये समुद्र तट वैश्विक मानकों पर खरे उतरते हुए सतत पर्यटन और पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक हैं।

## सारंडा जंगल

### चर्चा में क्यों?

सारंडा जंगल, जो झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम में स्थित एशिया का सबसे बड़ा और घना साल का जंगल है, हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के कारण चर्चा में है। अदालत ने अक्टूबर 2025 में 314.86 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को वन्यजीव अभयारण्य घोषित करने का निर्देश दिया, जो जैव विविधता संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### मुख्य बिंदु

- सारंडा जंगल झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में स्थित एशिया का सबसे बड़ा साल का जंगल है, जो लगभग 820-900 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में 700 पहाड़ियों पर फैला हुआ है।
- यह सराइकेला राजपरिवार का ऐतिहासिक निजी शिकारगाह रहा है और यहां लौह अयस्क भंडार का 26% हिस्सा मौजूद है।
- यहां हाथी, तेंदुआ, जंगली भैंस, सांभर, भालू, हिरण जैसे वन्यजीव प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, साथ ही औषधीय पौधे और झरने भी हैं।
- सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में 31,468.25 से 57,000 हेक्टेयर क्षेत्र को वन्यजीव अभयारण्य घोषित करने का निर्देश दिया है, जो झारखंड का 10वां अभयारण्य बनेगा।
- हालांकि, स्थानीय आदिवासी समुदाय विस्थापन की आशंका से इसका विरोध कर रहे हैं, जबकि खनन और उद्योग क्षेत्र सुरक्षित रहेंगे।

## नौरादेही वन्यजीव अभयारण्य

### चर्चा में क्यों?

मध्यप्रदेश के नौरादेही वन्यजीव अभयारण्य को भारत का तीसरा चीता पुनर्वास स्थल बनाये जाने की घोषणा के कारण यह चर्चा में रहा है, जहां पहले से भेड़िये, तेंदुए और बाघ मौजूद हैं।

### नौरादेही वन्यजीव अभयारण्य के बारे में

- नौरादेही वन्यजीव अभयारण्य मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा वन्यजीव अभयारण्य है, जो सागर, दमोह और नरसिंहपुर जिलों में लगभग 1197 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है।
- यह 1975 में भेड़ियों के संरक्षण के लिए स्थापित किया गया था और नर्मदा तथा गंगा नदी घाटियों के मध्य स्थित है।
- अभयारण्य दक्कन प्रायद्वीप जैव-भौगोलिक क्षेत्र के उच्च विंध्य पठार पर अवस्थित है।
- यह भारत की दो प्रमुख नदी घाटियों को घेरता हुआ एक अद्वितीय संरक्षित क्षेत्र है।
- यहां उष्णकटिबंधीय शुष्क पर्णपाती वन प्रमुख हैं, जिसमें सागौन, साजा, धौरा, महुआ और तेंदू जैसी प्रजातियां पाई जाती हैं।
- प्रमुख जीवों में भारतीय भेड़िया, बाघ, तेंदुआ, जंगली कुत्ता, भालू, नीलगाय, चिंकारा, सांभर और काला हिरण शामिल हैं।

## असम में चेकर्ड कीलबैक साँप में ऐल्बिनिज़्म का पहला मामला ज्ञात

असम राज्य चिड़ियाघर एवं बॉटनिकल गार्डन की टीम ने असम में चेकर्ड कीलबैक (Checkered Keelback) साँप में ऐल्बिनिज़्म (Albinism) का पहला ज्ञात मामला दर्ज किया है।

### ऐल्बिनिज़्म क्या है?

- ऐल्बिनिज़्म एक आनुवंशिक स्थिति है जिसमें मेलेनिन नामक पिगमेंट (रंगद्रव्य) की आंशिक या पूर्ण कमी होती है। इससे त्वचा, बाल और आंखें सामान्य से बहुत हल्के रंग की हो जाती हैं।

### चेकर्ड कीलबैक के बारे में

- **वैज्ञानिक नाम:** Fowlea Piscator
- **अन्य नाम:** एशियाई जल साँप (Asian Water Snake)
- **आकार:** मध्यम, लंबाई 3-4 फीट, वजन 200-500 ग्राम
- **रंग:** जैतूनी-भूरा, जैतूनी-हरा, पीला या कभी-कभी लाल रंग, काले धब्बे मौजूद
- **शारीरिक विशेषताएँ:** पतला, फुर्तिला, तेज़, नुकीला सिर, गर्दन से चौड़ा सिरा, मोटे कीलनुमा शल्क
- **आवास:** भारत में लगभग सभी हिस्से—उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल; मीठे जल जैसे तालाब, दलदल, चावल के खेत
- **आहार: मुख्यतः** मछली, मेंढक और छोटे सरीसृप
- **संरक्षण स्थिति:** IUCN की सूची में संकटमुक्त (Least Concern- LC)

## पर्यावरण पारिस्थितिकी (To The Point)

- भारतीय रेलवे ने AI आधारित मालगाड़ी लॉकिंग निगरानी प्रणाली 'दृष्टि' के लिए आई आई टी गुवाहाटी के साथ समझौता किया।
- आस्ट्रेलिया का उत्तर पूर्वी उष्णकटिबंधीय वन, कार्बन सिंक से कार्बन स्रोत में परिवर्तित होने वाला दुनिया का पहला वन बना।
- अक्टूबर 2025 में आर्मेनिया अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ-आई.यू.सी.एन का नवीनतम सदस्य बना।

NOT FOR SALE

# पुरस्कार एवं सम्मान

## वर्ल्ड लीडर फॉर पीस एंड सिक्योरिटी अवार्ड-2025'

आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर को बॉस्टन ग्लोबल फोरम और वर्ल्ड लीडर फॉर पीस एंड सिक्योरिटी अवार्ड-2025'AI वर्ल्ड सोसाइटी द्वारा 'वर्ल्ड लीडर फॉर पीस एंड सिक्योरिटी अवार्ड-2025' से सम्मानित किया गया है।

### मुख्य बिंदु

- यह सम्मान श्री श्री रविशंकर को वैश्विक शांति निर्माण, पुनर्समाधान और मानवीय नेतृत्व में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया है।
- अवॉर्ड समारोह का आयोजन जेनेवा, स्विट्ज़रलैंड में हुआ जहाँ दुनियाभर के कूटनीतिज्ञ, समाजसेवी और धार्मिक नेता उपस्थित थे।
- श्री श्री रविशंकर के नेतृत्व में "आर्ट ऑफ़ लिविंग" संगठन 180 से अधिक देशों में सक्रिय है और उन्होंने योग, ध्यान और सुदर्शन क्रिया जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य और शांति के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।
- इस अवार्ड के पिछले विजेताओं में जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे, जर्मनी की चांसलर एंजेला मर्केल, संयुक्त राष्ट्र महासचिव बान की मून, और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों शामिल हैं।

## आर.के. लक्ष्मण उत्कृष्टता पुरस्कार

- भारत के महान दिवंगत कार्टूनिस्ट आर.के. लक्ष्मण की याद में उनके परिवार द्वारा स्थापित "आर.के. लक्ष्मण उत्कृष्टता पुरस्कार" के प्रथम विजेता बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान होंगे। आमिर खान की सामाजिक संदेश वाली फिल्मों के लिए उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।
- अमीर खाना को 23 नवंबर 2025 को पुणे के एमसीए क्रिकेट स्टेडियम में एक समारोह के दौरान यह सम्मान दिया जाएगा। समारोह में ऑस्कर विजेता ए.आर. रहमान का लाइव कॉन्सर्ट भी होगा।
- यह पुरस्कार ऐसे कलाकारों को दिया जाएगा जिसने भारतीय समाज की नब्ज को हास्य और अवलोकन के माध्यम से पकड़ा हो और 'कॉमन मैन' जैसे कालातीत पात्र की रचना की हो।

### आर के लक्ष्मण के बारे में

- रासीपुरम कृष्णस्वामी लक्ष्मण, जिन्हें आमतौर पर आर के लक्ष्मण के नाम से जाना जाता है, भारत के प्रमुख हास्यरस लेखक, कार्टूनिस्ट और व्यंग्यकार थे।
- उनका जन्म 24 अक्टूबर 1921 को मैसूर, कर्नाटक में हुआ था और उनका निधन 26 जनवरी 2015 को पुणे में हुआ।
- वे अपनी रचना "द कॉमन मैन" और टाइम्स ऑफ इंडिया में प्रकाशित होने वाली दैनिक कार्टून शृंखला "यू सैड इट" के लिए प्रसिद्ध थे।
- उन्हें प भूषण, प विभूषण, रेमन मेग्सेसे पुरस्कार, बी. डी. गोयनका पुरस्कार जैसे प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हुए।

## भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका राष्ट्रीय पुरस्कार

- केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने हाल ही में महान संगीतकार भूपेन हजारिका को उनकी जन्म शताब्दी पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पूर्वोत्तर की छह प्रतिष्ठित हस्तियों को भारत रत्न भूपेन हजारिका राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए।
- पुणे स्थित सामाजिक और सांस्कृतिक संगठन सरहद द्वारा 2012 में स्थापित, भारत रत्न भूपेन हजारिका राष्ट्रीय पुरस्कार, पूर्वोत्तर के उन व्यक्तियों को मान्यता देता है जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।
- प्रत्येक पुरस्कार में 51,000 रुपये का नकद पुरस्कार, एक प्रशस्ति पत्र और एक स्मृति चिन्ह दिया जाता है।
- पुणे स्थित सामाजिक और सांस्कृतिक संगठन सरहद द्वारा 2012 में स्थापित, भारत रत्न भूपेन हजारिका राष्ट्रीय पुरस्कार पूर्वोत्तर के उन व्यक्तियों को मान्यता देता है जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।
- प्रत्येक पुरस्कार में 51,000 रुपये का नकद पुरस्कार, एक प्रशस्ति पत्र और एक स्मृति चिन्ह दिया जाता है।
- इस वर्ष मणिपुर के लैशराम मेमा देवी, मिज़ोरम के एलआर साइलो, अरुणाचल प्रदेश के येशे दोरजे थोंगची, मेघालय के प्रोफेसर डेविड आर. सिम्लिह और असम के डॉ. सूर्यकांत हजारिका और रजनी बासुमतारी को सम्मानित किया गया

### इस वर्ष सम्मानित व्यक्तित्व

- मणिपुर की लैशराम मेमा देवी
- मिजोरम के एलआर साइलो
- अरुणाचल प्रदेश के येशे दोरजे थोंगची
- मेघालय के प्रोफेसर डेविड आर. सिम्लिह
- असम के डॉ. सूर्यकांत हजारिका
- असम के रजनी बासुमतारी

NOT FOR SALE

## हिमाचल प्रदेश को "पीपुल्स फर्स्ट इंटीग्रेशन अवार्ड"

- इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) द्वारा प्रतिष्ठित "पीपुल्स फर्स्ट इंटीग्रेशन अवार्ड" से हिमाचल प्रदेश सरकार को सम्मानित किया गया है।
- यह पुरस्कार हिमाचल प्रदेश द्वारा डिजिटल सेवाओं के पारदर्शी और सरल वितरण में उत्कृष्ट योगदान हेतु दिया गया है।
- हिमाचल प्रदेश ने 51 हिमसेवा सेवाओं को डिजी लॉकर से जोड़ा और उन्हें हिम परिवार योजना से इंटीग्रेट किया है, जिससे नागरिकों को दस्तावेज़ और सेवाएं घर बैठे आसानी से मिल सकेंगी।

## दादा साहब फाल्के अंतरराष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार 2025

दादा साहब फाल्के अंतरराष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार 2025 मुंबई में 29 और 30 अक्टूबर को 10वें दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवार्ड्स (DPIFF 2025) के रूप में आयोजित किए गए। इस समारोह में भारतीय और अंतरराष्ट्रीय सिनेमा की उत्कृष्टता को सम्मानित किया गया।

### मुख्य पुरस्कार विजेता इस प्रकार हैं

- सर्वश्रेष्ठ फिल्म – Stree 2
- वर्ष की फिल्म – Kalki 2898 AD
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेता – कार्तिक आर्यन
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री – कृति सैनन
- सर्वश्रेष्ठ निर्देशक – कबीर खान
- निर्माता ऑफ द ईयर – दिनेश विजान
- सबसे वर्सेटाइल अभिनेता – अल्लू अर्जुन
- सबसे वर्सेटाइल अभिनेत्री – साई पल्लवी
- सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशक – देवी श्री प्रसाद
- इसके अलावा, रवि किशन को उनके बहुमुखी अभिनय और फिल्मी करियर के लिए विशेष सम्मान मिला।
- इस आयोजन में टीवी, वेब सीरीज और संगीत के क्षेत्र के कलाकारों को भी पुरस्कृत किया गया।

## शहरी परिवहन उत्कृष्टता का जश्न : UMI 2025 पुरस्कार

18वें शहरी गतिशीलता भारत (UMI) सम्मेलन एवं प्रदर्शनी 2025, जो 7 से 9 नवंबर 2025 तक हरियाणा के गुरुग्राम में आयोजित की गई, में शहरी परिवहन उत्कृष्टता के लिए विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किए गए। इस सम्मेलन के समापन सत्र में केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल ने विजेता शहरों और संस्थानों को सम्मानित किया।

### UMI 2025 पुरस्कार विजेताओं की सूची और उनके कारण

- **सर्वोत्तम सार्वजनिक परिवहन प्रणाली वाला शहर:** चेन्नई (मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड) को उत्कृष्ट यात्री सेवा और संचालन के लिए सम्मानित किया गया।
- **बीआरटीएस प्रणाली के लिए प्रशस्ति पत्र:** हुबली-धारवाड़ (बीआरटीएस कम्पनी लिमिटेड) को।
- **सर्वोत्तम यात्री सेवा और संतुष्टि वाली मेट्रो रेल:** दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड।
- **सर्वश्रेष्ठ सार्वजनिक भागीदारी और वित्तपोषण वाले शहर:** उल्लेखनीय प्रबंधन और वित्तीय नवाचार के लिए विशेष पुरस्कार दिए गए।
- अन्य श्रेणियों में टिकाऊ परिवहन, गैर-मोटर चालित परिवहन, मल्टीमॉडल एकीकरण आदि के लिए भी पुरस्कार वितरित किए गए।
- **विशेष सम्मान:** नवाचार, शोध, और प्रदर्शनी में उल्लेखनीय योगदान के लिए निजी कंपनियों और शोधकर्ताओं को पुरस्कार तथा अनुक्रमिक राशि प्रदान की गई।
- यह सम्मेलन राष्ट्रीय शहरी परिवहन नीति (NUTP) के तहत शहरी गतिशीलता में व्यावहारिक और मापनीय समाधानों को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण मंच है। विजेताओं का चयन विशेषज्ञों की समिति द्वारा किया जाता है जो उनके प्रभावी प्रदर्शनों और नवाचारों को मान्यता देता है।
- अगला 19वां UMI सम्मेलन अक्टूबर 2026 में भुवनेश्वर में आयोजित किया जाएगा।
- इस प्रकार, UMI 2025 ने शहरी परिवहन के विभिन्न पहलुओं में उत्कृष्टता को मान्यता दी और देश के विभिन्न शहरों को प्रेरित किया।

## ग्रैमी अवॉर्ड्स 2026 के लिए भारत की प्रसिद्ध सितारवादक अनुष्का शंकर नामांकित

- ग्रैमी अवॉर्ड्स 2026 में भारत की प्रतिष्ठित सितार वादक अनुष्का शंकर को अपने करियर का 11वां ग्रैमी नामांकन मिला है।
- वे अपने गाने 'डेब्रेक' के लिए बेस्ट ग्लोबल परफॉर्मेंस कैटेगरी में नामांकित हुईं हैं।
- इस गाने को उन्होंने अपने चचेरे भाई आलम खान और सरथी कोरवर के साथ मिलकर तैयार किया है, जो उनके एल्बम 'चैप्टर 3: वी रिटर्न टू लाइट' का हिस्सा है।

### भारत और भारतीय मूल के अन्य कलाकार जिन्हें ग्रैमी 2026 के लिए नामांकन मिला

- ग्रैमी अवॉर्ड्स 2026 में अनुष्का शंकर के अलावा संगीतकार सिद्धांत भाटिया को उनके प्रोजेक्ट 'साउंड्स ऑफ कुंभ' के लिए बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम के लिए नामांकित किया गया है।
- भारतीय मूल के संगीतकार चारु सूरी को उनके एल्बम 'शयान' के लिए बेस्ट कंटेम्परी इंस्ट्रुमेंटल एल्बम कैटेगरी में नामांकन मिला है।
- इसके साथ ही फ्यूजन बैंड 'शक्ति: माइंड एक्सप्लोजन' को भी बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक परफॉर्मेंस के लिए नोमिनेशन मिला है।

NOT FOR SALE

## 2025 के गोल्डन पीकॉक अवार्ड्स

2025 में अनेक भारतीय कंपनियों और संस्थानों को गोल्डन पीकॉक अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार कॉर्पोरेट गवर्नेंस, नवाचार, पर्यावरण संरक्षण, और कार्यस्थल सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट मानक स्थापित करने वालों को दिया जाता है।

### प्रमुख विजेता और श्रेणियाँ

- **हेरिटेज फूड्स लिमिटेड** – कॉर्पोरेट गवर्नेंस में उत्कृष्टता के लिए
- **डॉव इंडिया** – इको-इनोवेशन और पर्यावरण प्रबंधन में उत्कृष्ट योगदान के लिए
- **बेंगलुरु ट्रैफिक पुलिस** – 'एस्ट्राम' (स्मार्ट ट्रैफिक इंजन) पहल के लिए इनोवेटिव प्रोडक्ट/सर्विस अवार्ड
- **हिमाद्री स्पेशियलिटी केमिकल** – व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के लिए
- **ओएनजीसी** – तेल क्षेत्र में अग्रणी नवाचार के लिए
- **सेइल एनर्जी** – कॉर्पोरेट गवर्नेंस में उत्कृष्टता के लिए
- **सौर ऊर्जा निगम (SECI)** – छत्तीसगढ़ में सौर + बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (BESS) नवाचार परियोजना के लिए
- **ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया (ARAI)** – इनोवेटिव प्रोडक्ट/सर्विस अवार्ड के लिए
- इन संस्थाओं को उनके नवीन दृष्टिकोण, टिकाऊ विकास के प्रति प्रतिबद्धता और समाजहित के लिए किए जा रहे सतत प्रयासों के कारण चुना गया। गोल्डन पीकॉक अवार्ड्स उद्योगों में गुणवत्ता और पारदर्शिता के उच्च मानदंडों को प्रोत्साहन देते हैं।

### गोल्डन पीकॉक अवार्ड के बारे में

- गोल्डन पीकॉक अवार्ड की स्थापना भारत के इंस्टीट्यूट ऑफ डायरेक्टर्स (Institute of Directors - IOD), नई दिल्ली द्वारा वर्ष 1991 में की गई थी।
- यह पुरस्कार कॉर्पोरेट उत्कृष्टता का एक वैश्विक बेंचमार्क माना जाता है और इसे विश्वभर में कॉर्पोरेट गवर्नेंस, नवाचार, सतत विकास, पर्यावरण प्रबंधन, व्यावसायिक सुरक्षा और सामाजिक जिम्मेदारी के क्षेत्र में अग्रणी संस्थाओं को सम्मानित करने के लिए दिया जाता है।

## महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 की विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋचा घोष को बंग भूषण पुरस्कार और DSP पद

- विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋचा घोष, जो महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 में भारत की चैंपियन टीम की सदस्य थीं, को पश्चिम बंगाल सरकार ने उनके अहम योगदान के लिए बंग भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया है।
- इसके साथ ही उन्हें पुलिस उपाधीक्षक (DSP) का पद भी प्रदान किया गया है। यह सम्मान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ईडन गार्डन्स में एक भव्य समारोह में दिया।
- बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन ने उन्हें 34 लाख रुपये नकद, सोने का बल्ला और सोने की चेन भी भेंट की।
- ऋचा घोष ने विश्व कप के 8 पारियों में कुल 234-235 रन बनाए, जिसमें उन्होंने फाइनल मैच में 24 गेंदों पर 34 रन की विस्फोटक पारी खेली थी।
- इस प्रदर्शन के कारण उन्हें प्रत्येक रन के लिए एक लाख रुपये के हिसाब से 34 लाख रुपए का पुरस्कार भी मिला।
- ऋचा घोष पश्चिम बंगाल की पहली क्रिकेटर हैं जिन्हें यह उच्च नागरिक सम्मान बंग भूषण पुरस्कार मिला है।
- राज्य सरकार ने ऋचा के सम्मान में सिलीगुड़ी में इनके नाम से एक क्रिकेट स्टेडियम बनाने की भी घोषणा की है।
- यह सम्मान बंगाल सरकार द्वारा कला, संस्कृति, लोक प्रशासन तथा सार्वजनिक सेवा में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जाने वाला सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है।

## डॉ. साई गौतम गोपालकृष्णन को मनोहर परिकर युवा वैज्ञानिक पुरस्कार 2025

- मनोहर परिकर युवा वैज्ञानिक पुरस्कार 2025 के तीसरे संस्करण के विजेता डॉ. साई गौतम गोपालकृष्णन हैं। वे भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc), बेंगलुरु के मैटेरियल्स इंजीनियरिंग विभाग में सहायक प्रोफेसर हैं।
- उन्हें कम्प्यूटेशनल मटेरियल्स साइंस के क्षेत्र में उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए सम्मानित किया गया है।
- इस पुरस्कार के लिए कुल 50 आवेदनों में से चयन कठोर मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद हुआ। चयन समिति की अध्यक्षता डॉ. अनिल काकोडकर ने की।
- यह पुरस्कार गोवा सरकार द्वारा स्थापित किया गया है। जिसमें पुरस्कार स्वरूप 5 लाख रुपये की नकद राशि और प्रशस्ति पत्र दिया जाता है।
- यह सम्मान दिसंबर 2025 में मनोहर परिकर विज्ञान महोत्सव के दौरान प्रदान किया जाएगा।
- पुरस्कार का उद्देश्य युवाओं में वैज्ञानिक नवाचार को प्रोत्साहित करना और भारत की तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देना है।

## डेविड स्ज़ाले के उपन्यास 'फ्लेश' (Flesh) को 2025 का बुकर पुरस्कार

- डेविड स्ज़ाले का उपन्यास 'फ्लेश' (Flesh) 2025 का बुकर पुरस्कार जीतने वाला उपन्यास बना, जिसने उन्हें अंग्रेजी भाषी दुनिया में यह पुरस्कार जीतने वाले पहले हंगेरियन-ब्रिटिश लेखक के रूप में प्रतिष्ठित किया।
- यह पुरस्कार लंदन में आयोजित समारोह में दिया गया, जिसमें उन्हें 50,000 पाउंड की राशि और ट्रॉफी प्रदान की गई।

NOT FOR SALE

### उपन्यास 'फ्लेश' का सार

- 'फ्लेश' एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है जो भावनात्मक रूप से टूट चुका है और उसकी जिंदगी में कुछ अप्रत्याशित घटनाएं उसकी दुनिया बदल देती हैं। इसे सरल लेकिन गहराई से भरी, तनावपूर्ण और भावनात्मक रूप से झकझोर देने वाली कहानी माना गया है। इसमें देश, वर्ग, नस्ल, इतिहास और पीढ़ियों के बीच रिश्तों की जटिलताएं, एक प्रेम कहानी, पारिवारिक गाथा और विचारों का समृद्ध मिश्रण है। उपन्यास का मुख्य पात्र अपनी जिंदगी की अप्रत्याशित घटनाओं के चलते बिखरता चला जाता है, जिसे वह पूरी तरह समझ नहीं पाता।

### बुकर पुरस्कार की विशेषताएं-

- बुकर पुरस्कार विश्व का प्रमुख साहित्यिक सम्मान है, जिसकी शुरुआत 1969 में ब्रिटेन में हुई थी।
- यह अंग्रेजी में लिखे गए सर्वश्रेष्ठ मौलिक उपन्यास को दिया जाता है, जो यू.के. या आयरलैंड में प्रकाशित हो।
- विजेता को 50,000 पाउंड तथा प्रत्येक शॉर्टलिस्ट लेखक को 2,500 पाउंड दिए जाते हैं।अब यह पुरस्कार विश्वभर के अंग्रेजी लेखकों के लिए खुला है।

### भारत एवं भारतीय मूल के विजेता

- बी एस नायपॉल – In a Free State
- सलमान रुश्दी – Midnight's Children
- अरुंधति रॉय – The God of Small Things
- किरण देसाई – The Inheritance of Loss
- अरविंद अडिगा – The White Tiger
- डेविड स्ज़ाले ने इस पुरस्कार के लिए भारतीय मूल की लेखक किरण देसाई को पीछे छोड़ा, जिनका उपन्यास द लोनलीनेस ऑफ सोनिया एंड सनी इस बार दूसरे स्थान पर रहा। इस उपन्यास में भारत और अमेरिका की पृष्ठभूमि पर दो भारतीय युवाओं के जीवन और प्रेम को दिखाया गया है।

## भारतीय मूल के इतिहासकार सुनील अमृत को ब्रिटिश अकादमी पुस्तक पुरस्कार 2025

- भारतीय मूल के इतिहासकार सुनील अमृत को 'द बर्निंग अर्थ: एन एनवायर्नमेंटल हिस्ट्री ऑफ द लास्ट 500 इयर्स' नामक पुस्तक के लिए ब्रिटिश अकादमी पुस्तक पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया है।
- यह पुरस्कार एक प्रतिष्ठित गैर-काल्पनिक पुरस्कार है जो दुनिया भर में लोगों, समाजों और संस्कृतियों के बारे में गहरी समझ प्रदान करने वाली पुस्तकों को सम्मानित करता है।
- येल विश्वविद्यालय में इतिहास के प्रोफेसर के रूप में कार्यरत सुनील अमृत को यह पुरस्कार का प्रदान करने का कारण यह रहा कि इनका पुस्तक मानव इतिहास और पर्यावरणीय परिवर्तन के अंतर्संबंध का गहन विश्लेषण करती है।
- निर्णायकों ने इस पुस्तक को जलवायु संकट को समझने के लिए एक महत्वपूर्ण पुस्तक बताया।
- ब्रिटिश अकादमी पुस्तक पुरस्कार एक वार्षिक पुरस्कार है जो वैश्विक सांस्कृतिक समझ में उत्कृष्ट विद्वत्तापूर्ण योगदान के लिए दिया जाता है।
- ब्रिटिश अकादमी पुस्तक पुरस्कार की स्थापना 2013 में की गई थी और यह £25,000 की पुरस्कार राशि प्रदान करता है।

## अर्बन मोबिलिटी इंडिया 2025 पुरस्कार

अर्बन मोबिलिटी इंडिया 2025 पुरस्कार हरियाणा के गुरुग्राम में आयोजित 18वें अर्बन मोबिलिटी इंडिया (UMI) सम्मेलन में केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री द्वारा 8 श्रेणियों में दिए गए थे।

### प्रमुख पुरस्कार -

- **सर्वश्रेष्ठ सार्वजनिक परिवहन प्रणाली वाला शहर:** चेन्नई Metropolitan Transport Corporation (MTC) को यह पुरस्कार मिला, जो 660 मार्गों पर सेवा, महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा, इलेक्ट्रिक बस ऑपरेशन और डिजिटल भुगतान जैसे पहलों के लिए दिया गया।
- **सर्वश्रेष्ठ गैर-मोटर चालित परिवहन प्रणाली वाला शहर:** उदयपुर।
- सर्वश्रेष्ठ हरित परिवहन पहल वाला शहर: हैदराबाद (तेलंगाना अक्षय ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड)।
- **सर्वश्रेष्ठ मल्टीमॉडल एकीकरण वाली मेट्रो रेल:** चेन्नई मेट्रो रेल लिमिटेड।
- **सर्वश्रेष्ठ यात्री सेवाओं और संतुष्टि वाली मेट्रो रेल:** दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन।
- इन पुरस्कारों के अलावा, राजधानी क्षेत्र शहरी परिवहन (CRUT), भुवनेश्वर को उनकी 'अमा बस' और 'अमा ई-राइड' परियोजनाओं के लिए विशेष उल्लेख पुरस्कार दिया गया।
- पुरस्कार चयन समिति में सरकार के उच्च-स्तरीय अधिकारी और क्षेत्र के विशेषज्ञ शामिल थे। 19वां शहरी गतिशीलता भारत सम्मेलन 2026, 23-25 अक्टूबर, 2026 को भुवनेश्वर, ओडिशा में आयोजित होगा। यह पुरस्कार शहरी परिवहन में उत्कृष्टता और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रदान किए जाते हैं।

## सलमान रुश्दी को डेटन पीस प्राइज-लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड 2025

नवंबर 2025 में, प्रसिद्ध भारतीय मूल के ब्रिटिश लेखक सलमान रुश्दी को डेटन, ओहियो, संयुक्त राज्य अमेरिका में आयोजित डेटन लिटरेरी पीस प्राइज (Dayton Literary Peace Prize) 2025 समारोह में "राजदूत रिचर्ड C. होलब्रुक डिस्टिंग्विश्ड अचीवमेंट अवॉर्ड" (Ambassador Richard C. Holbrooke Distinguished Achievement Award) से सम्मानित किया गया, जो एक लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड है।

NOT FOR SALE

### मुख्य बिंदु

- इस पुरस्कार के तहत रुश्दी को उनके साहित्यिक योगदान, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, सहिष्णुता, और मानवीय गरिमा के लिए उनके अटूट समर्थन के लिए सम्मानित किया गया।
- इस अवॉर्ड के साथ 10,000 अमेरिकी डॉलर का नकद पुरस्कार भी शामिल है।
- डेटन शांति पुरस्कार की यह 2025 की घोषणा बोस्नियाई युद्ध को समाप्त करने वाले डेटन शांति समझौते की 30वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में की गई थी।
- सलमान रुश्दी की प्रसिद्धि उनके 1988 के उपन्यास "The Satanic Verses" से है, जिसने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए उनके संघर्ष को दर्शाया है।
- इससे पहले भी कई अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठित हस्तियों को यह लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड मिल चुका है जैसे पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर, नोबेल पुरस्कार विजेता एली विज़ेल, और लेखिका मार्गरेट एटवुड आदि।

## एसबीआई को "विश्व का सर्वश्रेष्ठ उपभोक्ता बैंक" का पुरस्कार

- भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को वर्ष 2025 के लिए "विश्व का सर्वश्रेष्ठ उपभोक्ता बैंक" का पुरस्कार मिला है।
- इस सम्मान को न्यूयॉर्क स्थित प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रकाशन ग्लोबल फाइनेंस ने विश्व बैंक/आईएमएफ की वार्षिक बैठक के दौरान प्रदान किया है।
- एसबीआई को यह पुरस्कार उसकी ग्राहक-केंद्रित नवाचारों, डिजिटल बैंकिंग, वित्तीय समावेशन और उत्कृष्ट ग्राहक सेवा के लिए मिला है।
- बैंक के पास 52 करोड़ से अधिक ग्राहक हैं और प्रतिदिन लगभग 65,000 नए ग्राहक जुड़ते हैं।
- एसबीआई की मोबाइल बैंकिंग, वॉयस बैंकिंग (क्षेत्रीय भाषाओं में) और एआई-आधारित व्यक्तिगत बैंकिंग समाधान इसे इस क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व प्रदान करते हैं।
- साथ ही एसबीआई को "भारत का सर्वश्रेष्ठ बैंक 2025" का भी खिताब मिला है, जो उसकी देश की अग्रणी बैंकिंग स्थिति को दर्शाता है।

## 'चिल्ड्रन बुकर पुरस्कार'

- बुकर पुरस्कार फाउंडेशन ने नये 'चिल्ड्रन बुकर पुरस्कार' की घोषणा की है जिसमें विजेता को 50,000 पाउंड (करीब 59 लाख रुपये) की राशि दी जाएगी।
- यह पुरस्कार आठ से बारह वर्ष के बच्चों के लिए सर्वश्रेष्ठ समकालीन कथा साहित्य को दिया जाएगा, जो अंग्रेजी में लिखी गई या अनुवादित हो और ब्रिटेन या आयरलैंड में प्रकाशित हो।
- यह नया चिल्ड्रन बुकर पुरस्कार 2027 से प्रतिवर्ष प्रदान किया जाएगा और इसका चयन बाल और वयस्क निर्णायकों द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा।
- इस पुरस्कार का उद्देश्य बच्चों में बेहतर साहित्य को प्रोत्साहित करना है और विजेता किताब की कम से कम 30,000 प्रतियां उपहार में दी जाएंगी ताकि अधिक से अधिक बच्चे इसे पढ़ सकें।

## सखारोव पुरस्कार 2025

यूरोपीय संसद ने 2025 के सखारोव पुरस्कार (Sakharov Prize for Freedom of Thought) बेलारूस के पत्रकार आंद्रेज़ पोज़ोबुत (Andrzej Poczobut) और जॉर्जिया की पत्रकार म्ज़िया अमाग्लोबेली (Mzia Amaglobeli) को प्रदान करने की घोषणा की है, जो दोनों जेल में बंद हैं। सम्मान समारोह का आयोजन 16 दिसंबर 2025 को स्ट्रासबर्ग में होगा।

### इस वर्ष के विजेताओं का योगदान

- आंद्रेज़ पोज़ोबुत को 2021 में गिरफ्तार किया गया और 2023 में आठ वर्ष की सजा सुनाई गई, जो पोलिश मूल के हैं तथा बेलारूस में सत्य की रिपोर्टिंग के लिए जाना जाते हैं।
- म्ज़िया अमाग्लोबेली ने स्वतंत्र मीडिया संस्थान स्थापित किए तथा सरकारी दमन और मीडिया सेंसरशिप के खिलाफ साहसिक पत्रकारिता की।

NOT FOR SALE

### पुरस्कार के बारे में

- इस पुरस्कार के तहत 50,000 यूरो की राशि प्रदान की जाती है।
- यह पुरस्कार 1988 में यूरोपीय संसद द्वारा स्थापित किया गया, नोबेल शांति पुरस्कार विजेता सोवियत वैज्ञानिक आंद्रेई सखारोव की स्मृति में।
- यह मानवाधिकारों, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा में असाधारण योगदान वाले व्यक्तियों या समूहों को दिया जाता है।
- इस पुरस्कार के पूर्व विजेताओं में नेल्सन मंडेला, मलाला यूसुफ़ज़ई और डेनिस मुकवेगे शामिल हैं।

## राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार 2025

राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार 2025 भारत का सर्वोच्च नागरिक विज्ञान पुरस्कार है, जो भौतिकी, रसायन विज्ञान, जैविक विज्ञान, इंजीनियरिंग, चिकित्सा और अंतरिक्ष विज्ञान सहित 13 क्षेत्रों में विज्ञान, तकनीक और नवाचार में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जाता है।

- यह पुरस्कार भारत सरकार द्वारा अक्टूबर 2025 में घोषित किया गया था और इस बार 24 व्यक्तियों और एक टीम को चार श्रेणियों में सम्मानित किया गया है।
- वैज्ञानिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने और भविष्य के वैज्ञानिकों को प्रेरित करने के लिए है।

### पुरस्कार श्रेणियाँ

- **विज्ञान रत्न (VR):** जीवन भर की उपलब्धियों के लिए प्रदान किया जाने वाला पुरस्कार; इसे पोस्टह्यूमसली प्रोफेसर जयंत विष्णु नारलीकर को उनकी खगोल भौतिकी में उल्लेखनीय सेवा के लिए दिया गया।
- **विज्ञान श्री (VS):** विशिष्ट क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान के लिए, 25 तक प्राप्तकर्ता हो सकते हैं।
- **विज्ञान युवा–शांति स्वरूप भटनागर (VY-SSB):** 45 वर्ष से कम उम्र के युवा वैज्ञानिकों के लिए, 25 तक पुरस्कार वितरण।
- **विज्ञान टीम (VT):** तीन या अधिक सदस्यों वाली टीमों के लिए, 2025 में एक टीम को चुना गया।

### प्रमुख विजेता

- तीन IIT मद्रास के प्रोफेसरों — प्रोफेसर थालपिल प्रदीप, प्रोफेसर मोहनासंकर शिवप्रकाशम, और प्रोफेसर श्वेता प्रेम अग्रवाल — को विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नवाचार के लिए पुरस्कार मिला।
- इसके अलावा, कृषि विज्ञान में डॉ. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह और परमाणु ऊर्जा में डॉ. युसुफ मोहम्मद शेख को भी सम्मानित किया गया।

## बाल साहित्य पुरस्कार 2025

- साहित्य अकादमी द्वारा 14 नवंबर 2025 को नई दिल्ली के त्रिवेणी सभागार में बाल साहित्य पुरस्कार 2025 का आयोजन किया गया।
- यह पुरस्कार भारत की 24 मान्यता प्राप्त भाषाओं में बाल साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान को सम्मानित करता है।
- पुरस्कार विजेताओं को ₹50,000 नकद राशि और कांस्य की पट्टिका दी गई।

### प्रमुख विजेता

- **हिंदी:** सुशील शुक्ल — "एक बटे बारह"
- **अंग्रेजी:** नितिन कुशलप्पा एमपी — "दक्षिण, साउथ इंडियन मिथ्स एंड फैब्लस रीटोल्ड"
- **पंजाबी:** पाली खादिम — उपन्यास "जादू पत्ता"
- **उर्दू:** ग़ज़नफ़र इक़बाल — लेख संग्रह "क़ौमी सितारे"
- यह पुरस्कार 2010 में शुरू हुआ था और 9 से 16 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए लिखे गए साहित्य को सम्मानित करता है।

## 56वां अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (IFFI 2025)

भारत का 56वां अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (IFFI 2025) 20 से 28 नवंबर 2025 तक गोवा के पणजी में आयोजित हुआ। यह एशिया का एक प्रमुख FIAPF-मान्यता प्राप्त प्रतिस्पर्धी फिल्म महोत्सव है, जिसमें 81 देशों की 240 से अधिक फिल्में प्रदर्शित की गईं।

### मुख्य विशेषताएं

- **फिल्मों की संख्या:** 240+ फिल्में, जिनमें 13 विश्व प्रीमियर, 5 अंतरराष्ट्रीय प्रीमियर और 44 एशियाई प्रीमियर शामिल।
- **उद्घाटन फिल्म:** ब्राजील की The Blue Trail।
- **फोकस देश:** जापान; भागीदार देश: स्पेन; स्पॉटलाइट: ऑस्ट्रेलिया।
- **इंडियन पैनोरामा:** 25 फीचर फिल्में, 20 नॉन-फीचर, 5 डेब्यू फीचर्स।

### सम्मान और पहलें

- रजनीकांत को उनके 50 वर्ष के सिनेमाई योगदान के लिए गोल्डन जुबली सम्मान दिया गया।
- युवा रचनाकारों के लिए CMOT में 124 प्रतिभागी चुने गए, साथ ही ShortsTV चैलेंज और CinemAI Hackathon आयोजित हुए।
- महोत्सव में नई प्रतिभाओं, महिला निर्देशकों और डिजिटल पहलों पर जोर दिया गया।
- 1952 में स्थापित यह महोत्सव सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा गोवा में 2004 से आयोजित हो रहा है।
- उद्घाटन में केंद्रीय मंत्री एल. मुरुगन, गोवा के सीएम प्रमोद सावंत और I&B सचिव संजय जाजू उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार 2025

राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार के तहत गाय/भैंस पालन में सर्वश्रेष्ठ डेयरी किसान का पुरस्कार स्वदेशी गाय/भैंस नस्लों का पालन करने वाले सर्वश्रेष्ठ डेयरी किसान की श्रेणी में दिया जाता है, जिसमें 2025 के लिए अरविन्द यशवंत पाटिल (महाराष्ट्र) प्रथम, डॉ. कनकनला कृष्णा रेड्डी (तेलंगाना) द्वितीय, और हर्षित झूरिया (राजस्थान) व श्रद्धा सत्यवान धवन (महाराष्ट्र) संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे, साथ ही उत्तर-पूर्वी/हिमालयी क्षेत्र के लिए प्रदीप पंगरिया (उत्तराखंड) को विशेष पुरस्कार मिला।

### राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार के बारे में

- राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार (National Gopal Ratna Award) भारत सरकार के मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय द्वारा पशुपालन एवं डेयरी विभाग के तहत दिया जाने वाला प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान है।
- यह पुरस्कार डेयरी क्षेत्र को मजबूत बनाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने का माध्यम है
- यह पुरस्कार देशी गोजातीय नस्लों के संरक्षण, डेयरी क्षेत्र में नवाचार, उच्च दूध उत्पादन और कृत्रिम गर्भाधान जैसी गतिविधियों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले किसानों, सहकारी समितियों, डेयरी किसान उत्पादक संगठनों (FPO/MPC) और कृत्रिम गर्भाधान तकनीशियनों (AIT) को प्रदान किया जाता है।
- 2025 संस्करण NGRA 2025 की घोषणा नवंबर 2025 में हुई, जिसमें कुल 2,081 आवेदन प्राप्त हुए।
- पुरस्कार 26 नवंबर 2025 को राष्ट्रीय दुग्ध दिवस पर प्रदान किए गए, जो डॉ. वर्गीज कुरियन की जयंती पर मनाया जाता है।

NOT FOR SALE

### पुरस्कार तीन प्रमुख श्रेणियों में दिए जाते हैं

- **सर्वश्रेष्ठ डेयरी किसान:** उच्च दूध उत्पादन और देशी नस्ल संरक्षण के लिए।
- **सर्वश्रेष्ठ डेयरी सहकारी/ FPO/ MPC:** किसानों को बेहतर मूल्य और प्रोसेसिंग सुविधाएँ प्रदान करने वाले संगठन।
- **सर्वश्रेष्ठ कृत्रिम गर्भाधान तकनीशियन:** पशु नस्ल सुधार में योगदान के लिए।
- **पुरस्कार राशि:** प्रथम पुरस्कार विजेताओं को ₹5 लाख, द्वितीय को ₹3 लाख, तृतीय को ₹2 लाख नकद पुरस्कार मिलता है। पूर्वोत्तर/ हिमालयी राज्यों के लिए विशेष पुरस्कार ₹2 लाख का होता है, जबकि AIT श्रेणी में केवल प्रमाणपत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किए जाते हैं।

## मिस यूनिवर्स 2025

- मैक्सिको की फातिमा बॉश 74वीं मिस यूनिवर्स 2025 की विजेता बनीं।
- थाईलैंड के नॉन्थाबुरी में 21 नवंबर 2025 को आयोजित ग्रैंड फिनाले में फातिमा बॉश ने 130 से अधिक देशों की प्रतियोगियों को हराया।
- उन्होंने अपनी चमकदार प्रस्तुति, सुंदरता और बुद्धिमत्ता से जजों को प्रभावित किया।
- पिछली विजेता डेनमार्क की विक्टोरिया किज़ेर थैलविंग ने उन्हें ताज पहनाया।
- प्रतियोगिता में फर्स्ट रनर-अप थाईलैंड की प्रवीना सिंह रहीं वहीं भारत की मनिका विश्वकर्मा टॉप 30 में पहुंचीं लेकिन टॉप 12 में जगह नहीं बना पाईं।

## पुरस्कार एवं सम्मान (To The Point)

- टीवीएस मोटर कंपनी के चेयरमैन एमेरिटस वेणु श्रीनिवासन को गुणवत्ता प्रबंधन में उनके उत्कृष्ट नेतृत्व के लिए CII क्वालिटी रत्न पुरस्कार 2025 प्रदान किया गया।
- राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को दक्षिण कोरिया का सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान "ग्रैंड ऑर्डर ऑफ मुगुनघ्वा" (Grand Order of Mugunghwa) से नवाज़ा गया और साथ ही सोने के मुकुट "चोनमाचोंग" की प्रतिकृति भी भेंट की गई।
- उद्योगपति सुनील कांत मुंजाल को अक्टूबर 2025 में फ्रांस सरकार द्वारा शेवालिए दे लॉर्द्रे नेशनल द्यू मेरित (Chevalier de l'Ordre national du Mérite) सम्मान से नवाजा गया।
- फॉक्स नेशन द्वारा 2025 का पैट्रियाट ऑफ द ईयर पुरस्कार अमेरिका की प्रथम महिला मेलेनिया ट्रम्प को प्रदान किया गया।
- आंध्र प्रदेश के जन्मांध उद्योगपति और बोलंट इंडस्ट्रीज के संस्थापक श्रीकांत बोल्ला को नवंबर 2025 में रामोजी एक्सीलेंस अवार्ड्स 2025 में यूथ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया है।
- प्रसिद्ध भारतीय कला निर्देशक थोटा थरानी को हाल ही में फ्रांस के प्रतिष्ठित सम्मान 'शेवेलियर डे ल'ऑर्ड्रे डेस आर्ट्स एट डेस लेट्रेस' (Chevalier de l'Ordre des Arts et des Lettres) से सम्मानित किया गया है।

NOT FOR SALE

# खेल



## बीडब्ल्यूएफ एयर बैडमिंटन विश्व कप का आयोजन UAE के शारजाह में

- पहले बीडब्ल्यूएफ एयर बैडमिंटन विश्व कप का आयोजन 11 से 14 दिसंबर 2025 तक संयुक्त अरब अमीरात के शारजाह में किया जाएगा। यह टूर्नामेंट एयर बैडमिंटन के आउटडोर प्रारूप को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया जा रहा है।
- इस टूर्नामेंट में 12 देशों की टीमें भाग लेंगी, जिनमें ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, अजरबैजान, हांगकांग, ब्राजील, इंडोनेशिया, बुल्गारिया, नाइजीरिया, चीन, यूएई, मिस्र और वेनेजुएला शामिल हैं।
- कुल 96 खिलाड़ी तीन स्पर्धाओं- पुरुष ट्रिपल, महिला ट्रिपल और टीम रिले- में हिस्सा लेंगे।

## भारतीय हॉकी का गौरवशाली 100 वर्ष

- भारतीय हॉकी ने 2025 में अपनी 100 वर्ष (1925-2025) की गौरवशाली यात्रा पूरी की है। इस शताब्दी समारोह का आयोजन 7 नवंबर 2025 को नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में भव्य रूप से किया गया, जहां केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया और अन्य गणमान्य लोगों ने भाग लिया।
- इस आयोजन में देश के 550 से अधिक जिलों में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें 1400 से अधिक मैच खेले गए।
- भारतीय हॉकी की शुरुआत 1925 में हुई थी, जब भारतीय हॉकी महासंघ का गठन ग्वालियर में हुआ। भारत ने ओलंपिक में 13 पदक जीते हैं, जिनमें 8 गोल्ड मेडल शामिल हैं।
- खासतौर पर 1928 के एम्स्टर्डम ओलंपिक में भारत ने बिना कोई गोल खाए गोल्ड मेडल जीता था।
- भारत ने निम्नलिखित वर्षों में हॉकी में स्वर्ण पदक जीते: 1928, 1932, 1936, 1948, 1952, 1956, 1964, और 1980
- हॉकी के जादूगर के रूप में विख्यात मेजर ध्यानचंद जैसे दिग्गज खिलाड़ियों ने भारतीय हॉकी को विश्व पटल पर नाम दिलाया।
- शताब्दी समारोह में हॉकी की 100 साल की गौरवगाथा को याद करते हुए दिग्गज खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया और '100 Years of Indian Hockey' पुस्तक का विमोचन भी किया गया।

## राहुल वी. एस. देश के 91वें ग्रैंड मास्टर

- भारतीय शतरंज खिलाड़ी राहुल वी एस देश के 91वें ग्रैंड मास्टर बने हैं। उन्होंने फिलीपींस में छठी आसियान व्यक्तिगत चैंपियनशिप एक राउंड शेष रहते हुए जीतकर यह खिताब प्राप्त किया।
- 21 वर्षीय राहुल, पहले भी एशियाई जूनियर चैंपियन रह चुके हैं। उन्होंने 2021 में अंतरराष्ट्रीय मास्टर की उपाधि प्राप्त की थी। ये इस टूर्नामेंट में अपनी जीत के साथ अपना अंतिम ग्रैंडमास्टर नॉर्म भी पूरा कर चुके हैं।
- राहुल पिछले दो हफ्तों में ग्रैंडमास्टर बनने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी हैं, इससे पहले इलमपर्थी ए.आर. (90वें ग्रैंडमास्टर) ने यह उपलब्धि हासिल की थी।

## आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप 2025, निशानेबाज रविंदर सिंह को स्वर्ण पदक

- भारतीय निशानेबाज रविंदर सिंह ने 2025 में मिस्र के काहिरा में आयोजित आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की 50 मीटर फ्री पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने कुल 569 अंक बनाकर 47 प्रतियोगियों को पीछे छोड़ा।
- इसी स्पर्धा के टीम इवेंट में रविंदर सिंह, कमलजीत और योगेश कुमार ने कुल 1646 अंक बनाकर रजत पदक जीता।
- दक्षिण कोरिया के टीम ने स्वर्ण और यूक्रेन के टीम ने कांस्य पदक जीता।
- जम्मू-कश्मीर के बिश्नाह कस्बे से आने वाले निशानेबाज रविंदर सिंह, भारतीय सेना में हवलदार के पद पर सेवा करते हैं।
- इन्होंने इससे पहले 2023 में बाकू की विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था तथा इस वर्ष उन्होंने राष्ट्रीय खेलों में भी 10 मीटर एयर पिस्टल में रजत पदक हासिल किया था।

## दक्षिण एशियाई सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025

- भारत ने दक्षिण एशियाई सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में कुल 58 पदक (20 स्वर्ण, 20 रजत, 18 कांस्य) जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- यह चौथा संस्करण 24 से 26 अक्टूबर 2025 तक झारखंड के रांची स्थित बिरसा मुंडा स्टेडियम में आयोजित हुआ।
- झारखंड सरकार ने इस चैंपियनशिप की मेजबानी की, जिसमें भारत, श्रीलंका, नेपाल, बांग्लादेश, मालदीव और भूटान के लगभग 300 एथलीटों ने भाग लिया।
- पदक तालिका भारत के बाद श्रीलंका और नेपाल क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

## अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2025 में भारत का प्रदर्शन

- भारत ने अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2025 में सर्बिया के नोवी साद में शानदार प्रदर्शन किया और कुल 9 पदक जीते, जिसमें 1 स्वर्ण, 2 रजत और 6 कांस्य शामिल हैं।

NOT FOR SALE

### प्रमुख पदक विजेता

- **सुजीत कलकल:** पुरुष फ्रीस्टाइल 65 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, फाइनल में उज्बेकिस्तान के उमिदजोन जालोलोव को 10-0 से हराया।
- **विश्वजीत मोरे:** ग्रेको-रोमन 55 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक, कजाकिस्तान के येरासिल एममायर्बेकोव को 5-4 से पराजित किया, यह उनका लगातार दूसरा U23 विश्व पदक।

## एशियन यूथ गेम्स 2025 में भारत 48 पदक के साथ छठे स्थान पर रहा

- भारत ने एशियन यूथ गेम्स 2025 में बहरीन के मनामा में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 48 पदक जीते, जिनमें 13 स्वर्ण, 18 रजत और 17 कांस्य पदक शामिल हैं। यह भारत का अब तक का सबसे बेहतरीन और रिकॉर्ड प्रदर्शन रहा है।
- इस खेल महाकुंभ में भारत ने 229 खिलाड़ियों का दल भेजा था, जिसमें 122 महिलाएं और 107 पुरुष थे, और भारत ने कुल देशों में छठा स्थान प्राप्त किया।
- इसका आयोजन अक्टूबर 22 से 31, 2025 तक हुआ था, जिसमें 45 देशों के 4,000 से अधिक युवा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।
- इस बार भारत की महिला कबड्डी टीम ने भी ईरान को हराकर पहला स्वर्ण पदक जीता, जबकि विभिन्न खेलों में युवा खिलाड़ियों ने विश्वस्तरीय प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन आगामी 2026 यूथ ओलंपिक्स के लिए क्वालीफायर भी रहा।
- अगला एशियन यूथ गेम्स 2029 में उज्बेकिस्तान में आयोजित होगा।

## रोहन बोपन्ना का टेनिस से संन्यास

- भारतीय टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना ने 31 अक्टूबर 2025 को पेशेवर टेनिस से संन्यास ले लिया।
- उनका अंतिम मैच पेरिस मास्टर्स 2025 में कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक के साथ था, जहां वे पहले दौर में हार गए।
- रोहन बोपन्ना ने 20-22 वर्षों के अपने करियर में दो ग्रैंड स्लैम खिताब जीते और सबसे उम्रदराज विश्व नंबर-1 डबल्स खिलाड़ी बने।
- 45 वर्ष की उम्र में संन्यास लेने से पहले वे तीन बार ओलंपियन भी रहे।

## आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025

- भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने पहली बार आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 का खिताब जीता। यह टूर्नामेंट भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में 30 सितंबर से 2 नवंबर 2025 तक आयोजित हुआ।
- नवी मुंबई के डॉ. डी.वाई. पाटिल स्टेडियम में 2 नवंबर 2025 को हुए फाइनल में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराया। भारत ने 298 रन बनाए, जबकि दक्षिण अफ्रीका 246 पर सिमट गई। दीप्ति शर्मा फाइनल की स्टार रहीं, जिन्होंने 58 रन और 5 विकेट लिए।

### प्रमुख तथ्य

- **प्लेयर ऑफ द मैच:** शैफाली वर्मा
- **प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट:** दीप्ति शर्मा
- आईसीसी ने विजेता टीम को 4.48 मिलियन डॉलर (लगभग 39 करोड़ रुपये) दिए।
- बीसीसीआई ने भारतीय टीम को 51 करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार घोषित किया।
- यह टूर्नामेंट 13वां संस्करण था, जिसमें 8 टीमें शामिल हुईं। भारत ने पहली बार महिला वनडे विश्व कप जीता, ऑस्ट्रेलिया (7 खिताब), इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बाद चौथी टीम बनकर।

## खेल (To The Point)

- नागालैंड 4 नवंबर से पहली बार सीनियर महिला अंतर-क्षेत्रीय टी20 ट्रॉफी की मेज़बानी करेगा।
- केन विलियमसन ट्वेंटी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से संन्यास लिया ।
- चेन्नई ओपन 2025 WTA 250: जेनिस त्जेन ने एकल और युगल खिताब जीतकर इंडोनेशियाई इतिहास रच दिया।
- फीफा ने वार्षिक शांति पुरस्कार की शुरुआत की, जो विश्व कप ड्रॉ में दिया जाने वाला पहला पुरस्कार होगा।
- इंग्लैंड के पूर्व कप्तान डेविड बेकहम नाइट की उपाधि पाने वाले 17वें पुरुष फुटबॉलर बने।
- पारादीप फॉस्फेट्स ने राहुल द्रविड़ को ब्रांड एंबेसडर बनाया।
- अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम को 2026 के टी20 विश्व कप के फाइनल की मेजबानी के लिए चुना गया।
- भारत के अनीश भानवाला आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले पहले व्यक्तिगत पिस्टल निशानेबाज बने।
- राहुल वी.एस. ने भारत के 91वें शतरंज ग्रैंडमास्टर बनने का खिताब प्राप्त किया।
- अंकिता भक्त और धीरज बोम्मादेवरा ने भारत के लिए रिकर्व स्वर्ण पदक जीते।
- गुरप्रीत सिंह ने ISSF विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीता।
- विश्व बॉक्सिंग कप फाइनल 2025 में भारत का पहला स्वर्ण पदक मीनाक्षी हुड्डा ने जीता।
- भारत ने वर्ल्ड बॉक्सिंग महिला कप में फ़ाइनल जीता।
- इंडियन गोल्फर दीक्षा डागर ने डेफलिंपिक्स गोल्ड जीता।
- कुराकाओ ने FIFA वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफ़ाई करने वाला आबादी के हिसाब से सबसे छोटा देश बनकर इतिहास रचा।
- इंटरनेशनल स्क्वैश चैंपियनशिप 2025 का पहला एडिशन नई दिल्ली में शुरू हुआ।
- पांचवें खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स राजस्थान के 7 शहरों में शुरू हुआ।

NOT FOR SALE

- इंडियन विमेंस ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने पहला T20 वर्ल्ड कप जीतकर इतिहास रच दिया।
- मलेशिया 31वें सुल्तान अज़लान शाह कप हॉकी टूर्नामेंट को होस्ट कर रहा है।
- लक्ष्य सेन ने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 पुरुष सिंगल्स खिताब जीता।
- ICC ने रोहित शर्मा को 2026 T20 वर्ल्ड कप के लिए ब्रांड एंबेसडर बनाया।
- जावोखिर सिंडारोव 2025 FIDE वर्ल्ड कप चैंपियन बने।
- कैरेबियाई द्वीप कुराकाओ ने फीफा विश्व कप फुटबॉल के लिए क्वालीफाई किया।
- भारत ने ग्रेटर नोएडा में आयोजित वर्ल्ड बॉक्सिंग कप फाइनल्स 2025 में कुल 9 स्वर्ण पदक जीते हैं।
- इंटरनेशनल टेनिस हॉल ऑफ फेम क्लास ऑफ 2026 के लिए रोजर फेडरर को चुना गया।
- मोहम्मद लतीफ खान को मौलाना अबुल कलाम आजाद राष्ट्रीय पुरस्कार 2025 प्रदान किया गया।
- भारत पहले ब्लाइंड्स महिला क्रिकेट टी ट्वेंटी वर्ल्ड कप खिताब का विजेता बना।
- इटली में आयोजित 113वें डेविस कप का खिताब इटली ने जीता।
- अभिनव देशवाल ने टोक्यो में आयोजित डेफलिम्पिक्स में शूटिंग में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता।
- लॉस वेगास ग्रैंड प्रिक्स 2025 का खिताब मैक्स वर्स्टपेन ने जीता।
- सरयू वेलपुला, भारत की 26वीं महिला ग्रैंडमास्टर बनीं।
- 69वें नेशनल स्कूल गेम्स 2025 का आयोजन अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर में खेलो इंडिया इंडोर स्टेडियम में हुआ, जिसका उद्घाटन मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने किया। यह पहली बार है जब अरुणाचल प्रदेश ने इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता की मेजबानी की है।
- पंजाब के जालंधर के नमितबीर सिंह वालिया ने फ्रांस में तीसरे एनेमासे इंटरनेशनल मास्टर्स टूर्नामेंट में चौथा स्थान हासिल करके इंटरनेशनल मास्टर (IM) का टाइटल जीता है।
- प्रो कब्बड्डी लीग (PKL) 2025 का टाइटल , दबंग दिल्ली ने पुणेरी पलटन को फाइनल मुकाबले में 30-28 से हरा कर जीता।
- फिट इंडिया के एंबेसडर और 'पुशअप मैन ऑफ इंडिया' के नाम से विख्यात रोहताश चौधरी ने 60 पाउंड वजन के साथ एक घंटे में 847 पुश अप्स कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया।
- मिश्र के काहिरा में आयोजित विश्व चैंपियनशिप 2025 में भारतीय शूटर सम्राट राणा ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में 243.7 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता है। राणा व्यक्तिगत एयर पिस्टल विश्व खिताब जीतने वाले पहले भारतीय शूटर बने।
- मिस्र के काहिरा में आयोजित आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप 2025 में ओलंपियन निशानेबाज ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में रजत पदक जीता।
- मेघालय के आकाश कुमार चौधरी ने रणजी ट्रॉफी 2025-26 के प्लेट ग्रुप मैच में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ बल्लेबाजी करते हुए प्रथम श्रेणी क्रिकेट में केवल 11 गेंदों में अर्धशतक लगाया, जो प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अब तक का सबसे तेज अर्धशतक है। इस दौरान उन्होंने लगातार 8 गेंदों पर 8 छक्के लगाए भी लगाए।
- अक्टूबर 2025 के लिए ICC का प्लेयर ऑफ द मंथ मैन कैटेगरी में दक्षिण अफ्रीका के सीनुरान मुथुसामी को और महिलाओं की कैटेगरी में भी दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोलवर्थ को दिया गया।
- एशियाई खेलों में हैमर थ्रो में कांस्य पदक जीत चुकी मंजू बाला पर राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने डोपिंग के कारण पांच साल का प्रतिबंध लगाया है।
- बेल्जियम और नीदरलैंड, FIH Hockey World Cup 2026 की संयुक्त मेजबानी करेंगे।
- मैक्सिको ग्रां प्री फार्मूला -1 रेस का खिताब लैंडो नोरिस ने जीता।
- भारतीय ग्रैंडमास्टर डी. गुकेश और दिव्या देशमुख ने यूरोपीय शतरंज क्लब कप 2025 में दो-दो स्वर्ण पदक जीते। यह टूर्नामेंट 40वां संस्करण था, जो ग्रीस के रोड्स में आयोजित हुआ।
- गोवा के पणजी में आयोजित होने वाले फिडे चेस वर्ल्ड कप 2025 की ट्रॉफी का नाम "विश्वनाथन आनंद कप" (Viswanathan Anand Cup) रखा गया है।
- चेन्नई के 16 वर्षीय इलमपर्थी ए आर ने अक्टूबर 2025 में बोस्निया और हर्जेगोविना के बिजेलजीना ओपन टूर्नामेंट में तीसरा और अंतिम ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल कर भारत के 90वें ग्रैंडमास्टर बनने का खिताब प्राप्त किया।
- न्यूजीलैंड के महान बल्लेबाज केन विलियम्सन का टी -20 इंटरनेशनल से संन्यास की घोषणा।
- जैनिक सिनर ने 2 नवंबर 2025 को पेरिस मास्टर्स फाइनल में फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे को 6-4, 7-6 (7/4) से हराकर पहली बार यह खिताब जीता। इस जीत के साथ सिनर ने विश्व रैंकिंग में नंबर 1 का स्थान पुनः हासिल कर लिया।
- इंडोनेशिया के बाटम में नवंबर, 2025 में आयोजित 16वीं वर्ल्ड बॉडीबिल्डिंग और फिजिक स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश की वंदना ठाकुर ने महिला बॉडीबिल्डिंग में और राजस्थान के अरशान खान ने 100 किलोग्राम से अधिक वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।
- बिहार की पैरा तैराकी टीम ने हैदराबाद में आयोजित 25वीं राष्ट्रीय पैरा तैराकी चैम्पियनशिप में 8 स्वर्ण और 2 कांस्य पदक सहित कुल 10 पदक जीते।
- नई दिल्ली में आयोजित वर्ष 2025 का कोग्निवेरा इंटरनेशनल पोलो कप को भारत ने अर्जेंटीना को रोमांचक मुकाबले में 10-9 से हराकर जीता।

NOT FOR SALE

# विविध

## जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा (1-15 नवम्बर 2025)

पुरे देश में भारत सरकार द्वारा जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा 1 नवंबर से 15 नवंबर 2025 तक मनाया जा रहा है, जो भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है।

### मुख्य बिंदु

- **नेतृत्व–** जनजातीय कार्य मंत्रालय
- बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर आयोजित इस पखवाड़े का उद्देश्य जनजातीय समुदायों की विरासत, संस्कृति और स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को सम्मानित करना है।
- इस दौरान देशभर के 497 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में विभिन्न सांस्कृतिक, शैक्षिक और जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें 1.5 लाख से अधिक छात्रों के भाग लेने की उम्मीद है।
- कार्यक्रमों में पदयात्रा, विषयगत कार्यक्रम, निबंध लेखन, भाषण प्रतियोगिता, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और जनसेवा संबंधी गतिविधियाँ शामिल हैं।
- इस पखवाड़े का समापन 15 नवंबर 2025 को जनजातीय गौरव दिवस के रुप में होगा। इस दिन को जनजातीय गर्व, समावेशन और विकास के लिए पूरे वर्ष चलने वाले आंदोलन के रुप में मनाया जाता है।

### बिरसा मुंडा के बारे में

- बिरसा मुंडा एक प्रमुख आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी, धर्म सुधारक और जननायक थे, जिन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ आदिवासी विद्रोह का नेतृत्व किया।
- बिरसा का जन्म 15 नवंबर 1875 को झारखंड के खूंटी जिले के उलिहातू गांव में हुआ था। वे मुंडा जनजाति से संबंधित थे, जो छोटानागपुर पठार क्षेत्र में रहते हैं।
- बिरसा मुंडा ने आदिवासी लोगों को जागरुक किया और ब्रिटिश सरकार द्वारा लागू की गई जमींदारी व्यवस्था और भूमि के अधिकारों के हनन के खिलाफ मुंडा विद्रोह (जिसे उलगुलान या महान विप्लव कहा जाता है) का नेतृत्व किया।
- उन्होंने धार्मिक सुधार भी किए और "बिरसाइत" नामक नया धर्म स्थापित किया, जो पारंपरिक जनजातीय परंपराओं को सुधारवादी विचारों से जोड़ता था। वे शराब, तंत्र-मंत्र और जादू-टोने के खिलाफ थे और सामाजिक तथा सांस्कृतिक सुधार के लिए कार्यरत थे।
- 1895 में उन्होंने विद्रोह शुरु किया, ब्रिटिश जंगलों और ज़मींदारों की संपत्तियों पर हमला किया, और मुंडा समुदाय के लिए स्वतंत्रता का प्रयास किया।
- 1895 में पहली बार गिरफ्तार कर दो साल की सजा हुई। रिहा होने के बाद भी आंदोलन जारी रखा, लेकिन 1900 में फिर गिरफ्तार हुए और जेल में हैजा की बीमारी से उनकी मृत्यु हो गई। • बिरसा मुंडा को आदिवासी समाज में भगवान के रुप में पूजा जाता है, उन्हें "धरती आबा" (पृथ्वी के पिता) के रुप में सम्मान मिला। उनका आंदोलन आदिवासी लोगों के जल, जंगल और जमीन के अधिकारों की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण अध्याय माना जाता है।
- 1908 में "छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम" के ज़रिए उनके संघर्ष का परिणाम भी मिला, जिसमें आदिवासी भूमि को गैर-आदिवासियों को हस्तांतरण से रोका गया।

## डीएनए की डबल हेलिक्स संरचना के खोजकर्ता जेम्स डी. वॉटसन का निधन

- डीएनए की डबल हेलिक्स संरचना के सह-खोजकर्ता अमेरिकी वैज्ञानिक जेम्स डी. वॉटसन का 97 वर्ष की आयु में 6 नवम्बर 2025 को निधन हो गया।
- उन्होंने 1953 में फ्रांसिस क्रिक और मॉरिस विल्किंस के साथ मिलकर डीएनए की डबल हेलिक्स संरचना की खोज की थी, जो चिकित्सा विज्ञान, जेनेटिक्स, और अन्य वैज्ञानिक क्षेत्रों में क्रांति साबित हुई।
- उनकी इस महत्वपूर्ण खोज के लिए उन्हें 1962 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।
- डीएनए की डबल हेलिक्स संरचना की खोज के अतिरिक्त, वॉटसन ने कोल्ड स्प्रिंग हार्बर लेबोरेटरी को एक प्रमुख जैववैज्ञानिक शोध केंद्र के रुप में विकसित किया और 1988 से 1992 तक मानव जीनोम प्रोजेक्ट के निदेशक के रुप में कार्य किया, जिसमें मानव जीनोम अनुक्रमण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए।
- उन्होंने कैंसर अनुसंधान पर भी काम किया और विज्ञान के प्रचार-प्रसार के लिए कई पुस्तकें लिखीं, जिनमें "The Double Helix" उनकी आत्मकथा बहुत प्रसिद्ध हुई।

## शिव नादर, सबसे उदार दानदाता

- हुरुन इंडिया परोपकार सूची 2025 के अनुसार सबसे उदार दानदाता शिव नादर और उनका परिवार है। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 2,708 करोड़ रुपये का दान दिया, जो शिक्षा और सामाजिक विकास के क्षेत्र में मुख्य था।
- यह उनकी पांच वर्षों में चौथी बार इस सूची में शीर्ष स्थान प्राप्त करने की उपलब्धि है। शिव नादर ने प्रतिदिन औसतन 7.4 करोड़ रुपये का दान किया।

NOT FOR SALE

- दूसरे स्थान पर मुकेश अंबानी और उनका परिवार हैं, जिन्होंने 626 करोड़ रुपये दान किए, और तीसरे स्थान पर बजाज परिवार रहा जिन्होंने 446 करोड़ रुपये दान किया हैं।
- कुल 191 परोपकारी इस सूची में शामिल हैं, जिसमें कुल दान 10,380 करोड़ रुपये से अधिक है।
- महिला दानकर्ताओं में रोहिणी नीलेकणि 204 करोड़ रुपये के साथ शीर्ष पर हैं।

## राष्ट्रीय शिक्षा दिवस : 11 नवंबर

- राष्ट्रीय शिक्षा दिवस भारत में हर साल 11 नवंबर को मनाया जाता है। यह दिन देश के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है, जिनका जन्म 11 नवंबर 1888 को हुआ था।
- 2025 के लिए इस दिवस की आधिकारिक थीम है "AI and Education: Preserving Human Agency in a World of Automation" (एआई और शिक्षा: स्वचालन की दुनिया में मानवीय स्वतंत्रता का संरक्षण)। यह थीम तकनीकी प्रगति के युग में मानवीय नियंत्रण और शिक्षा के संतुलन को बनाए रखने के महत्व पर जोर देती है।
- भारत सरकार ने सितंबर 2008 में इस दिन को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में घोषित किया था।
- इस दिवस का उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में मौलाना आज़ाद के योगदान को सम्मानित करना और शिक्षा के सामाजिक और राष्ट्रीय महत्व पर जागरुकता बढ़ाना है।
- मौलाना आज़ाद ने शिक्षा को राष्ट्र निर्माण का आधार माना और स्वतंत्र भारत के शिक्षा जगत में कई महत्वपूर्ण संस्थान जैसे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC), भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IITs), साहित्य अकादमी आदि की स्थापना की।

## कल्याण सिंह नगर

### चर्चा में क्यों?

कल्याण सिंह नगर उत्तर प्रदेश का प्रस्तावित 76वां जिला है, जो अलीगढ़ और बुलंदशहर जिलों के कुछ हिस्सों—जैसे अतरौली, डिबाई और गंगीरी तहसीलों—को मिलाकर बनाया जा रहा है। इसका मुख्यालय अतरौली में प्रस्तावित है, जो पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह का गृह क्षेत्र रहा है।

### कल्याण सिंह के बारे में

- कल्याण सिंह उत्तर प्रदेश के दो बार मुख्यमंत्री रह चुके भाजपा के वरिष्ठ नेता थे, जिनका जन्म 5 जनवरी 1932 को अलीगढ़ जिले के मढ़रोली गांव में एक लोधी परिवार में हुआ था।
- वे शिक्षक से राजनीति में आए और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़कर जनसंघ के माध्यम से सक्रिय हुए। उनका निधन 21 अगस्त 2021 को लखनऊ में हुआ।
- 1962 में पहला विधानसभा चुनाव हारने के बाद 1967 में अतरौली से जनसंघ के टिकट पर जीत हासिल की।
- आपातकाल के दौरान 20-21 महीने जेल में रहे। 10 बार उत्तर प्रदेश विधानसभा के सदस्य चुने गए।
- 1977 में जनता पार्टी सरकार में स्वास्थ्य मंत्री बने।
- जून 1991 से दिसंबर 1992 तक उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में पहला कार्यकाल, जब बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद नैतिक जिम्मेदारी ले इस्तीफा दिया।
- सितंबर 1997 से नवंबर 1999 तक दूसरा मुख्यमंत्री कार्यकाल।
- 1999 में राष्ट्रीय क्रांति पार्टी बनाई, फिर 2004 में भाजपा लौटे और बुलंदशहर से सांसद बने।
- 2009 में एटा से निर्दलीय सांसद, 2014 में राजस्थान के राज्यपाल तथा थोड़े समय हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल भी रहे।
- वे राम मंदिर आंदोलन के प्रमुख नेता थे और हिंदुत्व एजेंडे को बढ़ावा दिया, जैसे स्कूलों में भारत माता आरती की शुरुआत।
- उत्तर प्रदेश में भाजपा की पहली पूर्ण बहुमत वाली सरकार उनके नेतृत्व में बनी।
- कल्याण सिंह को मरणोपरांत 2022 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया।

## कित्तूर में रानी चेन्नम्मा की विजय स्मृति में 200 का स्मारक सिक्का जारी

- भारत सरकार ने 1824 में कित्तूर में रानी चेन्नम्मा की ऐतिहासिक विजय के 200 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में उनके साहस और ब्रिटिश शासन के खिलाफ नेतृत्व को महत्त्वपूर्ण रूप से दर्शाने के लिए 200 रुपये का स्मारक सिक्का जारी किया।
- यह सिक्का केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत द्वारा दिल्ली के सिरी फोर्ट ऑडिटोरियम में एक भव्य समारोह में जारी किया गया।
- इस अवसर पर वर्ष भर चले राष्ट्रव्यापी स्मरणोत्सव का समापन भी हुआ, जिसमें रानी चेन्नम्मा की विरासत और उनके अदम्य साहस को याद किया गया।

### रानी चेनम्मा के बारे में

- रानी चेनम्मा ने कित्तूर विद्रोह का नेतृत्व किया, जब ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने 'व्यपगत के सिद्धांत' के तहत उनके दत्तक पुत्र शिवलिंगप्पा को उत्तराधिकारी मानने से इनकार कर दिया।
- रानी चेन्नम्मा ने ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ कित्तूर में प्रतिरोध का नेतृत्व किया और अपनी छोटी सेना के साथ ब्रिटिश सैनिकों को परास्त किया था।
- उन्होंने जॉन थैकेरी को हराया, लेकिन बाद में ब्रिटिशों द्वारा कैद कर ली गईं और 1829 में उनकी मृत्यु हो गई।
- उन्हें भारत की प्रथम स्वतंत्रता सेनानियों में से एक माना जाता है।

NOT FOR SALE

## 1 नवम्बर को स्थापना दिवस मनाने वाले भारतीय राज्य

1 नवंबर को आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, पंजाब और तमिलनाडु सहित आठ भारतीय राज्य अपना स्थापना दिवस मनाते हैं। इसके अलावा लक्षद्वीप, पुडुचेरी, दिल्ली, चंडीगढ़ और अंडमान-निकोबार जैसे कुछ केंद्र शासित प्रदेश भी इसी दिन अस्तित्व में आए।

### प्रमुख राज्य और तिथियाँ

- **आंध्र प्रदेश:** 1 नवंबर 1956 को राज्य पुनर्गठन अधिनियम के तहत भाषाई आधार पर गठित हुआ।
- **कर्नाटक:** 1 नवंबर 1956 को मैसूर राज्य के रूप में स्थापित, बाद में नाम बदला गया।
- **केरल:** 1 नवंबर 1956 को मद्रास और त्रावणकोर-कोचीन से गठित हुआ।
- **मध्य प्रदेश:** 1 नवंबर 1956 को मध्य भारत, विंध्य प्रदेश आदि को मिलाकर बनाया गया।
- **पंजाब:** 1 नवंबर 1966 को पंजाब पुनर्गठन अधिनियम से भाषाई आधार पर गठित।
- **हरियाणा:** 1 नवंबर 1966 को पंजाब से अलग होकर अस्तित्व में आया।
- **छत्तीसगढ़:** मूल रूप से मध्य प्रदेश का हिस्सा, 1 नवंबर 2000 को अलग राज्य बना।
- **तमिलनाडु:** 1 नवंबर 1956 को मद्रास राज्य के रूप में पुनर्गठित हुआ।
- **ये राज्य मुख्यत:** 1956 के राज्य पुनर्गठन अधिनियम से जुड़े हैं, जो भाषाई आधार पर भारत के नक्शे को बदलने का आधार बना।

## साहित्यकार प्रोफेसर रामदरश मिश्र का निधन

हिंदी के प्रसिद्ध साहित्यकार प्रोफेसर रामदरश मिश्र का 31 अक्टूबर 2025 को 101 वर्ष की आयु में दिल्ली के द्वारका में निधन हो गया।

### रामदरश मिश्र के बारे में

- रामदरश मिश्र का जन्म 15 अगस्त 1924 को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले के डुमरी गांव में हुआ था।
- उन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा प्राप्त की, गुजरात में समय बिताया और दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर रहे।
- उन्होंने कविता, कहानी, उपन्यास, यात्रा वृत्तांत, आत्मकथा, संस्मरण व आलोचना जैसी सभी विधाओं में 100 से अधिक रचनाएं लिखीं।
- उन्हें पद्म श्री सम्मान सहित हिंदी साहित्य के प्रमुख पुरस्कार मिले, और उनके कार्यों पर देश-विदेश में शोध हुए।
- उनकी गजलें जैसे 'बनाया है मैंने ये घर धीरे-धीरे' और कृतियां जैसे 'पथ के गीत', 'बैरंग बेनाम चिट्ठियां' हिंदी गजल को नई ऊंचाई प्रदान कीं।

## "द लोन लाइन्स ऑफ सोनिया एंड सन्नी" पुस्तक

- "द लोन लाइन्स ऑफ सोनिया एंड सन्नी" (The Loneliness of Sonia and Sunny) किरण देसाई द्वारा लिखित एक उपन्यास है, जो 26 सितंबर 2025 को प्रकाशित हुआ और 2025 बुकर पुरस्कार के शॉर्टलिस्ट में शामिल हुआ।
- यह कहानी दो भारतीय युवाओं सोनिया और सनी की है, जो अमेरिका में रहते हुए अकेलेपन, पारिवारिक दबावों, वर्ग, जाति और सांस्कृतिक टकराव से जूझते हैं।
- किरण देसाई 2006 के बुकर पुरस्कार विजेता हैं, जिन्होंने "द इनहेरिटेंस ऑफ लॉस" के लिए यह सम्मान प्राप्त किया।

## विविध (To The Point)

- Parasocial कैम्ब्रिज का वर्ड ऑफ द ईयर घोषित।
- अभिनेता धर्मेन्द्र देओल का 89 वर्ष की उम्र में निधन हो गया।
- जालंधर में तीन दिवसीय 34वां "गदरी बाबेयां दा मेला" 30 अक्टूबर से 1 नवंबर 2025 तक आयोजित किया गया। यह मेला ग़दर गुलाब कौर की पुण्यतिथि और ग़दर आंदोलन के संघर्ष की शताब्दी को समर्पित था।
- Dictionary.com ने 67 (सिक्स-सेवन) को 2025 का वर्ड ऑफ द ईयर घोषित किया।
- पहली नवम्बर को मणिपुर में चावांग कूट महोत्सव मनाया गया, जो कुकी-चिन-मिज़ो जनजातियों द्वारा हर साल मनाया जाने वाला प्रमुख फसल उत्सव है, जो अच्छी फसल के लिए देवताओं का आभार व्यक्त करता है।
- विश्व के सबसे बुजुर्ग ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता फ्रांस के साइकिलिस्ट चार्ल्स कोस्टे का 101 वर्ष की आयु में नवंबर 2025 में निधन हो गया।
- विश्व मधुमेह दिवस 14 नवंबर को मनाया गया, जिसका विषय "मधुमेह और कल्याण" रहा।
- पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित पर्यावरणविद् सालूमरदा थिमक्का का 114 वर्ष की उम्र में नवम्बर 2025 में निधन हो गया।
- आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले के निद्दावोलु की 17 वर्षीय कुंचला कैवल्य रेड्डी को अमेरिका के Titans Space Industries के 2029 अंतरिक्ष मिशन के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम में चुना गया है।
- रक्षा सिनेमाघरों (Defense Theatres) में रिलीज़ होने वाली पहली फिल्म फरहान अख्तर द्वारा निर्देशित'120 बहादुर' (120 Bahadur) है, जो 1962 के भारत-चीन युद्ध में रेजांग ला की लड़ाई पर आधारित है।
- "मोदी मिशन" ("Modi's Mission") पुस्तक के लेखक बर्जिस देसाई (Berjis Desai) हैं। वे एक प्रसिद्ध वकील और लेखक हैं, जिन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन, विचारों और कार्यशैली पर यह पुस्तक लिखी है। पुस्तक का विमोचन महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा मुंबई में किया गया था।

NOT FOR SALE

# COP 30

## COP 30

- COP 30 ब्राजील के बेलेम में 10-21 नवंबर, 2025 को आयोजित संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (UNFCCC) का 30वां संस्करण था। जिसका उद्देश्य वैश्विक तापमान वृद्धि को 1.5°C तक सीमित रखने के लिए ठोस कार्रवाई करना और जलवायु वित्त (Climate Finance) तथा वनों की कटाई रोकने पर समझौते करना था, जिसे 'कार्यान्वयन COP' भी कहा गया, क्योंकि यह पेरिस समझौते की प्रतिबद्धताओं पर ठोस क्रियान्वयन और प्रगति की समीक्षा पर केंद्रित है।
- बेलेम का चयन अमेज़न वर्षावन के प्रवेश द्वार के रूप में किया गया है, जो पृथ्वी के महत्वपूर्ण कार्बन सिंक और जैव विविधता का महत्वपूर्ण स्रोत है। यह स्थान अमेज़न के वनों की कटाई और भूमि उपयोग परिवर्तन की गंभीर समस्या को उजागर करता है।

### मुख्य बिंदु

- **बेलेम पैकेज:** 29 वार्तित निर्णयों का एक सेट, जो कार्यान्वयन पर केंद्रित है और जलवायु वित्त, अनुकूलन, लैंगिक समावेशन और पेरिस समझौते के लक्ष्यों को तेज करने पर जोर देता है।
- **ग्लोबल मुतीराओ समझौता:** नए लक्ष्यों के बजाय सहयोग और कार्यान्वयन पर जोर, विकसित और विकासशील देशों के बीच एक समझौता।
- **बेलेम मिशन टू 1.5:** 1.5°C लक्ष्य को बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय रूप से निर्धारित योगदान (NDCs) और राष्ट्रीय अनुकूलन योजनाओं (NAPs) के कार्यान्वयन को गति देने के लिए।
- **ट्रॉपिकल फॉरेस्ट फॉरएवर (Tropical Forest Forever) सुविधा:** $125 बिलियन का फंड, जिसका लक्ष्य 2026 से वन संरक्षण के लिए भुगतान शुरू करना है।
- **अमेज़न का मुद्दा:** ब्राजील में आयोजित होने के कारण वनों की कटाई रोकने और अमेज़ॅन के संरक्षण पर विशेष ध्यान।

### फोकस क्षेत्र

- **जलवायु वित्त:** अनुकूलन वित्त को 2035 तक तिगुना करने का राजनीतिक संकेत और सार्वजनिक-निजी निवेश की वकालत।
- **अनुकूलन:** अनुकूलन पर एक वैश्विक लक्ष्य निर्धारित करना और लचीलापन मापने के लिए संकेतकों पर चर्चा।
- **कार्यान्वयन:** महत्वाकांक्षा और कार्यान्वयन के बीच की खाई को पाटने के लिए "ग्लोबल इम्प्लीमेंटेशन एक्सेलेरेटर" (Global Implementation Accelerator) की शुरुआत।

### महत्व

- COP30 को "कार्यान्वयन कॉप" (Implementation COP) के रूप में देखा गया, जिसका उद्देश्य सिर्फ चर्चा से आगे बढ़कर वास्तविक कार्रवाई करना था, खासकर जलवायु न्याय और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से जूझ रहे कमजोर देशों के लिए।

### महत्वपूर्ण पहलें -

- **जस्ट ट्रांजिशन मैकेनिज्म (JTM):** जीवाश्म ईंधन से दूर होने वाली अर्थव्यवस्थाओं और श्रमिकों का समर्थन करने के लिए 'बेलेम एक्शन मैकेनिज्म' (BAM) अपनाया गया।
- **ग्लोबल इम्प्लीमेंटेशन ट्रैकर:** वैश्विक जलवायु लक्ष्यों की दिशा में देशों की प्रगति की निगरानी के लिए लॉन्च किया गया।
- **अनुकूलन वित्त (Adaptation Finance):** 2030 तक वित्त को तीन गुना करने का संकल्प लिया गया, लेकिन फंडिंग के स्रोत स्पष्ट नहीं थे।
- **चुनौतियाँ (Challenges):** जीवाश्म ईंधन से परिवर्तन पर आम सहमति की कमी, और ब्राजील द्वारा अमेज़न में तेल अन्वेषण की अनुमति।

## COP 30 और भारत

COP 30 (कॉप-30) में भारत की भागीदारी का नेतृत्व मुख्य रूप से केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने किया। जिसमें भारत ने जलवायु न्याय, विकसित देशों से वित्तीय मदद और 'समान, लेकिन विभेदित जिम्मेदारियों' (CBDR-RC) के सिद्धांत पर जोर दिया, साथ ही नए 'नेशनलली डिटरमिन्ड कॉन्ट्रिब्यूशन' (NDCs 3.0) प्रस्तुत करने की तैयारी की और 'लॉस एंड डैमेज फंड' जैसे तंत्रों के लिए वकालत की, जिससे वैश्विक जलवायु लक्ष्यों में भारत की सक्रिय भूमिका और नेतृत्व दिखा।

### COP 30 में भारत के मुख्य मुद्दे और भूमिका

- **न्यायसंगत परिवर्तन तंत्र (Just Transition Mechanism):** भारत ने इसकी स्थापना का स्वागत किया और इसे जलवायु कार्रवाई में समानता (Equity) और जलवायु न्याय (Climate Justice) के लिए महत्वपूर्ण बताया।
- **जलवायु वित्त (Climate Finance):** भारत ने विकसित देशों से अपने वित्तीय वादों (जैसे 100 बिलियन डॉलर) को पूरा करने और जलवायु वित्त को खरबों डॉलर तक बढ़ाने की मांग की, क्योंकि विकासशील देशों पर इसका सबसे अधिक असर पड़ रहा है।
- **NDC 3.0:** भारत ने COP 30 के अवसर पर अपने संशोधित राष्ट्रीय निर्धारित योगदान (NDCs 3.0) प्रस्तुत करने की तैयारी की, जिसमें ऊर्जा दक्षता और उत्सर्जन कटौती के नए लक्ष्य शामिल थे।
- **समान जिम्मेदारी:** भारत ने पेरिस समझौते के 'समान लेकिन विभेदित जिम्मेदारियों' (CBDR-RC) के सिद्धांत पर जोर दिया और एकतरफा व्यापार-प्रतिबंधक उपायों का विरोध किया।
- **नेतृत्व और गठबंधन:** भारत ने ब्राजील के नेतृत्व की सराहना की और ग्लोबल साउथ (विकासशील देशों) के लिए मजबूत समर्थन की वकालत की। इसने अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) और ग्लोबल बिग कैट्स अलायंस (IBCA) जैसे गठबंधनों के माध्यम से अपनी नेतृत्व भूमिका निभाई।

NOT FOR SALE

# G20 शिखर सम्मेलन 2025

### चर्चा में क्यों?

- 2025 का G20 शिखर सम्मेलन 22-23 नवंबर को दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में आयोजित किया गया था, जो अफ्रीकी महाद्वीप पर पहला G20 शिखर सम्मेलन था। इस सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया।

### मुख्य बिंदु

- अफ्रीका महाद्वीप में आयोजित इस G20 सम्मेलन की थीम "एकजुटता, समानता और स्थिरता (Solidarity, Equality, Sustainability)" थी।
- इस ऐतिहासिक सम्मेलन में अफ्रीकी महाद्वीप के लिए कई नई पहलें हुईं, जिसमें क्रिटिकल मिनरल्स फ्रेमवर्क और युवा और लैंगिक लक्ष्यों पर 'नेल्सन मंडेला बे टारगेट' को अपनाया गया।
- साथ ही 2026 में अमेरिका में होने वाले शिखर सम्मेलन के लिए ट्रोइका (ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका) की पुष्टि हुई।
- श्वेत किसानों से हो रहे दुर्व्यवहार का हवाला देते हुए अमेरिका ने दक्षिण अफ्रीका में आयोजित इस जी 20 सम्मेलन का बहिष्कार किया है।
- **मुख्य एजेंडा**
  - → आर्थिक असमानता कम करना, जलवायु वित्त, हरित संक्रमण, डिजिटल अर्थव्यवस्था, AI नियमन और स्वास्थ्य सुरक्षा पर फोकस।
  - → बहुपक्षीय सुधार, वैश्विक आर्थिक शासन मजबूत करना, और ग्लोबल साउथ की भागीदारी बढ़ाना।
  - → अफ्रीका-केंद्रित विकास, अवसंरचना, डिजिटल वित्तीय समावेशन, युवा-महिला सशक्तिकरण।
- **प्रमुख घोषणाएँ और पहलें**
  - → **क्रिटिकल मिनरल्स फ्रेमवर्क:** सतत मूल्य श्रृंखलाओं और विकासशील देशों में निवेश पर जोर।
  - → **नेल्सन मंडेला बे टारगेट:** 2030 तक युवाओं में NEET (न तो रोजगार, न शिक्षा, न प्रशिक्षण में) की दर 5% कम करने और कार्यबल में लैंगिक समानता (25%) हासिल करने का लक्ष्य।
  - → **मिशन 300 और ऊर्जा:** 2030 तक उप-सहारा अफ्रीका के 300 मिलियन लोगों को बिजली पहुंचाना; नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता तीन गुना करना।
  - → **AI और डिजिटल:** "AI फॉर अफ्रीका इनिशिएटिव" शुरु, डिजिटल कॉम्पैक्ट, डेटा गोपनीयता और नैतिक AI पर सहयोग।
  - → **वित्तीय सुधार:** G20 कॉमन फ्रेमवर्क सशक्तिकरण, ऋण स्थिरता, अफ्रीकी जोखिम प्रीमियम कम करना; IMF बोर्ड में अफ्रीका प्रतिनिधित्व बढ़ाना।
  - → **ग्लोबल साउथ पर फोकस:** यह ग्लोबल साउथ में आयोजित होने वाला लगातार चौथा शिखर सम्मेलन था, जो इस क्षेत्र की प्राथमिकताओं को दर्शाता है।
  - → **'उबंटू' दर्शन:** "मैं हूं क्योंकि हम हैं" (I am because we are) के सिद्धांत पर जोर दिया गया, जो अंतर्संबंध और मानवीय गरिमा पर आधारित है।

### सम्मेलन में भारत की प्रमुख भागीदारी

- भारत की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जोहानिसबर्ग के G 20 सम्मेलन में सक्रिय भूमिका निभाई, जिसमें समावेशी आर्थिक विकास, जलवायु लचीलापन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर सत्रों में भागीदारी शामिल थी। भारत ने ग्लोबल साउथ की नेतृत्वकारी भूमिका निभाते हुए अफ्रीका-केंद्रित विकास पर जोर दिया।
- **भारत की प्रस्तावित पहलें**
  - → मादक पदार्थ-आतंकवाद गठबंधन के खिलाफ वित्तीय ट्रैकिंग और सीमा समन्वय पर G20 पहल।
  - → वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल के लिए G20 ग्लोबल हेल्थकेयर रिस्पॉन्स टीम।
  - → महत्वपूर्ण खनिज परिपत्र पहल से आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करना और कुछ देशों पर निर्भरता कम करना।
  - → संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सुधार का समर्थन, जिसमें अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और एशिया-प्रशांत का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित हो।

### G 20 संगठन

- जी-20 (G20) एक अंतरराष्ट्रीय मंच है जिसमें 19 प्रमुख देश, यूरोपीय संघ और अफ्रीकी संघ शामिल हैं, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था के 85% जीडीपी, 75% अंतरराष्ट्रीय व्यापार और विश्व की दो-तिहाई आबादी का प्रतिनिधित्व करता है।
- यह समूह वैश्विक वित्तीय स्थिरता, जलवायु परिवर्तन, स्वास्थ्य, कृषि, ऊर्जा और सतत विकास जैसे मुद्दों पर चर्चा और सहयोग के लिए कार्य करता है।
- जी-20 की स्थापना 1999 में एशियाई वित्तीय संकट के बाद हुई थी, जब जी-7 से विस्तार कर विकासशील देशों को शामिल किया गया।
- 2008 के वैश्विक वित्तीय संकट के बाद इसे नेताओं के शिखर सम्मेलन स्तर पर अपग्रेड किया गया, और अब सालाना समिट आयोजित होते हैं।
- **सदस्य देश-** अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, दक्षिण कोरिया, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका। यूरोपीय संघ और अफ्रीकी संघ भी पूर्ण सदस्य हैं।

NOT FOR SALE

# रक्षा एवं सुरक्षा

## भारत और अमेरिका के बीच कुआलालंपुर में 10 वर्षीय रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर

भारत और अमेरिका के बीच कुआलालंपुर में 31 अक्टूबर 2025 को एक ऐतिहासिक 10 वर्षीय रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह समझौता दोनों देशों के बीच रणनीतिक और रक्षा संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### प्रमुख बिंदु

- यह समझौता रक्षा तकनीक, सूचना साझा करने, संयुक्त उत्पादन, और सैन्य सहयोग को मजबूती प्रदान करेगा।
- भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने इस समझौते ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- यह समझौता भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को गहरा करेगा और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता और सुरक्षा बनाए रखने में मदद करेगा।
- दोनों देश सैन्य तकनीक, रणनीति, और सूचना के आदान-प्रदान को बढ़ावा देंगे, जिससे संयुक्त सैन्य अभ्यास और विशेषज्ञता में वृद्धि होगी। यह पहले से मौजूद रक्षा सहयोग का विस्तार है, जो भारत-चीन संबंधों के संदर्भ में खास महत्व रखता है।

## वायु समन्वय-II

- हाल ही में भारतीय सेना ने 'वायु समन्वय-II' नामक अभ्यास किया, जिसमें रेगिस्तानी युद्ध के परिदृश्य में ड्रोन और काउंटर-ड्रोन तकनीक का परीक्षण किया गया।
- यह अभ्यास 28 से 29 अक्टूबर 2025 तक दक्षिणी कमान के तहत रेगिस्तानी क्षेत्र में हुआ, जिसका उद्देश्य भविष्य के हवाई खतरों के खिलाफ सैन्य क्षमता को मजबूत करना था।
- **उद्देश्य:** अगली पीढ़ी के युद्ध परिदृश्यों के लिए ऑपरेशनल तैयारियों का परीक्षण करना और हवाई तथा स्थलीय युद्ध तत्वों के बीच समन्वय को मजबूत करना।

### मुख्य गतिविधियाँ

- ड्रोन और काउंटर-ड्रोन सिस्टम का परीक्षण।
- ड्रोन हमलों से निपटने की रणनीति बनाना और उसका परीक्षण करना।
- स्वदेशी ड्रोन, स्वार्म ड्रोन और लेजर-आधारित काउंटर सिस्टम का उपयोग करके अभ्यास करना।
- ड्रोन स्वार्म हमले, इलेक्ट्रॉनिक जैमिंग और दुश्मन ड्रोन को गिराने की तैयारी करना।

## आई एन एस सह्याद्रि

### चर्चा में क्यों?

भारतीय नौसेना का स्वदेशी डिजाइन और निर्मित गाइडेड मिसाइल स्टेल्थ फ्रिगेट आईएनएस सह्याद्रि मलाबार 2025 बहुपक्षीय अभ्यास में हिस्सा लेने के लिए उत्तरी प्रशांत महासागर के गुआम में पहुंचा है।

### मुख्य बिंदु

- मलाबार 2025 अभ्यास में भारत के साथ अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान की नौसेनाएं भी भाग ले रही हैं।
- मलाबार अभ्यास 2025 गुआम में 10 से 18 नवंबर तक चल रहा है और यह हिंद-प्रशांत क्षेत्र की समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करने में क्वाड देशों की सामूहिक प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।
- इस अभ्यास का लक्ष्य पार्टनर देशों के बीच परिचालन समन्वय बढ़ाना, क्षेत्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करना, और सामूहिक संकल्प को मजबूत करना है।
- अभ्यास के बंदरगाह चरण में नौसैनिक योजना, संचार प्रोटोकॉल तालमेल, परिचयात्मक दौरे, और खेल कार्यक्रम शामिल हैं, जबकि समुद्री चरण में संयुक्त बेड़ा संचालन, पनडुब्बी रोधी युद्ध, तोपखाने की श्रृंखलाएं, और उड़ान अभियानों पर ध्यान दिया जाता है।

### आई एन एस सह्याद्रि के बारे में

- आईएनएस सह्याद्रि (F49) भारतीय नौसेना का स्वदेश निर्मित गाइडेड मिसाइल स्टील्थ फ्रिगेट पोत है।
- आई.एन.एस. सह्याद्रि, प्रोजेक्ट 17 (शिवालिक क्लास) के अंतर्गत मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स द्वारा निर्मित, 'आत्मनिर्भर भारत' का प्रतीक है और कई द्विपक्षीय और बहुपक्षीय नौसैनिक अभ्यासों तथा परिचालन तैनाती में सक्रिय रहा है।
- यह शिवालिक श्रेणी के फ्रिगेट्स में से एक है।इसमें कई अत्याधुनिक हथियार होते हैं, जैसे लंबी दूरी की एंटी शिप मिसाइलें, मध्यम और कम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें, और विभिन्न प्रकार की तोपें होती हैं।
- इसमें दो बहुउद्देशीय हेलीकॉप्टर भी तैनात होते हैं, जो इसकी मारक क्षमता को बढ़ाते हैं। यह जहाज 21 जुलाई 2012 को नौसेना में शामिल हुआ था।
- आईएनएस सह्याद्रि भारतीय नौसेना की ईस्टर्न फ्लीट से संबंधित है।
- इस पोत का नेतृत्व वर्तमान में कैप्टन ज्योतिन रैना कर रहे हैं, जिसमें 25 अधिकारी और 255 नौसैनिक कार्यरत हैं।

NOT FOR SALE

## ऑपरेशन व्हाइट कोल्ड्रन (Operation White Cauldron)

### चर्चा में क्यो?

ऑपरेशन व्हाइट कोल्ड्रन, भारत के राजस्व खुफिया निदेशालय (DRI) द्वारा चलाया गया एक बड़ा अभियान है, जिसमें गुजरात के वलसाड जिले की एक गुप्त फैक्ट्री को ध्वस्त किया गया। इस फैक्ट्री में अवैध रुप से अल्प्राजोलम (Alprazolam) नामक नशीली दवा का उत्पादन हो रहा था, जिसकी कीमत लगभग ₹22 करोड़ आंकी गई है।

### मुख्य बिंदु

- ऑपरेशन व्हाइट कोल्ड्रन भारत के राजस्व खुफिया निदेशालय (DRI) द्वारा चलाया गया एक राष्ट्रव्यापी एंटी-नारकोटिक्स अभियान है।
- इसका लक्ष्य साइकोट्रोपिक पदार्थो, खासकर अल्प्राजोलम नामक नशीली दवा का अवैध निर्माण करने वाली फैक्ट्रियों की पहचान कर उन्हें ध्वस्त करना है।
- गुजरात के वलसाड़ जिले में एक गुप्त फैक्ट्री पर छापा मारा गया, जिसमें बड़ी मात्रा में तैयार अल्प्राजोलम, आधा तैयार दवा, कच्चा माल, और औद्योगिक उपकरण जब्त किए गए।इस ऑपरेशन में 9.55 किलो तैयार अल्प्राजोलम, 104.15 किलो अधूरा अल्प्राजोलम और 431 किलो कच्चा माल जब्त हुआ।
- अल्प्राजोलम मुख्यतः चिंता और घबराहट के इलाज में प्रयोग होती है, लेकिन इसका गलत उपयोग और अवैध उत्पादन खतरनाक माना जाता है।
- यह कार्रवाई NDPS Act, 1985 के तहत की गई, जो मादक और साइकोट्रोपिक पदार्थों के नियंत्रण से संबंधित कानून है।

## मित्र शक्ति XI-2025

भारत और श्रीलंका की सेनाओं के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास "मित्र शक्ति XI-2025" कर्नाटक के बेलगावी स्थित फॉरेन ट्रेनिंग नोड में 10 नवंबर 2025 से शुरु हुआ है और यह 23 नवंबर 2025 तक चलेगा।

### मुख्य बिंदु

- "मित्र शक्ति XI-2025" अभ्यास दोनों देशों की सेनाओं के बीच संचालनात्मक तालमेल और अंतर-संचालन (interoperability) बढ़ाने के लिए आयोजित किया जा रहा है, जिससे वे संयुक्त राष्ट्र के अध्याय VII के तहत उप-पारंपरिक युद्ध जैसे आतंकवाद-रोधी अभियानों में बेहतर रुप से कार्य कर सकें।
- इसमें भारतीय सेना के लगभग 170 सैनिक (मुख्य रुप से राजपूत रेजिमेंट से) और श्रीलंकाई सेना के 135 सैनिक (गजाबा रेजिमेंट से) भाग ले रहे हैं, साथ ही दोनों देशों की वायु सेनाओं के लगभग 30 कर्मी भी शामिल हैं।
- अभ्यास का मुख्य उद्देश्य आतंकवाद-रोधी अभियानों, मानवतावादी सहायता, आपदा प्रबंधन और संयुक्त राष्ट्र के शांति अभियानों के संदर्भ में दोनों सेनाओं की युद्ध क्षमताओं और संयुक्त रणनीतियों को निखारना तथा क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और स्थिरता को बढ़ावा देना है।
- इस अभ्यास के दौरान रेड, सर्च एंड डेस्ट्रॉय मिशन, हेलिबोर्न ऑपरेशन्स, ड्रोन और काउंटर-अनमैन्ड एरियल सिस्टम (C-UAS) के उपयोग के साथ ही हेलिपैड सुरक्षा और घायल निकासी के संयुक्त अभ्यास भी होंगे।
- यह अभ्यास दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग, मित्रता और पारस्परिक विश्वास को गहराई देने के उद्देश्य से 2013 में शुरु हुआ था।

## ओशन स्काई 2025" में भारत की भागीदारी

"ओशन स्काई 2025" स्पेनिश वायु सेना द्वारा आयोजित एक बहुराष्ट्रीय वायु युद्ध अभ्यास था, जिसमें भारतीय वायु सेना (IAF) ने एक गैर-नाटो देश के रूप में पहली बार भाग लिया। यह अभ्यास 20 से 31 अक्टूबर, 2025 तक गैंडो एयर बेस, ग्रैन कैनारिया में आयोजित हुआ था।

### प्रमुख बिंदु

- **भारत की भागीदारी:** भारतीय वायु सेना ने चार Su-30MKI लड़ाकू विमानों और 96 सदस्यीय दल के साथ इस अभ्यास में भाग लिया, और गैर-नाटो देशों में से भाग लेने वाला पहला देश बन गया।
- **अन्य प्रतिभागी:** इस अभ्यास में अमेरिका, जर्मनी, ग्रीस और पुर्तगाल सहित कई नाटो देशों की सेनाएं भी शामिल थीं।
- **उद्देश्य:** अभ्यास का मुख्य उद्देश्य साझा संचालन क्षमता, हवाई युद्ध कौशल को बढ़ाना और मित्र देशों के साथ रक्षा सहयोग को मजबूत करना था।

## आई एन एस सावित्री का मोज़ाम्बिक यात्रा

आईएनएस सावित्री, भारतीय नौसेना का अपतटीय गश्ती पोत (ऑफशोर पेट्रोल पोत), 10 नवंबर 2025 को मोज़ाम्बिक के पोर्ट बेइरा पहुंचा।

### प्रमुख बिंदु

- आई एन एस सावित्री के इस यात्रा के दौरान दोनों देशों की नौसेना कर्मी संयुक्त प्रशिक्षण और व्यावसायिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं, जिनमें नेविगेशन प्रशिक्षण, विशेष आर्थिक क्षेत्र की निगरानी, विज़िट, बोर्ड, सर्च एंड सीज़र (VBSS) ड्रिल्स, क्षति नियंत्रण, और आग बुझाने के अभ्यास शामिल हैं।
- इसके अलावा, स्थानीय समुदाय के लिए निःशुल्क मेडिकल कैम्प, यौगिक सत्र और मैत्रीपूर्ण फुटसाल मैच जैसी सामुदायिक और सांस्कृतिक गतिविधियां भी आयोजित की गईं।
- यह यात्रा भारत की समुद्री नीति "सागर" (SAGAR - Security and Growth for All in the Region) को मजबूत करती है और भारत की इस क्षेत्र में "पसंदीदा सुरक्षा साझेदार" की भूमिका की पुष्टि करती है।
- इसका उद्देश्य हिंद महासागर क्षेत्र में शांति, स्थिरता और विकास को बढ़ावा देना है, साथ ही समुद्री कूटनीति, क्षमता निर्माण, प्रशिक्षण, और मानवीय सहयोग को प्रोत्साहित करना है।

NOT FOR SALE

### मोज़ाम्बिक के बारे में

- मोज़ाम्बिक दक्षिणपूर्वी अफ़्रीका में स्थित एक देश है जो पूर्व में हिन्द महासागर से, उत्तर में तंज़ानिया से, पश्चिमोत्तर में मालावी और ज़ाम्बिया से. पश्चिम में ज़िम्बाब्वे से और दक्षिण में एस्वातिनी और दक्षिण अफ़्रीका से घिरा हुआ है।
- इसकी राजधानी मापुतो है और यहां की मुद्रा मैटिकल है।
- डैनियल चापो, वर्तमान में मोज़ाम्बिक के राष्ट्रपति हैं।

## आयनी एयरबेस (Ayni Airbase)

"आयनी एयरबेस" ताजिकिस्तान में स्थित भारत का मध्य एशिया में एकमात्र पूर्ण विकसित विदेशी सैन्य एयरबेस था। जिसे हाल ही में भारत द्वारा पूर्णतः खाली की जाने की जानकारी खबरों में आयी।

### मुख्य बिंदु

- आयनी एयरबेस सोवियत काल में बनाया गया था और बाद में भारत ने 2002 से लगभग 80 मिलियन डॉलर का निवेश करके इसे उन्नत किया था, जिसमें एक 3,200 मीटर लंबा रनवे, हैंगर, ईंधन डिपो, और एयर ट्रैफिक कंट्रोल शामिल थे।
- आयनी एयरबेस ताजिकिस्तान की राजधानी दुशांबे से लगभग 10 किलोमीटर पश्चिम में और अफगानिस्तान के वाखान कॉरिडोर से लगभग 20 किलोमीटर दूर स्थित था, जो पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (PoK) और चीन के शिनजियांग प्रांत की सीमाओं के निकट था।
- आयनी एयरबेस पर लगभग 200 भारतीय सैन्यकर्मी और सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान तैनात थे, और यह बेस भारत की ऊर्जा सुरक्षा, आतंकवाद-रोधी अभियानों और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए भी महत्वपूर्ण था।
- इस एयरबेस का प्रयोग मुख्य रूप से तालिबान के विरुद्ध उत्तरी गठबंधन को भारत के समर्थन के दौरान रसद और हवाई सहायता प्रदान करने में हुआ था। 2021 में तालिबान की अफगानिस्तान में वापसी के बाद, भारत ने इसी एयरबेस का उपयोग अपने नागरिकों और अधिकारियों को सुरक्षित रूप से निकालने के लिए किया था।

### भारत की वापसी का कारण व इसका प्रभाव

- ताजिकिस्तान सरकार ने रूस और चीन के बढ़ते दबाव के कारण इस एयरबेस की लीज़ को आगे बढ़ाने में रुचि नहीं दिखाई, जिसके चलते भारत ने 2022 में इस एयरबेस से अपना संचालन बंद कर दिया और अपने कर्मियों तथा संसाधनों को वापस ले लिया।
- इस वापसी से भारत की मध्य एशिया में रणनीतिक पहुंच और "कनेक्ट सेंट्रल एशिया" नीति पर प्रभाव पड़ा है, खासकर तब जब चीन और रूस इस क्षेत्र में अपनी मौजूदगी बढ़ा रहे हैं।

## "विनवैक्स 2025" (VINBAX 2025)

भारत और वियतनाम के बीच 6वें संयुक्त सैन्य अभ्यास "विनवैक्स 2025" (VINBAX 2025) का उद्घाटन 11 नवंबर 2025 को वियतनाम की राजधानी हनोई में राष्ट्रीय सैन्य प्रशिक्षण केंद्र 4 में हुआ। इस अभ्यास का आयोजन 11 से 27 नवंबर 2025 तक 18 दिन तक चलेगा, जिसमें भारतीय सेना और वियतनाम पीपुल्स आर्मी के लगभग 300 सैनिक भाग ले रहे हैं।

### मुख्य बिंदु

- यह अभ्यास दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत करने, संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में अंतर-संचालन क्षमता बढ़ाने, और इंजीनियरिंग, चिकित्सा सहायता तथा खोज और बचाव (SAR) मिशनों में अनुभव साझा करने के लिए आयोजित किया जाता है।
- VINBAX अभ्यास का यह संस्करण भारत और वियतनाम के बीच चौथा क्षेत्र-आधारित अभ्यास है। इसका पहला संस्करण 2018 में जबलपुर, मध्य प्रदेश (MP) में आयोजित किया गया था। इसका गठन भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी के हिस्से के रूप में और वियतनाम के साथ संबंधों को मजबूत करने के लिए किया गया था।
- इसका प्रमुख उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों के लिए प्रशिक्षित होकर आधुनिक युद्ध स्थितियों में बेहतर सहयोग और सैन्य क्षमताओं का निर्वहन करना है।
- इस अभ्यास के दौरान प्रतिभागी कक्षा सत्रों के साथ-साथ व्यावहारिक फील्ड ड्रिल, ट्राइएज, उन्नत आघात देखभाल, मानवीय वायु निकासी और ड्रोन संचालन का प्रशिक्षण लेते हैं।
- इस अभ्यास के जरिए दोनों देशों के बीच मैत्री, रणनीतिक साझेदारी और रक्षा सहयोग को और अधिक गहरा किया जाता है।

### वियतनाम के बारे में

- वियतनाम दक्षिण-पूर्व एशिया में हिन्दचीन प्रायद्वीप के पूर्वी भाग में स्थित एक देश है। इसके पड़ोसी देश चीन, लाओस और कंबोडिया हैं, और इसके पूर्व में दक्षिण चीन सागर है।
- इसकी राजधानी हनोई है, और सबसे बड़ा शहर हो ची मिन्ह सिटी है।
- वियतनाम की आधिकारिक भाषा वियतनामी है, और इसकी मुद्रा वियतनामी डाँग है।
- **वर्तमान में प्रधानमंत्री (PM) –** फाम मिन्ह चिन

## त्रि-सेवा सैन्य अभ्यास "त्रिशूल 2025"

अक्टूबर-नवंबर 2025 में भारतीय सुरक्षा बलों ने राजस्थान, गुजरात और उत्तरी अरब सागर के व्यापक क्षेत्र में त्रि-सेवा सैन्य अभ्यास "त्रिशूल 2025" सफलतापूर्वक आयोजित किया। इस अभ्यास में भारतीय नौसेना के नेतृत्व में थल सेना और वायु सेना ने सक्रिय भागीदारी निभाई, जिसमें धरती से आकाश तक की मारक क्षमता का जोरदार प्रदर्शन किया गया।

### मुख्य बिंदु

- त्रिशूल 2025 में इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर, साइबर युद्ध, ड्रोन और एंटी-ड्रोन तकनीक के साथ-साथ इंटेलिजेंस, सर्विलांस और एयर डिफेंस कंट्रोल में संयुक्त ऑपरेशंस किए गए।
- इसमें थल, जल और वायु के साथ-साथ साइबर और डिजिटल क्षेत्रों में भी सेनाओं की संयुक्त ताकत का परीक्षण हुआ।
- भारतीय नौसेना, सेना, वायु सेना के प्रमुख युद्धक उपकरणों और स्वदेशी प्रणालियों का कुशल उपयोग करते हुए विभिन्न मिशनों जैसे उभयचर अभियान, विमानवाहक पोत आधारित संचालन, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध और संयुक्त ISR (सूचना, निगरानी और टोही) प्रक्रियाओं का अभ्यास किया गया।

NOT FOR SALE

- इस अभ्यास ने तीनों सेनाओं के बीच तालमेल और नेटवर्क आधारित कमांड, नियंत्रण प्रणालियों की दक्षता बढ़ाई है। साथ ही, भारतीय तटरक्षक बल, सीमा सुरक्षा बल और अन्य केंद्रीय एजेंसियों ने भी इसमें भाग लेकर समन्वय को प्रबल किया।
- त्रिशूल 2025 राष्ट्रीय सुरक्षा में भारत की बहु-क्षेत्रीय, बहु-क्षेत्रीय युद्धक क्षमता और आत्मनिर्भर रक्षा तकनीकों को साबित करता है, जिससे भारत की सामरिक ताकत में वृद्धि होती है और भविष्य की युद्ध रणनीतियों के लिए तैयारियों को नई ऊंचाई मिलती है।
- त्रिसेवा अभ्यास त्रिशूल के तहत् ही भारतीय सेना द्वारा गुजरात के रण और क्रीक सेक्टर में ब्रम्हशिरा अभ्यास भी किया गया।

## न्योमा एयरबेस

### चर्चा में क्यों?

भारत ने लद्दाख के न्योमा में अपना नवीनतम और सबसे ऊँचा लड़ाकू विमान-सक्षम (Fighter-Capable) एयरबेस का उद्घाटन 12 नवंबर 2025 को किया है। इस एयरबेस का निर्माण सीमा सड़क संगठन (BRO) द्वारा किया गया है और इसे भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए. पी. सिंह ने उद्घाटित किया।

### मुख्य बिंदु

- न्योमा एयरबेस समुद्र तल से 13,700 फीट की ऊंचाई पर स्थित है और 2.7 किलोमीटर लंबे रनवे के साथ फाइटर जेट, C-130J ट्रांसपोर्ट विमान और हेलिकॉप्टरों के संचालन में सक्षम है।
- यह एयरबेस चीन की सीमा से लगभग 23 किलोमीटर दूर पूर्वी लद्दाख में है और भारत की उत्तरी सीमा पर वायु शक्ति को काफी बल प्रदान करता है।
- इसका निर्माण सीमा पर सैन्य और नागरिक लॉजिस्टिक्स की तेजी और सटीकता से तैनाती के लिए किया गया है।
- न्योमा एयरबेस से भारतीय वायुसेना की त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता, हवाई निगरानी, और हवाई गोला-बारूद प्रक्षेपण में वृद्धि हुई है, जिससे यह क्षेत्र में रणनीतिक महत्व रखता है।
- इस एयरबेस की परियोजना 2020 में भारत-चीन सीमा तनाव के बाद शुरू हुई थी और इसे महिला अधिकारियों के नेतृत्व में BRO ने पूरा किया। इसकी कुल लागत लगभग ₹218 करोड़ है।

## युद्धाभ्यास "गरुड़-2025"

- गरुड़-2025 भारत और फ्रांस के बीच एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय संयुक्त वायु युद्धाभ्यास है, जो 16 से 27 नवंबर 2025 तक फ्रांस के मोंट-डे-मार्सन एयर बेस पर आयोजित किया जा रहा है।
- यह अभ्यास दोनों देशों की वायु सेनाओं के बीच परिचालनात्मक संपर्क, पारस्परिक प्रशिक्षण और बेहतर अंतर-संचालन को बढ़ावा देने के लिए होता है।
- इसमें भारतीय वायुसेना के छह Su-30MKI लड़ाकू विमानों के साथ IL-78 रिफ्यूलर्स और C-17 ग्लोबमास्टर्स द्वारा सहायता प्रदान की जाती है, जबकि फ्रांस की ओर से राफेल और अन्य बहुउद्देशीय लड़ाकू विमान शामिल होते हैं।
- अभ्यास का मुख्य फोकस हवा से हवा में युद्ध, वायु रक्षा मिशन, संयुक्त हमला संचालन और रणनीति, तकनीक एवं प्रक्रियाओं का परिष्कार करना है।
- अभ्यास के दौरान दोनों पक्ष आपसी परिचालन क्षमताओं में सुधार करते हैं, सामरिक नीतियों और प्रक्रियाओं में तालमेल बढ़ाते हैं, और आधुनिक विमान तकनीक के साथ अभ्यास करते हैं। यह अभ्यास रणनीतिक साझेदारी, तकनीकी सहयोग और सामरिक क्षमता के विकास का एक महत्वपूर्ण माध्यम है।

## परमाणु ऊर्जा से संचालित बुरेवेस्तनिक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण

- रूस ने अपनी परमाणु ऊर्जा से संचालित ब्यूरेवेस्तानिक (Burevestnik) क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण किया है।
- यह मिसाइल लगभग 14,000 किलोमीटर की दूरी तक उड़ान भर सकती है और लगभग 15 घंटे तक हवा में रही। इसे असीमित रेंज वाली मिसाइल कहा जाता है, क्योंकि इसमें पारंपरिक ईंधन की जगह छोटा परमाणु रिएक्टर होता है जो इसे अनंत दूरी तय करने में सक्षम बनाता है।
- यह मिसाइल परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है और रूस ने इसकी तैनाती के लिए बुनियादी ढाँचा तैयार करने के निर्देश दिए हैं।
- ब्यूरेवेस्तानिक मिसाइल की खासियत है कि यह कम ऊंचाई पर उड़ती है और मिसाइल डिफेंस सिस्टम को धोखा देकर हमला कर सकती है।
- इसके परमाणु प्रोपल्शन के कारण इसकी सीमा असीमित है, जिससे यह हफ्तों या महीनों तक उड़ान भर सकती है, जो सामान्य क्रूज मिसाइलों से अलग है।
- पहली बार इस मिसाइल का सार्वजनिक प्रदर्शन 2018 में किया गया था, और 2025 में इसका सफल परीक्षण किया गया।
- इस मिसाइल का नाम 9M730 बुरेवेस्तनिक है और इसके लिए नाटो का नाम SSC-X-9 Skyfall है। यह रूस के सुपर हथियारों में से एक है, जिसे अमेरिका की मिसाइल डिफेंस प्रणाली के जवाब के रूप में विकसित किया गया है।
- परीक्षण के दौरान मिसाइल ने नोवा जिरिया टेस्ट साइट से उड़ान भरी और यह यूक्रेन में युद्ध के बीच रूस की सैन्य तकनीकी क्षमता का भी प्रदर्शन माना गया है।

## घोस्ट जेलीफिश" ड्रोन

चीन ने "घोस्ट जेलीफिश" (Ghost Jellyfish) नामक पानी के नीचे चलने वाला ड्रोन विकसित किया है। यह ड्रोन असली जेलीफिश की तरह दिखता और तैरता है, जिससे यह समुद्री निगरानी के लिए आदर्श है।

### मुख्य विशेषताएं

- यह ड्रोन अत्यंत हल्का (केवल 56 ग्राम) है और कम ऊर्जा पर लंबे समय तक पानी के अंदर चुपचाप काम कर सकता है।

NOT FOR SALE

- जेलीफिश जैसी बायोनिक डिजाइन के कारण यह दुश्मन रडार या निगरानी से बच सकता है, मुख्यतः जासूसी और समुद्री पर्यावरण की निगरानी के लिए उपयोगी।
- इसे फैंटम (Phantom) रोबोट के रूप में भी जाना जाता है, जो पानी के नीचे गुप्त ऑपरेशन के लिए तैयार किया गया।
- यह नवीनतम समुद्री तकनीक का हिस्सा है, जिसमें अन्य ड्रोन जैसे फेयी भी शामिल हैं जो पानी और हवा दोनों में काम करते हैं।

## भारत और यूरोपीय संघ के बीच ड्रोन-आधारित पहला संयुक्त आतंकवाद-रोधी अभ्यास

- भारत और यूरोपीय संघ ने 13 से 15 अक्टूबर 2025 तक हरियाणा के मानेसर, गुरुग्राम में ड्रोन-आधारित पहला संयुक्त आतंकवाद-रोधी अभ्यास किया।
- यह तीन दिवसीय प्रशिक्षण ड्रोन (मानव रहित हवाई प्रणालियों) से उत्पन्न खतरों के खिलाफ महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे और आसान लक्ष्यों की सुरक्षा पर केंद्रित था।
- इसमें उन्नत ड्रोन और काउंटर-ड्रोन क्षमताओं का उपयोग कर सामरिक व तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया, जो अंतर-संचालन को मजबूत करने के लिए संयुक्त अभ्यास के साथ समाप्त हुआ।
- भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) ने अपने परिचालन अनुभव के साथ नेतृत्व किया, जबकि यूरोपीय संघ के उच्च जोखिम सुरक्षा नेटवर्क (एचआरएसएन) ने 21 सदस्य देशों की 28 इकाइयों से विशेषज्ञों को शामिल किया।
- इसमें शहरी वातावरण में ड्रोन रणनीतियों पर विशेष बल प्रशिक्षण और सिमुलेशन अभ्यास आयोजित किए गए।
- यह अभ्यास ईएसडब्ल्यूएआईएच (दक्षिण एशिया और हिंद-प्रशांत में सुरक्षा सहयोग बढ़ाना) परियोजना के तहत आयोजित हुआ, जो फरवरी 2024 की भारत-ईयू ट्रैक 1.5 गोलमेज का अनुवर्ती है।
- इससे भारत-ईयू आतंकवाद-रोधी सहयोग वार्ता से कार्रवाई की ओर बढ़ा, खासकर हाइब्रिड रणनीतियों में ड्रोन खतरों से निपटने के लिए।

## आईएनएस इक्षक (INS Ikshak) का जलावतरण

एसवीएल (Survey Vessel Large) श्रेणी के तीसरे जहाज आईएनएस इक्षक (INS Ikshak) का जलावतरण 6 नवंबर 2025 को कोच्चि नौसैनिक अड्डे पर भारतीय नौसेना में किया गया, जो भारत की समुद्री सर्वेक्षण क्षमताओं और आत्मनिर्भरता को बढ़ाने वाला एक स्वदेशी पोत है, जो हाइड्रोग्राफिक डेटा इकट्ठा करने, नेविगेशन चार्ट बनाने और आपातकालीन मानवीय सहायता प्रदान करने में सक्षम है, साथ ही महिला अधिकारियों के लिए आवास वाला पहला एसवीएल जहाज भी है।

### मुख्य बिंदु

- कोच्चि में भारतीय नौसेना के प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी की उपस्थिति में सर्वे वेसल लार्ज (SVL) परियोजना का तीसरा जहाज आईएनएस इक्षक का जलावतरण किया गया, जिसका उद्देश्य पुराने सर्वेक्षण जहाजों को बदलना है।
- इसका निर्माण गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (GRSE), कोलकाता (80% से अधिक स्वदेशी सामग्री) द्वारा किया गया।
- इसमें अत्याधुनिक हाइड्रोग्राफिक उपकरण, AUVs, ROVs, हेलीकॉप्टर डेक, दोहरी भूमिका क्षमता (सर्वेक्षण और HADR) आदि विशेषताएं मौजूद हैं।
- यह "आत्मनिर्भर भारत" का प्रतीक, समुद्री सुरक्षा और नेविगेशन डेटा में वृद्धि के साथ ही महिला अधिकारियों के लिए विशेष आवास वाला पहला SVL जहाज।
- बंदरगाहों और गहरे समुद्र का सर्वेक्षण, समुद्री सुरक्षा को मजबूत करना, मानवीय सहायता और आपदा राहत (HADR) आदि प्रदान करना है।
- "इक्षक" नाम का अर्थ संस्कृत में "मार्गदर्शक" है, जो समुद्रों का नक्शा बनाने और सुरक्षित मार्ग खोजने के इसके कार्य को दर्शाता है।

## ऑपरेशन वीड आउट (Operation Weed Out)

### चर्चा में क्यों?

ऑपरेशन वीड आउट के तहत् मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 3 नवंबर 2025 को 42.34 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक वीड जब्त की गई, जिसकी कीमत 42 करोड़ रुपये है।

### मुख्य बिंदु

- ऑपरेशन वीड आउट (Operation Weed Out) भारत के राजस्व खुफिया निदेशालय (DRI) द्वारा चलाया जा रहा अखिल भारतीय अभियान है, जिसका उद्देश्य हाइड्रोपोनिक वीड (उच्च गुणवत्ता वाली कैनाबिस) की तस्करी पर अंकुश लगाना है।
- यह अभियान मुख्य रुप से बैंकॉक से भारत आने वाले यात्रियों के माध्यम से तस्करी होने वाले नशीले पदार्थों को लक्षित करता है।
- इससे पहले सितंबर 2025 में मुंबई एयरपोर्ट से 39.2 किलोग्राम वीड पकड़ा गया और तीन गिरफ्तारियां हुई थीं।
- अब तक इस अभियान के तहत कुल 292.9 किलोग्राम से अधिक हाइड्रोपोनिक वीड जब्त, जिसमें भोपाल रेलवे स्टेशन जैसी जगहें भी शामिल हैं।

### पृष्ठभूमि

- हाइड्रोपोनिक वीड मिट्टी के बजाय जल-आधारित पोषक विलयन में उगाई जाने वाली कैनाबिस है, जिसे खाद्य पैकेट्स में छिपाकर तस्करी की जाती है।
- DRI ने NDPS एक्ट 1985 के तहत कई गिरफ्तारियां की हैं, जिसमें वित्तपोषक और सरगना भी शामिल हैं। यह अभियान ड्रग सिंडिकेट्स को ध्वस्त करने और नशा मुक्त भारत के लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण है।

## पूर्वी प्रचंड प्रहार (Poorvi Prachand Prahar)

- पूर्वी प्रचंड प्रहार, भारतीय थलसेना, वायुसेना और नौसेना का त्रि-सेवा संयुक्त अभ्यास है, जो अरुणाचल प्रदेश के मेचुका क्षेत्र में नवंबर 2025 में आयोजित हुआ।

NOT FOR SALE

- यह अभ्यास उच्च-ऊंचाई वाले दुर्गम इलाकों में संयुक्त युद्ध क्षमताओं, तालमेल और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयारी को मजबूत करने पर केंद्रित रहा।
- यह 'भाला प्रहार' (2023) और 'पूर्वी प्रहार' (2024) की निरंतरता है, जो भारत की सीमा सुरक्षा प्रतिबद्धता को मजबूत करता है, विशेषकर चीन सीमा पर।

### मुख्य उद्देश्य

- विशेष बलों, मानवरहित प्लेटफॉर्म्स, सटीक हथियार प्रणालियों और नेटवर्क-आधारित कमांड स्ट्रक्चर की दक्षता का मूल्यांकन।
- नई तकनीकों, संशोधित प्रक्रियाओं और वास्तविक समय निर्णय लेने की क्षमता को परखना, जिससे युद्धक चपलता बढ़े।
- दुर्गम पहाड़ी रास्तों, नदी पार करने जैसे मुश्किल मिशनों में तालमेल का प्रदर्शन।

## युद्धाभ्यास अजय वॉरियर 2025

अजय वॉरियर 2025 भारत-ब्रिटेन का आठवां द्विपक्षीय संयुक्त सैन्य अभ्यास रहा, जो राजस्थान के बिकानेर स्थित महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में 17 से 30 नवंबर 2025 तक चला। यह संयुक्त राष्ट्र जनादेश के तहत शहरी-अर्ध-शहरी क्षेत्रों में आतंकवाद-रोधी अभियानों पर केंद्रित रहा।

### मुख्य बिंदु

- **भागीदारी:** 240 सैनिकों ने हिस्सा लिया; भारत की सिख रेजिमेंट और ब्रिटेन की 2nd बटालियन रॉयल गोरखा राइफल्स।
- **उद्देश्य:** सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान, सामरिक समन्वय बढ़ाना, जटिल परिस्थितियों में संयुक्त क्षमता विकसित करना।
- **गतिविधियां:** ब्रिगेड-स्तरीय मिशन योजना, सिमुलेशन प्रशिक्षण, फायरिंग ड्रिल, हेलिबोर्न ऑपरेशन, IED निष्क्रियण, ड्रोन हमले, शहरी युद्ध अभ्यास, योग और बैटल ऑब्स्टेकल कोर्स।
- **फोकस क्षेत्र:** आतंकवाद विरोधी अभियान (काउंटर-टेररिज्म), उच्च तीव्रता वाली लड़ाई (हाई-इंटेंसिटी बैटल), बहुक्षेत्रीय अभियान (मल्टीडोमेन ऑपरेशन), परस्पर संचालन क्षमता।
- **महत्व:** 2011 से द्विवार्षिक अभ्यास; वैश्विक शांति मिशनों के लिए सहयोग मजबूत करता है।
- इस अभ्यास ने दोनों सेनाओं की इंटरऑपरेबिलिटी और प्रतिक्रिया क्षमता बढ़ाई।

## चाणक्य रक्षा संवाद 2025

चाणक्य रक्षा संवाद 2025 भारतीय सेना द्वारा सेंटर फॉर लैंड वॉरफेयर स्टडीज (CLAWS) के सहयोग से 27-28 नवंबर 2025 को नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में आयोजित तीसरा वार्षिक सम्मेलन रहा।

### मुख्य थीम और उद्देश्य

- सम्मेलन की थीम "रूपांतरण के लिए सुधार (Reform to Transform) — सशक्त, सुरक्षित और विकसित भारत" रही, जो भारत की बदलती सुरक्षा चुनौतियों और रक्षा रणनीति के रूपांतरण पर केंद्रित था। इसमें सैन्य नेतृत्व, रणनीतिक विशेषज्ञ, राजनयिक, शिक्षाविद, युवा और निजी क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

### मुख्य बिंदु

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 27 नवंबर को इसका उद्घाटन किया।
- सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने 2047 तक की तीन चरणीय रोडमैप घोषित की, जिसमें पुनर्गठन, तकनीकी समेकन, डिजिटलाइजेशन और आत्मनिर्भर सेना पर जोर दिया गया।
- पूर्व-कार्यक्रम के रुप में युवा नेता मंच "वीर युवा" आयोजित हुआ, जो राष्ट्रीय सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने पर केंद्रित था।
